डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 21.09.2020 से 27.09.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-38 ▶ मूल्य ₹10.00

महिलाओं के विरुद्ध हिंसा और अपराध नहीं किया जायेगा सहन

मध्यप्रदेश को सुपोषित और समृद्ध बनाने के लिये हूँ प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री

"मध्यप्रदेश में सभी वर्गों के कल्याण के लिये काम किया जा रहा है। प्रदेश में बालिकाओं और महिलाओं के विरुद्ध अपराध सहन नहीं किया जायेगा। मैं मध्यप्रदेश को सुपोषित और समृद्ध बनाने के लिये प्रतिबद्ध हूँ। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश में 8 लाख बच्चों को दूध वितरण कर राज्यव्यापी पोषण महोत्सव का शुभारंभ करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल प्रदेश ही नहीं पूरे देश के लिये आनंद और प्रसन्नता का अवसर है कि लोकप्रिय जननायक और देशवासियों की आशा के केंद्र हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस है।"

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान पोषण महोत्सव में स्व-सहायता समूह कार्यकर्ताओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गौरवशाली, शक्तिशाली और वैभवशाली भारत के निर्माता हैं। उन्होंने जो भी कार्य किया वह पूरी तन्मयता और दूरदृष्टि के साथ किया। देश की सीमाओं की रक्षा हो, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की संकल्पना हो या गरीबों के कल्याण और विकास के लिये चलायी जाने वाली योजनाएं, प्रधानमंत्री की दक्ष नेतृत्व क्षमता हर गतिविधि में परिलक्षित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों की चिंता करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री के जन्मदिन से राज्य सरकार ने गरीब कल्याण सप्ताह के अंतर्गत जन-जन की भलाई के कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया है।

श्री चौहान ने कहा कि पोषण प्रबंधन रणनीति के माध्यम से पोषण सरकार पर कार्य करना आरंभ किया जा रहा है। हमारा यह मानना है कि कुपोषण मुक्ति की लड़ाई में समाज का साथ मिलना जरूरी है। इसके लिये हर गांव में अन्नपूर्णा पंचायत बनाई जाएगी। जिसमें पंचायत, नगरीय निकाय, स्व-सहायता समूह, स्कूल प्रबंधन समिति सहित अन्य लोगों को जोड़ा जाएगा। पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर निगरानी रखना पंचायत का काम होगा। श्री चौहान ने प्रत्येक गांव में पोषण मटके रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी में रखे इन मटकों में सक्षम परिवारों के सहयोग से फल, सब्जी, अनाज आदि एकत्र किया जाएगा। कमजोर बच्चों एवं महिलाओं के पोषण स्तर को बढ़ाने के लिये इनका उपयोग किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि मुख्यमंत्री निवास में लगी पोषण वाटिका से फल और सब्जियां पास की आंगनवाड़ी के पोषण मटके में जाएं। (शेष पृष्ठ 22 पर)

सिंगल क्लिक से राशि अंतरित

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना की 3 लाख 56 हजार 443 बालिकाओं को 75 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक से उनके खाते में अंतरित की।

श्री चौहान ने कोरोना काल में विभिन्न गांवों में आए प्रवासी मजदूरों द्वारा निर्मित 601 आंगनवाड़ी भवनों का सिंगल क्लिक से लोकार्पण भी किया।

आंगनवाड़ी केंद्रों पर मना पोषण सप्ताह

पोषण महोत्सव 97 हजार से अधिक आंगनवाड़ी केंद्रों पर एक साथ मनाया गया। प्रदेश की 23 हजार 922 ग्राम पंचायत मुख्यालयों, 378 नगरीय निकायों के 6 हजार से अधिक वार्डों, 313 जनपद पंचायतों और जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम पंचायतों में ग्रामों की पोषण प्रबंधन रणनीति और वार्डों में वार्ड की पोषण प्रबंधन रणनीति जारी की गई।

अनुसूचित जाति वर्ग

सैंतालिस विद्यार्थियों का विदेश में अध्ययन के लिये चयन

भोपाल, मध्यप्रदेश में इस वर्ष अनुसूचित जाति वर्ग के 47 विद्यार्थियों का चयन विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये हुआ है। चयनित विद्यार्थी की पढ़ाई अब सरकारी खर्चे से होगी। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की इस योजना में प्रतिवर्ष 50 विद्यार्थियों का चयन किया जाता है।

चयनित विद्यार्थी विज्ञान विषय, इंजीनियरिंग, एग्रीकल्चर साइंस, मेडिकल, मैनेजमेंट, इंटरनेशनल कॉमर्स, एकाउंटिंग फाइनेंस, फॉरेस्ट्री, नेचुरल साइंस और कानून विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर सकेंगे। विदेश अध्ययन सहायता में अब तक 74 विद्यार्थियों को ऑस्ट्रेलिया, रूस, अमेरिका, इंग्लैंड, स्विट्जरलैंड, पोलैंड, मलेशिया, सिंगापुर आदि देशों में अध्ययन के लिये छात्रवृत्ति स्वीकृत की गई है। पूर्व में इस योजना में 10 विद्यार्थियों को सहायता प्रदान की जाती थी। चयनित विद्यार्थी को शिक्षण शुल्क के रूप में वास्तविक शिक्षण शुल्क अथवा अधिकतम 40 हजार यूएस डॉलर जो भी कम हो प्रतिवर्ष 2 वर्ष के लिये दिये जाते हैं।

सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप के लिये आवेदन 31 अक्टूबर तक

भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार द्वारा सेंट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटीज स्टूडेंट की नवीन छात्रवृत्ति के लिये छात्र 31 अक्टूबर 2020 तक आवेदन कर सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2020 में उत्तीर्ण टॉप 20 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी नवीन छात्रवृत्ति के लिये एवं वर्ष 2016 से वर्ष 2019 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिये नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर केवल ऑनलाइन आवेदन ही कर सकेंगे।

खास ख़बर

बैरसिया में स्थापित होगा एमएसएमई सेंटर

भोपाल, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि भोपाल जिले की बैरसिया तहसील में एमएसएमई का सेंटर विकसित किया जाएगा। श्री सखलेचा ने कहा कि बैरसिया में ऐसे स्थान का चयन कर प्रस्ताव भेजें जहां एमएसएमई सेंटर खोला जा सके, ताकि नौजवान नौकरी मांगने की जगह काम देने वाला बने। इससे स्थानीय स्तर पर युवाओं को रोज़गार मिल सकेगा।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

अन्न उत्सव

अन्न हर व्यक्ति का अधिकार, सभी को मिलेगा पर्याप्त राशन

भोपाल, मध्यप्रदेश सरकार रोटी, कपड़ा और मकान की बुनियादी सुविधाओं के साथ लिखाई, पढ़ाई और दवाई के समुचित प्रबंध के लिये प्रतिबद्ध है। समाज के गरीब तबके की थाली कभी खाली नहीं रहेगी। इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के साथ प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना को समाहित कर जरूरतमंद वर्ग को प्रतिमाह खाद्यान्न देने की व्यवस्था की गयी। प्रदेश के सभी जिलों में नवीन हितग्राहियों को पात्रता पर्ची और राशन के पैकेट का वितरण किया जा रहा है। अन्न हर व्यक्ति की आवश्यकता है। प्रदेश में 37 लाख ऐसे लोगों को यह अधिकार दिया जा रहा है जिनके पास पात्रता पर्ची न होने से उन्हें राशन से वंचित होना पड़ रहा था। राजधानी, जिला, ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर हो रहे कार्यक्रम से सभी नवीन हितग्राहियों को इस महीने से प्रति सदस्य 5 किलो गेहूं/चावल और प्रति परिवार एक किलो आयोडाइज्ड नमक एक रुपये प्रति किलो की दर से देने की शुरुआत की जा रही है। इसके अलावा नये पुराने सभी उचित मूल्य उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना में आगामी नवम्बर महीने तक प्रति सदस्य 5 किलो गेहूं/चावल और एक किलो दाल निःशुल्क दी जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समन्वय भवन में राज्य स्तरीय अन्न उत्सव का शुभारंभ करते हुये कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिला हितग्राहियों सुश्री बबीता, सीमा, शोभा, सुनीता, वंदना और वादामी देवी को राशन पैकेट और पात्रता पर्ची प्रदान की।

- **कार्यक्रम में एक करोड़ 50 लाख से अधिक लोगों ने प्री-रजिस्ट्रेशन कराया।**
- **प्रदेश में 25 हजार 176 उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं।**
- **राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत 25 श्रेणियों के हितग्राहियों को पात्रता है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनाज सहित अन्य सस्ती सुविधाएं देना किसी वर्ग पर अहसान नहीं है। यह उनका अधिकार है। बुद्धिमान होकर भी बहुत से बच्चे पढ़ाई से वंचित हो जाते हैं। (शेष पृष्ठ 22 पर)

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

मध्यप्रदेश में कोई भी मंडी नहीं होगी बंद - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री फसल बीमा भुगतान कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश की सरकार किसान हितैषी सरकार है और सरकार का मुख्य केंद्र बिन्दु किसान एवं खेती है। हर परिस्थिति में सरकार किसान के साथ खड़ी है। हमने सरकार में आते ही किसानों की प्रधानमंत्री फसल बीमा की पुरानी किश्त भरने का काम किया। किसानों के हित में निर्णय लिया गया है कि मध्यप्रदेश में कोई भी मंडी बंद नहीं होगी। प्रदेश के किसान को यह सुविधा दी गई है कि वह चाहे तो अपने खेत से या अपने घर से भी अपनी उपज बेच सकता है। खेती को लाभ का धंधा बनाया जायेगा।

ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से प्रदेश के 22 लाख किसानों के खाते में प्रधानमंत्री फसल बीमा के 4 हजार 686 करोड़ रुपये की राशि अंतरित करते हुये कहीं। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्षों में सूक्ष्म सिंचाई के लिये हरित क्रान्ति समिति का गठन भी किया जायेगा। (शेष पृष्ठ 22 पर)

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश से साभार)

12 सितम्बर

इसरो नवंबर में पीएसएलवी से लॉन्च करेगा उपग्रह

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इस वर्ष नवंबर में पोलर सैटेलाइट

इसरो ISRO
Indian Space Research Organization

लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) से उपग्रह लॉन्च करेगा। न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) ने कहा कि हम इसरो को कमर्शियल लॉन्च की सुविधा दे रहे हैं। एनएसआईएल ने बताया कि पीएसएलवी-सी 49 मिशन के तहत चार क्लेओस उपग्रह लॉन्च होने हैं। उल्लेखनीय है कि एनएसआईएल डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस के तहत एक वाणिज्यिक अंतरिक्ष कंपनी है।

● कानून और न्याय संबंधी स्थायी संसदीय समिति ने कोरोना महामारी खत्म होने के बाद भी डिजिटल कोर्ट जारी रखने की सिफारिश की है। समिति ने राज्यसभा के सभापति श्री एम. वेंकैया नायडू को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। समिति ने कहा कि चिन्हित श्रेणियों के लिये डिजिटल माध्यम से मामलों की सुनवाई जारी रहे। समिति ने कहा कि अदालत एक स्थान नहीं, बल्कि एक सेवा है। डिजिटल न्याय अपेक्षाकृत सस्ता और तेज होता है। यह स्थान संबंधी और आर्थिक बाधाओं को भी दूर करता है। स्थायी रूप से डिजिटल सुनवाई की व्यवस्था पूरे देश में की जानी चाहिये।

● अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में भीषण बरसात से हालात बिगड़ गये हैं। लगातार बारिश से बाढ़ के हालात बन गये हैं। वाशिंगटन के रीगन एयरपोर्ट में कई फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया है। पानी में फंसे लोगों को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। मौसम विभाग के अनुसार, इस वर्ष बारिश ने कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ा है। बारिश के कारण ट्रेन यातायात सेवा भी रद्द कर दी गई है।

13 सितम्बर

परिवहन वाहनों में जल्द लागू होंगे उत्सर्जन और सुरक्षा के नये अंतर्राष्ट्रीय मानक

● केंद्र सरकार ने परिवहन वाहनों में उत्सर्जन और सुरक्षा उपायों के अंतर्राष्ट्रीय मानकों को लागू करने के लिये एक परिवर्तनकारी कार्यक्रम शुरू किया है। इन मानकों को लागू करने से भारतीय मोटर वाहन उद्योग विकसित देशों के मोटर वाहन उद्योग की बराबरी पर आ जायेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि भारतीय मोटर वाहन उद्योग में हाल के वर्षों में यात्री सुरक्षा, उत्सर्जन नियंत्रण और प्रौद्योगिकी में कई बदलाव हुये हैं। मंत्रालय ने कहा कि बसों के लिये इलेक्ट्रॉनिक स्थिरता नियंत्रण प्रणाली के लिये ड्राफ्ट अधिसूचना जारी की गई है, जिसके अप्रैल 2023 तक लागू होने की संभावना है। मंत्रालय के अनुसार, हम सभी वाहनों के लिये उच्च स्तर की सुरक्षा पर विचार कर रहे हैं।

● अमेरिकी दवा निर्माता कंपनी फाइजर और जर्मनी की दवा निर्माता कंपनी बायोटेक ने कोविड वैक्सीन के तीसरे चरण के परीक्षण का दायरा बढ़ाने का ऐलान किया है। दोनों कंपनियों ने कहा कि तीसरे चरण में लगभग 45 हजार वॉलेंटियरों पर वैक्सीन का परीक्षण किया जायेगा। पहले यह परीक्षण 30 हजार लोगों पर होना था। फाइजर कंपनी ने कहा कि वैक्सीन के प्रभाव पर अंतिम परिणाम अक्टूबर के आखिर तक आ सकता है। उल्लेखनीय है कि फाइजर और बायोटेक मिलकर कोविड वैक्सीन बना रही हैं।

● ब्रिटेन के दो पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और जॉन मेजर ने सांसदों से कहा कि वे प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के प्रस्तावित कानून, जिसमें ब्रेक्जिट डील के कई हिस्सों को पलटा गया है, उसका बहिष्कार करें। ब्लेयर ने कहा कि जो बिल प्रधानमंत्री जॉनसन की तरफ से प्रस्तावित किया गया है, उससे न केवल यूरोपीय संघ, बल्कि अन्य देशों के साथ भविष्य की व्यापारिक वार्ताओं पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। ब्लेयर की इस बात का जॉन मेजर ने समर्थन किया है। उल्लेखनीय है कि टोनी ब्लेयर विपक्षी लेबर पार्टी के नेता हैं, जबकि जॉन मेजर सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी के नेता हैं।

14 सितम्बर

भारत और आसियान ने पांच वर्षों के लिये बढ़ाई सक्रिय साझेदारी

● भारत और आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) ने अपनी

asean

रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करते हुये पांच वर्ष की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई भारत-आसियान बैठक में समुद्री व्यापार, आवागमन और सुरक्षा मामलों में सहयोग पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री एस. जयशंकर और थाईलैंड के विदेश मंत्री डॉन प्रभुद्विनाई ने संयुक्त रूप से की। बैठक में आसियान के सभी सदस्य देशों के विदेश मंत्री मौजूद थे। बैठक में कहा गया कि भारत और आसियान के बीच अगले पांच वर्षों में व्यापार और निवेश बढ़ाने के साथ ही लोगों की आवाजाही भी बढ़ाई जायेगी, जिससे सदस्य देशों के बीच आपसी संबंध बेहतर हो सकें।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कोरोना महामारी से संबंधित एक प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव का भारत सहित 169 देशों ने समर्थन किया। प्रस्ताव में कहा गया कि कोरोना महामारी संयुक्त राष्ट्र के इतिहास में सबसे बड़ी वैश्विक चुनौतियों में से एक है। इस चुनौती से मुकाबले के लिये डब्ल्यूएचओ विश्व का नेतृत्व करेगा। इस प्रस्ताव का अमेरिका और इजराइल ने समर्थन नहीं किया है।

15 सितम्बर

एनटीए ने यूजीसी नेट परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाई

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नेट परीक्षा स्थगित कर दी है। यह परीक्षा 16 से 25 सितम्बर के बीच आयोजित होनी थी। एनटीए ने इस संबंध में एक नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि 16 से 23 सितम्बर के बीच भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की एआईईए यूजी तथा पीजी और एआईसीई जेआरएफ तथा एसआरएफ परीक्षाएं आयोजित होनी हैं। यूजीसी नेट के कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्हें इन परीक्षाओं में शामिल होना है, ऐसे में किसी अभ्यार्थी को कोई परीक्षा छोड़नी न पड़े, इसलिये यूजीसी नेट 2020 परीक्षा की तारीख बदलने का फैसला लिया है। अब यूजीसी नेट परीक्षा 24 सितम्बर से आयोजित होगी।

● पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के छात्रों, व्यवसायियों, निवेशकों और मरीजों के लिये वीजा पॉलिसी में छूट देने का फैसला किया है। अफगानिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत मंसूर अहमद खान ने कहा कि नई पॉलिसी से अफगानिस्तान में बड़ी संख्या में लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सरकार अफगान नागरिकों को अधिक सुविधायें मुहैया कराने के लिये प्रतिबद्ध है। इस पॉलिसी को मंजूरी के लिये फेडरल कैबिनेट के पास भेजा गया है। पाकिस्तान सरकार जल्द ही इसे लागू करने का ऐलान कर सकती है।

● चीन में कोरोना वैक्सीन इस वर्ष नवंबर या दिसंबर तक जनता के इस्तेमाल के लिये बनकर तैयार हो जायेगी। चीन के बीमारी नियंत्रण और बचाव केंद्र (सीडीसी) ने कहा कि चीन में चार कोरोना वैक्सीन अपने तीसरे और अंतिम चरण में हैं। इनमें से तीन को तो जुलाई में ही आवश्यक कामगारों को आपातकालीन मंजूरी के तहत लगा दिया गया है।

16 सितम्बर

भारतीय रेलवे चलायेगा 40 क्लोन ट्रेनें

● भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये 40 क्लोन ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों के संचालन का उद्देश्य यात्रियों को कंफर्म सीट उपलब्ध कराना है। रेलवे ने कहा कि इन क्लोन ट्रेनों की शुरुआत 21 सितम्बर से होगी। पहले चरण में 20 जोड़ी (कुल 40) क्लोन ट्रेनें चलाई जायेंगी। रेलवे के अनुसार पहले चरण में उन रूट्स पर क्लोन ट्रेनें चलाई जायेंगी, जहां पैसेंजर ज्यादा हैं और यात्रियों को कंफर्म टिकट कम मिल पाते हैं। इन रूट्स को चिन्हित कर लिया गया है। ये क्लोन ट्रेनें विशेष ट्रेनों और श्रमिक स्पेशल ट्रेनों से अलग होंगी। उल्लेखनीय है कि क्लोन ट्रेन उस ट्रेन को कहते हैं, जो किसी ट्रेन के साथ अतिरिक्त रूप में चलाई जाती है। जब किसी ट्रेन में ज्यादा लोग टिकट बुक कराते हैं तो क्लोन ट्रेन चलाई जाती है। इससे वेटिंग लिस्ट की समस्या खत्म हो जाती है।

● भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने एटीएम से कैश निकासी के नियमों में बदलाव किये हैं। एसबीआई ने ओटीपी आधारित एटीएम कैश निकासी सुविधा को 24x7 (सातों दिन-चौबीस घंटे) लागू करने का निर्णय लिया है। इस सुविधा के तहत एटीएम से 10 हजार रुपये या इससे ज्यादा राशि निकालने पर पिन के साथ रजिस्टर मोबाइल नंबर पर भेजा गया ओटीपी भी दर्ज करना होगा। एसबीआई ने यह सुविधा ग्राहकों के खाते की सुरक्षा और एटीएम से ठगी को रोकने के लिये शुरू की है। पहले ओटीपी आधारित सुविधा रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक ही उपलब्ध थी।

● दक्षिण चीन सागर में चीन एक बार फिर तनाव बढ़ाने में लगा हुआ है। चीन का एक जहाज इंडोनेशिया की जल सीमा में घुस गया। इंडोनेशिया समुद्री सुरक्षा एजेंसी के प्रमुख अना कुरनिया ने बताया कि चीनी जहाज इंडोनेशिया के एक्सक्लूसिव आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के तहत नातुना द्वीप में घुस आया। इसके बाद चीनी जहाज को वापस जाने को कहा गया, लेकिन चीनी जहाज के अधिकारियों ने इस क्षेत्र को चीन के नाइन डैश लाइन का हिस्सा बताते हुये लौटने से इनकार कर दिया। इसके बाद इंडोनेशिया ने एक गश्ती जहाज चीनी जहाज के पीछे लगा दिया, जिससे चीनी जहाज को वापस लौटना पड़ा।

17 सितम्बर

भारत को कोरोना वैक्सीन की 10 करोड़ खुराक देगा रूस

● भारत को इस वर्ष के अंत तक कोरोना वैक्सीन मिल सकती है। रूस, भारत को 10 करोड़ करोना वैक्सीन देगा। इसके लिये रूस सरकार समर्थित आरडीआईएफ और भारत की डॉ. रेड्डीज लेबोरेटरीज के बीच करार हुआ है। दोनों कंपनियों ने कहा कि सरकार की मंजूरी मिलने के बाद भारत में रूसी कोरोना वैक्सीन स्पुतनिक-v का क्लीनिकल ट्रायल शुरू किया जायेगा। रूसी कंपनी यह वैक्सीन नवंबर माह से भारत को सप्लाई करना शुरू करेगी।

● पोर्ट ब्लेयर स्थित वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जल्द ही नया टर्मिनल भवन बनकर तैयार हो जायेगा। हवाई अड्डे पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुये भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 700 करोड़ रुपये की लागत से न्यू इंटीग्रेटेड टर्मिनल भवन के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। नया टर्मिनल भवन 40 हजार 837 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनाया जा रहा है। इस भवन की क्षमता 50 लाख यात्री प्रति वर्ष होगी।

18 सितम्बर

रक्षा क्षेत्र में ऑटोमैटिक रूट से 74 प्रतिशत एफडीआई को मिली मंजूरी

● केंद्र सरकार ने रक्षा क्षेत्र में ऑटोमैटिक रूट से 74 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की मंजूरी प्रदान की है। यह जानकारी उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा दी गई है। सरकार के इस कदम से रक्षा क्षेत्र में विदेशी निवेश को आकर्षित किया जा सकेगा। रक्षा क्षेत्र में एफडीआई राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर विभिन्न जांच के बाद किया जायेगा। सरकार को ऐसी किसी भी एफडीआई की समीक्षा का अधिकार है, जिस पर राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने का संदेह हो। उल्लेखनीय है कि मौजूदा एफडीआई नीति के अंतर्गत रक्षा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति है, इनमें ऑटोमैटिक रूट से 49 प्रतिशत एफडीआई होता है। इससे ज्यादा लिमिट के लिये सरकार की अनुमति जरूरी होती है।

● दिल्ली में चार्टर्ड विमानों के लिये टर्मिनल खुल गया है। दिल्ली एयरपोर्ट इंटरनेशनल लिमिटेड ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देश के पहले जनरल एविएशन टर्मिनल की शुरुआत की। यह टर्मिनल पूरी तरह से बिजनेस फ्लाइट्स के लिये डेडिकेटेड होगा। लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस टर्मिनल में प्रतिदिन 150 से अधिक चार्टर्ड फ्लाइट्स का संचालन हो सकेगा। इस टर्मिनल में वीआईपी पार्किंग, एक्स-रे स्कैनर, कनवीयर बेल्ट, यात्रियों के लिये कस्टम और इमिग्रेशन काउंटर बनाये गये हैं।

● अमेरिका के जंगलों में लगी आग का धुआं यूरोप तक पहुंच गया है। यूरोपीय संघ के मौसम विज्ञान केंद्र कोपरनिकस एटमॉस्फियर मॉनीटरिंग सर्विस द्वारा किये गये अध्ययन में पाया गया कि यह धुआं वायुमंडल के जरिये 8 हजार किलोमीटर की दूरी तय कर ब्रिटेन और उत्तरी यूरोप तक पहुंच गया है। केंद्र के वैज्ञानिक मार्क पैरिंगटन ने कहा कि अमेरिका के कैलिफोर्निया, ओरेगन और वॉशिंगटन के जंगलों में लगी आग ने 3 करोड़ मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जित किया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

IMR Indore Institute of Management & Research
Affiliated to - DAVV (Indore) & Approved by - AICTE (New Delhi)

INVITING APPLICATIONS FOR

PRINCIPAL - IIMR
Teaching Positions
(Professor/Associate Professor/Asst. Professor)
MBA : HR, Marketing, Finance, Production, IT, Business Analytics • UG Courses : BBA, BBA (Foreign Trade), BA (Hons.) Economics, BSc (Stat, Math, Comp. Science), B.Com. (Hons.)

Technical Trainers
Digital Marketing, MS office and data base management, Six Sigma & lean Project Management, Financial modeling, Logistics & Documentation for Foreign Trade, Retail Mgmt.

Non Teaching Positions
Administrative Officer, Placement Officer, Senior Marketing Officer, Sr. Marketing Executive, Office Superintendent, Graphic Designer, Hostel Warden: Girls, Lab Technician, Store-in charge, Computer Asst., Lab Asst., Office Asst., Transport Manager, Bus Mechanic, Bus Maintenance Supervisor (Mechanical & Electrical), Electrical Mechanic

IIST CAMPUS
Opp IIM, Rau Pithampur Road, Indore-453331
Email : registrar@indoreinstitute.com

R-44408/2020

ARIHANT COLLEGE
Approved by MP Higher Education Department & Affiliated to D.A.V.V Indore
"NAAC Accredited" Invites Applicants for Education , Commerce , Management , Art Computer Science & Social Work Department

B.Ed. , M.Ed. , B.Com. , M.Com. , BBA , BBA(HA) , BA , BSW , BCA

PRINCIPAL , HOD ,PROFESSOR ,ASSOCIATE PROFESSOR & ASSISTANT PROFESSOR

(Eligibility : Ph.D./ NET Qualified & Salary : As per UGC Norms)

Selection Under College Code 28

Interested candidates may apply within 7 days between 10am - 4pm

Arihant College , 453 Khandwa Road
Opp.Radha Soami Satsang, Indore, Ph.: 0731-2461303 , 0731-2461302
Email: resumearihantcollege@gmail.com

R-44405/2020

वर्ष 37, अंक 38 21.09.2020 से 27.09.2020

रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

सर्वहारा वर्ग के उत्थान के लिये कृत संकल्पित सरकार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के विकास और सर्वहारा वर्ग के उत्थान के लिये सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुरैना, छैरा और कैलारस में करोड़ों रुपयों के विकास कार्यों के शिलान्यास तथा लोकार्पण किये गये हैं। जरूरतमंदों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभान्वित भी किया गया है। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि कैलारस क्षेत्र में भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा दो हजार करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट लागू किया जायेगा। इस प्रोजेक्ट से यहाँ के हजारों लोगों को रोज़गार मिलेगा। राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हमारे प्रदेश के जननायक मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान खाली हाथ नहीं आये हैं। उन्होंने कहा कि जौरा, कैलारस में 170 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकर्पण किया है। इन विकास कार्यों से यहाँ की जनता की सभी असुविधाएं दूर होंगी, वे खुशहाल होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान, केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कैलारस में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। मौके पर अतिथियों ने 170 करोड़ 55 लाख रुपये की लागत से 23 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और नवनिर्माण विकास कार्यों का लोकार्पण किया। आम सभा को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जौरा, कैलारस के विकास के लिये दो हजार करोड़ रुपये का डीआरडीओ का प्रोजेक्ट और साढ़े आठ हजार करोड़ रुपये का चंबल अटल प्रोग्रेस-वे लेकर आये हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। गरीब बेटा-बेटियों को उच्च शिक्षा के लिये सरकार फीस भरेगी, उच्च अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप देने की योजना, बुजुर्गों को तीर्थ स्थलों पर भेजने के लिये मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना की भी पुनः शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने संबल योजना बंद कर दी थी, उसे पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। केन्द्रीय कृषि, ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि चाहे नेपरी का पुल हो या सिकरोदा का पुल, हमने सभी पुल बनवाये हैं। नहर के किनारे 110 करोड़ रुपये की सीमेंट कांक्रीट सड़क के साथ अनेक काम करके प्रदेश सरकार ने अपने वायदे पूरे किये हैं। उन्होंने कहा कि अटार घाट, पिनहर घाट और उसैत घाट के पुलों का निर्माण भी पूरा किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि चंबल की जनता स्वाभिमानी है, उसके स्वाभिमान को कोई चोट पहुंचाता है, तो उसे सबक सिखाती है। श्री सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार ने हमेशा चंबल, ग्वालियर के लोगों के आत्म सम्मान के लिये काम किया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने दतिया जिले के भाण्डेर प्रवास के दौरान क्षेत्र को विकास की अनेक सौगातें दीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 134 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत के 179 निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये धन की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। प्रदेश में जिन योजनाओं को बंद कर दिया गया था, उन्हें जनहित में पुनः शुरू किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि भाण्डेर क्षेत्र में विकास के साथ-साथ यहाँ के लोगों के मान-सम्मान का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा। क्षेत्र के जो विकास कार्य पूर्ण नहीं हुये हैं, उन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जायेगा। मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश की जनता के हित के लिये अनेक जनहितैषी कार्यों को पूरा कर रही है। इससे प्रदेश की जनता को आने वाले दिनों में अनेक सुविधाएं प्राप्त होंगी।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- द्वीप-2 प्रवालीय प्रवाल की विशिष्टता शैल भित्ति का निर्माण करने में है। शैल भित्ति का निर्माण करने वाले प्रवाल गर्म ऊष्ण कटिबंधीय भागों में फलते-फूलते हैं। ये अधिकतर द्वीपों के किनारों के साथ-साथ भित्तियों का निर्माण करने लगते हैं। इस प्रकार की भित्तियों को तटीय प्रवाल भित्ति कहते हैं। बहुत से ऊष्ण कटिबंधीय द्वीपों में ऐसे तटीय प्रवाल हैं। ये प्रवाल सागर द्वारा मचायी जाने वाली तबाही से द्वीपों की रक्षा करते हैं। यदा-कदा तटीय प्रवाल भित्ति वाला द्वीप डूबने लगता है। द्वीप की तटरेखा सबसे पहले डूबती है, जबकि प्रवाल निर्माण ऊपर की ओर होता रहता है। सागर डूबती तटीय रेखा पर धावा बोल देता है और प्रवाल भित्ति को शेष द्वीप से अलग-अलग कर देता है। इस प्रकार की भित्ति को प्रवाल रोधिका कहते हैं। क्वीन्सलैण्ड (ऑस्ट्रेलिया) के समुद्र तट के समानान्तर फैली ग्रेट बैरियर रीफ इसी प्रकार से निर्मित सबसे बड़ी ज्ञात प्रवाल भित्ति है। जिसका निर्माण हजारों वर्ष से अनगिनत प्रवाल उपनिवेशों के चूनाश्म कंकालों से हुआ है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व अल्जाइमर दिवस 21 सितम्बर

याददाश्त की कमजोरी भी बन सकती है एक गंभीर समस्या

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

समय और स्वास्थ्य दो अनमोल संपत्तियां हैं, जिनकी कीमत हम तब ही समझते हैं, जब वो नहीं रहती हैं- अमेरिकन मोटीवेशनल स्पीकर और लेखक डेनिस वेटली का यह कथन बिलकुल सही है, क्योंकि हमारी ज़िंदगी में सेहत में होने वाले बदलाव के संकेतों को यदि हम समय पर पहचान लें तो हमारे लिए उस बीमारी के खिलाफ जंग लड़ना और जीतना दोनों आसान हो जाता है। ऐसी ही एक लड़ाई पूरी दुनिया में करोड़ों लोग अल्जाइमर के खिलाफ सकारात्मक सोच, जीवन में उद्देश्य और अपनों के साथ के बल पर लड़ रहे हैं। सुबह-सुबह ऑफिस जाते वक्त गाड़ी की चाबी को खोजना, किसी का नाम कई बार याद न आना ऐसे ही रोजमर्रा के कामकाज में कई बार हमारी याददाश्त हमारा साथ नहीं देती है, लेकिन कई बार जब यह गंभीर स्थिति में पहुंच जाती है तो यह अल्जाइमर का रूप ले सकती है। इसे वृद्धावस्था की बीमारी भी कहा जाता है, क्योंकि ज्यादातर लोगों को यह 60 वर्ष की उम्र के बाद होती है। इस बीमारी के प्रति लोगों को सजग करने के लिए प्रतिवर्ष 21 सितम्बर को विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। यह एक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जिसमें दिमाग की कोशिकाओं के नष्ट या क्षतिग्रस्त होने से याददाश्त कम हो जाती है। वर्ष 1910 में जनरल साइकेट्रिक पुस्तक प्रकाशित हुई, जिसे मनोचिकित्सक एमिल क्रेपलिन ने लिखा था। इस किताब में डिमेंशिया के एक प्रकार को अल्जाइमर बीमारी का नाम दिया है। इसे जर्मनी के मनोचिकित्सक एलॉइस अल्जाइमर के नाम पर रखा गया। अल्जाइमर डिसीज इंटरनेशनल (एडीआई) ने 1994 में इसकी 10वीं वार्षिक कॉन्फ्रेंस में अंतर्राष्ट्रीय अल्जाइमर दिवस मनाने का निर्णय लिया था, तब से यह दिन हर वर्ष मनाया जाता है।

बढ़ते आंकड़ों के बाद भी लोगों में अब भी इस बीमारी को लेकर जागरूकता का अभाव है। अल्जाइमर के लक्षण आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ-साथ सामने आते हैं। जिन लोगों में इसके लक्षण दिखने लगते हैं शुरुआती दौर में ही इस रोग की जांच करानी चाहिए। ज्यादातर लोग इस पर ध्यान नहीं देते हैं, जो उनके लिए नुकसानदायक साबित होता है।

2020 की थीम

हर साल 21 सितंबर को अल्जाइमर दिवस किसी विशेष थीम पर मनाया जाता है। इस वर्ष सितंबर का पूरा महीना अल्जाइमर को समर्पित है। इस वर्ष चूंकि विश्व की अधिकांश आबादी कोरोना वायरस कोविड-19 के साये में जी रही है। ऐसे में इस वर्ष दुनिया के विभिन्न देशों में इसे लेकर कार्यक्रम सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही आयोजित होंगे। इस वर्ष यह दिन और महीना #Lets talk about dementia यानी आइए अल्जाइमर के बारे में बात करते हैं कि थीम पर मनाया जा रहा है। लोगों से इस मुद्दे पर अधिक से अधिक बात करने, सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाने से इस बीमारी की भयावहता को समय पर रोका जा सकेगा।

अल्जाइमर रोग की पहचान

चीजों को रखकर भूल जाना या याददाश्त कमजोर होना, बोलने या लिखने में परेशानी यह चीजें सामान्य लगती हैं। इसलिए अक्सर इन्हें लोग हल्के में ले लेते हैं। इन लक्षणों के माध्यम से इसकी पहचान कर सकते हैं।

याददाश्त कमजोर होना- किसी से कुछ मिनट पहले क्या कहा था यह भूल जाना, कौन सी चीज कहां रखी थी याद न होना। ऐसी ही कई बातें होती हैं, जो अल्जाइमर का मरीज शुरुआत में भूलने लगता है, धीरे-धीरे यह समस्या गंभीर होने लगती है।

बोलने-लिखने में दिक्कत होना- कुछ लिखने में परेशानी होने लगती है, अपनी बात को पहले की तरह अच्छे ढंग से कहने में दिक्कत होने लगती है। यानी संवाद में समस्या भी इसका संकेत है।

जगह या समय को लेकर कन्फ्यूजन- अल्जाइमर से पीड़ित व्यक्ति को लोगों या जगह को पहचानने में भी कन्फ्यूजन की स्थिति बनने लगती है। वह ठीक से पहचान नहीं पाते हैं।

निर्णय लेने में परेशानी- किसी व्यक्ति को निर्णय लेने में परेशानी होने, रोजमर्रा की समस्याओं को सुलझाने में दिक्कत होने लगे तो यह भी अल्जाइमर का संकेत हो सकता है।

मूड स्विइंग होना- अचानक से गुस्सा आने लगना, थोड़ी देर के बाद खुश हो जाना यानी मूड में बार-बार बदलाव भी अल्जाइमर का संकेत हो सकता है।

अल्जाइमर रोग के कारण

उम्र बढ़ने के साथ दिक्कत- उम्र बढ़ने के साथ अल्जाइमर की बीमारी का खतरा ज्यादा होता है। अल्जाइमर रोग से ग्रस्त अधिकांश लोग 65-65 या इससे अधिक उम्र के होते हैं। हालांकि कम उम्र में भी इसका खतरा होता है, लेकिन इसकी संभावना कम होती है।

तनावग्रस्त- तनाव को यदि जीवन में व्यवस्थित कर लिया जाए तो डायबिटीज और ब्लडप्रेशर ही नहीं अल्जाइमर जैसे रोग के खतरे को भी कम किया जा सकता है। अधिक तनाव लेने वाले लोगों में अल्जाइमर का खतरा काफी अधिक रहता है।

अनुवांशिक कारण- अक्सर अल्जाइमर रोग का खतरा उन लोगों को भी अधिक होता है, जिनके घर में माता-पिता, भाई-बहन आदि कोई करीबी पहले से इस बीमारी से पीड़ित हो। ऐसे लोगों को इसके संकेत पहचानकर हेल्थ चेकअप समय-समय पर कराते रहना चाहिए।

मस्तिष्क पर चोट- अल्जाइमर रोग और अन्य डिमेंशिया का जोखिम तब बढ़ जाता है जब मस्तिष्क में कोई सामान्य या गंभीर आघात वाली चोट लगी हो जैसे कि सिर की टक्कर या कपाल की चोट जिसकी वजह से 30 मिनट से अधिक समय तक बेहोशी या याददाश्त खो देने जैसी स्थिति रही हो। एथलीटों या युद्ध में संलग्न लोगों, जिनके मस्तिष्क में बार-बार चोट लगती है, में भी डिमेंशिया विकसित होने या सोचने की क्षमता में दुर्बलता पैदा होने का अधिक जोखिम रहता है।

अल्जाइमर रोग को पहचानने के लिए आवश्यक टेस्ट

ब्लड टेस्ट- अल्जाइमर रोग की पहचान के लिए ब्लड टेस्ट कराया जाता है। ब्लड टेस्ट से पता चल जाता है कि किसी व्यक्ति के शरीर में अल्जाइमर के टिशू कितने हैं।

धड़कन की जांच- ब्लड टेस्ट करने के अलावा, डॉक्टर अल्जाइमर की पहचान करने के लिए दिल की धड़कनों की भी जांच करते हैं।

एमआरआई टेस्ट- अल्जाइमर की पहचान के लिए एमआरआई टेस्ट भी किया जाता है।

सीटी स्कैन- सीटी स्कैन से भी अल्जाइमर रोग की पहचान की जाती है।

पीईटी स्कैन- वर्तमान समय में अल्जाइमर रोग की पहचान पीईटी स्कैन के द्वारा भी की जाती है। पीईटी स्कैन के दौरान, रेडियोएक्टिव ट्रेजर को रक्त में डालकर उससे ब्रेन की जांच की जाती है।

अल्जाइमर रोग से जुड़े रिस्क फैक्टर

संक्रमण- अल्जाइमर रोग का प्रमुख जोखिम दिमाग में संक्रमण होना है। इस संक्रमण के दिमाग के पूरे हिस्से में फैल जाने से दिमाग की नसों के फटने की संभावना बढ़ सकती है।

तनाव- अल्जाइमर रोग का एक लक्षण तनाव होना भी है, लेकिन इसका इलाज लंबे समय तक न किया जाए तो तनाव की समस्या काफी हद तक बढ़ सकती है।

नींद की समस्या- अक्सर, अल्जाइमर रोग से पीड़ित लोगों को नींद न आने की समस्या होती है।

सिरदर्द- अल्जाइमर मानसिक रोग है, इसलिए इसका असर दिमाग पर काफी गहरा पड़ सकता है। ज्यादा चिंता करने से ऐसे में सिरदर्द की समस्या भी बढ़ जाती है।

दिमागी संतुलन बिगड़ना- अल्जाइमर के इलाज में लापरवाही करने से व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ सकता है। ऐसी स्थिति में उसे मानसिक चिकित्सा केन्द्र में दाखिल होकर इलाज कराने की जरूरत पड़ सकती है।

खानपान में इन चीजों को शामिल करना दिमाग के लिए फायदेमंद

हल्दी- इसमें करक्यूमिन तत्व होता है, जो मस्तिष्क को अल्जाइमर नामक बीमारी से बचाने में मददगार होता है।

पालक- पालक और अन्य हरी पत्तेदार सब्जियों में विटामिन ई, विटामिन के और फोलेट तत्व होते हैं, जो डिमेंशिया से बचाते हैं।

कॉफी- कॉफी को सीमित मात्रा में लिया जाए तो यह फायदेमंद है। कॉफी में मौजूद कैफीन में एंटीऑक्सीडेंट तत्व होते हैं, जो दिमाग को स्वस्थ रखने और एकाग्र क्षमता को बढ़ाने में मददगार हैं।

फूलगोभी- ब्रोकली और फूलगोभी में मौजूद तत्व न्यूरोट्रांसमिटर को स्वस्थ रखता है और दिमाग को मजबूत और याददाश्त को तेज करता है।

अल्जाइमर रोग की रोकथाम के तरीके

नशीले पदार्थों का सेवन न करना- अल्जाइमर रोग की रोकथाम करने का प्रमुख तरीका नशीले पदार्थों का सेवन न करना है। चूंकि, नशीले पदार्थों का शारीरिक और मानसिक सेहत पर बुरा असर पड़ता है, इसलिए लोगों को इनसे दूरी बनाने की कोशिश करनी चाहिए।

पौष्टिक भोजन करना- आहार का हमारी सेहत से गहरा नाता है। इसी कारण, हम सभी को पौष्टिक भोजन ही करना चाहिए क्योंकि ये हमारी रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अपनों से मन की बात करें- अल्जाइमर रोग की रोकथाम करने का अनोखा तरीका लोगों के साथ मिलना-जुलना, अपने मन की बातें साझा करना है।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल - 462004

बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी. टेक.) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु (मध्यप्रदेश में स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी इंजीनियरिंग संस्थान) ऑनलाइन काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2020-21

प्रथम चरण

जेईई मेन-2020 की मेरिट पर आधारित
सामान्य पूल एवं TFW की सीटों के लिए एक साथ संयुक्त रूप से आयोजित

गतिविधियां	दिनांक/समय
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त	22.09.2020 से 03.10.2020
रजिस्ट्रेशन में सुधार **(Edit Registration)**	04.10.2020 से 05.10.2020
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकता क्रम **(Choice filling)** में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी।	24.09.2020 से 07.10.2020 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता	08.10.2020 सायं 5:00 बजे तक
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	12.10.2020 से 16.10.2020 सायं 5:00 बजे तक
अपग्रेडेशन का विकल्प ऑनलाइन प्रस्तुत करना	12.10.2020 से 16.10.2020 सायं 5:00 बजे तक
अपग्रेडेशन आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश।	19.10.2020 से 23.10.2020 सायं 5:00 बजे तक

द्वितीय चरण

जेईई मेन-2020 के आधार पर आवंटन उपरान्त रिक्त रह गई सीटों के लिये अर्हकारी परीक्षा के आधार पर आवंटन जारी किया जायेगा।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त (12वीं के आधार पर)	13.10.2020 से 24.10.2020
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन निरस्त (जेईई मेन-2020 के आधार पर)	19.10/2020 से 24.10.2020
रजिस्ट्रेशन में सुधार **(Edit Registration)**	25.10.2020 से 26.10.2020
इच्छित संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करना प्राथमिकता क्रम **(Choice filling)** में परिवर्तन की सुविधा अंतिम दो दिन उपलब्ध रहेगी।	21.10.2020 से 27.10.2020 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता	28.10.2020 सायं 5:00 बजे तक
आवंटन पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता/आवंटित संस्था में उपस्थिति, आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश। (प्रथमतः **जेईई मेन-2020** के आधार पर आवंटन तत्पश्चात रिक्त सीटों पर 12वीं के आधार पर आवंटन जारी किया जायेगा।)	02.11.2020 से 06.11.2020 सायं 5:00 बजे तक
आन्तरिक ब्रांच परिवर्तन	
प्रवेशित संस्था के लिये प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन	06.11.2020 से 07.11.2020 सायं 5:00 बजे तक
ब्रांच परिवर्तन की सूची एवं पत्रों की ऑनलाइन उपलब्धता	10.11.2020 को दोपहर 3:00 बजे तक
संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)	
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन	05.11.2020 से 13.11.2020 दोपहर 3:00 बजे तक
इच्छुक संस्था में प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये उपस्थित होना।	11.11.2020 से 13.11.2020 सायं 5:00 बजे तक

प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची आदि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।
काउंसलिंग के किसी भी चरण में प्राथमिकता क्रम का ऑनलाइन चयन कर लॉक करने की अंतिम दिनांक/समय से आवंटन जारी होने तक प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।

(कोविड-19 के कारण, सहायता केन्द्रों पर किसी भी अभ्यर्थी को जाने की आवश्यकता नहीं)

संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in

म.प्र. माध्यम/98512/44404/2020 **अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति एवं आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal, M.P.-011

NOTICE INVITING TENDER No. 907

(PMGSY-III-Bridges) PMGSY-III (Batch-I) Year 2020-21

No. 13955/22/D-12/MPRRDA/2020 Bhopal, Dated : 17.09.2020

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :

- **PMGSY-III (Batch-I) Year 2020-21**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Ashoknagar	1	8550000.00
2.	Burhanpur	2	8531000.00
3.	Damoh	1	13659000.00
4.	Datia	1	4882000.00
5.	Dhar	1	9559000.00
6.	Hoshangabad	1	10133000.00
7.	Indore	2	17176966.00
8.	Katni	2	14709000.00
9.	Khandwa	1	5982000.00
10.	Mandsour	4	52468000.00
11.	Morena	1	5042000.00
12.	Raisen	2	30063000.00
13.	Rajgarh	1	53304000.00
14.	Rewa	1	12750000.00
15.	Tikamgarh	1	11933000.00
16.	Vidisha	1	11267000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in** The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities. The bidders are required to submit (a) original Demand Draft towards the cost of bid document and (b) original bid security in approved form and (c) original affidavit regarding correctness of information furnished with bid document as per provisions of Clause 4.4 B (a) (ii) of ITB with GM PIU concerned or MPRRDA Head Office, Paryavas Bhawan, BHOPAL, either by registered post or by hand, failing which the bid shall be declared non-responsive.
2. Bid document may be purchase online from **21.09.2020 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **08.10.2020 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/98506/44401/2020 **(T & e-G)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-011

NOTICE INVITING TENDER No.910 (PMGSY-III, Batch-I Year 2020-21)

No. 13952/22/D-12/MPRRDA/2020 Bhopal, Dated : 17.09.2020

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below:

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Jabalpur	5	239588000.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in** The bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities. The bidders are required to submit (a) original Demand Draft towards the cost of bid document and (b) original bid security in approved form and(c) original affidavit regarding correctness of information furnished with bid document as per provisions of Clause 4.4 B (a) (ii) of ITB with GM PIU concerned or MPRRDA Head Office, Paryavas Bhawan, BHOPAL, either by registered post or by hand, failing which the bid shall be declared non-responsive.
2. Bid document may be purchase online from **21.09.2020 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **08.10.2020 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/98502/44398/2020 **(T & e-G)**

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

तकनीकी संभाग क्र. 01, भोपाल, 26-अरेरा हिल्स
'किसान भवन', जेल रोड, भोपाल, 462011, (म.प्र.)

क्रमांक/निर्माण/2020-21/662 भोपाल, दिनांक 15.09.2020

चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता, म.प्र. लोक निर्माण विभाग में समरूप कार्य हेतु पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाइन निविदाएं, कृषि अनुसंधान निधि के डिपोजिट वर्क योजना अंतर्गत निर्मित रोग अन्वेषण प्रयोगशाला भवन में "बायो सेफ्टी लेवल-II का सम्पूर्ण कार्य" राज्य पशु चिकित्सालय प्रांगण जहांगीराबाद, भोपाल (म.प्र.) में **टर्नकी आधार पर किये जाने हेतु चतुर्थ बार निविदा (सिस्टम निविदा क्रमांक 2020_MPSAM_107243) के अनुसार दिनांक 05.10.2020 को शाम 05:30 बजे तक ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है।** निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी। **नोट -** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उक्त उल्लेखित पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/98466/44397/2020 **कार्यपालन यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02,
मकान नं. सी-31, कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा, सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर, पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 13,14/2020-21

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र.-2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 13, 14/2020-21 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_106956_1, MPPHC_106957_1, MPPHC_106958_1 एवं MPPHC_107009_1 है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 26.09.2020 तक** खरीदे जा सकते है। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/98450/44396/2020 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal, M.P.-11
(GST No. : 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 909

SC (Road) & UPG

No. 14042/22/D-12/MPRRDA/2020 Bhopal, Dated : 17.09.2020

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work - Table No. 1 : SC (Road)**

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1.	Indore	1	14679065.00
2.	Sagar	1	12116500.00

- **Name of work - Table No. 2 : Up-gradation**

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1.	Jabalpur	1	11025000.00
2.	Khandwa	1	36098000.00
3.	Dewas	1	32089000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **23.09.2020 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/98503/44399/2020 **(T & e-G)**

M.P. RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department Government of Madhya Pradesh)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.–462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No.14045/22/D-12/MPRRDA/2020 Bhopal, Dated : 17.09.2020

NOTICE INVITING TENDER No. 908
(State Connectivity Bridge)

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **http://mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Table No. 1 : State Connectivity Bridges**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Sagar	5	150303648.00

- **Table No. 2 : State Connectivity Bridges**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1.	Vidisha	1	9506994.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **23.09.2020 17:00 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/98504/44400/20 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & E-G)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal, M.P.-11
(GST No. : 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 911
UPG

No. 14118/22/D-12/MPRRDA/2020 Bhopal, Dated : 18.09.2020

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Table No. 1 : Up-gradation**

S. No.	Name of District	No. of Package	Total PAC (In Rs.)
1.	Sehore	1	163189000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **22.09.2020 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/98511/44403/2020 **(T & e-G)**

MADHYA PRADESH STATE AGRICULTURAL MARKETING BOARD

Office of The Executive Engineer, Technical Division, Sagar
No./Board/Nirman/20-21/359 Sagar, Dated : 18.09.2020

NOTICE INVITING TENDER

Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **System Tender Number 107895, Construction of Krashak Sangoshthi Bhawan in Sub Mandi Yard Bilehara and mandi yard Jaisinagar Distt. Sagar** Hard copies of technical bid documents with EMD & Financial offer as per Detailed NIT to be received online 09.10.2020 upto 17:30 Hrs. and physically up to17:30 Hrs. on dated15.10.2020 through Speed post/Registered post only at the **Office of the Executive Engineer, M.P. State Agricultural Marketing Board, Technical Division, Padmakar Nagar, Makronia Distt. Sagar (M.P.).** Bidders are required to offer their bids exclusive of applicable GST. The GST shall be paid by the department, to contractor separately.

The tender documents can be obtained online on the **http://mpetenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in .**

Note : Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our Website : **www.mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/98510/44402/2020 **EXECUTIVE ENGINEER**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, खण्ड-सीहोर (म.प्र.)

Mail I.D. : eephseh@nic.in, Fax No. : 07562-224092, Telephone No. : 07562-224092
New Bus Stand Sehore-466001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 12/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लो.स्वा.यां.वि./2020-21 सीहोर, दिनांक : 09.09.2020

निविदा आमंत्रण सूचना (Retender)

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्य - सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के ग्राम वराडीकलां में नलकूप स्त्रोत आधारित नवीन नल जल प्रदाय योजना का सर्वेक्षण, अन्वेषण, रूपांकन एवं नलकूपों पर पावर पम्प की स्थापना, नवीन विद्युत संयोजन, 50 कि.ली. जल संग्रहण क्षमता 12 मीटर स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण कार्य 20 कि.ली. जल संग्रहण क्षमता के सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, राईजिंग मेन एवं जल वितरण नलिकाओं के बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलु नल कनेक्शन, योजना का 90 दिवस का ट्रायलरन के कार्य सहित।

निविदा क्रमांक	अनुमानित लागत (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_PHED_103909_2	44,31,065/-	50,000/-	5,000/-	09 माह

कार्य - सीहोर जिले के विकासखण्ड आष्टा के ग्राम वैदाखेड़ी में नलकूप स्त्रोत आधारित नवीन नलजल प्रदाय योजना का सर्वेक्षण, अन्वेषण, रूपांकन एवं नलकूपों पर पावर पम्प की स्थापना, नवीन विद्युत संयोजन, 100 कि.ली. जल संग्रहण क्षमता 12 मीटर स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण कार्य 20 कि.ली. जल संग्रहण क्षमता के सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, राईजिंग मेन एवं जल वितरण नलिकाओं के बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलु नल कनेक्शन, योजना का 90 दिवस का ट्रायलरन के कार्य सहित।

2020_PHED_103966_2	1,02,28,723/-	1,02,287/-	12,500/-	09 माह

कार्य - सीहोर जिले के विकासखण्ड इछावर के ग्राम ब्रिजिशनगर में नलकूप स्त्रोत आधारित नवीन नलजल प्रदाय योजना का सर्वेक्षण, अन्वेषण, रूपांकन एवं नलकूपों पर पावर पम्प की स्थापना, नवीन विद्युत संयोजन, 275 कि.ली. जल संग्रहण क्षमता 15 मीटर स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण कार्य 40 कि.ली. जल संग्रहण क्षमता के सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, राईजिंग मेन एवं जल वितरण नलिकाओं के बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलु नल कनेक्शन, योजना का 90 दिवस का ट्रायलरन के कार्य सहित।

2020_PHED_103974_2	2,35,93,244/-	2,35,932/-	15,000/-	09 माह

कार्य - सीहोर जिले के विकासखण्ड इछावर के ग्राम दिवड़िया में नलकूप स्त्रोत आधारित नवीन नलजल प्रदाय योजना का सर्वेक्षण, अन्वेषण, रूपांकन एवं नलकूपों पर पावर पम्प की स्थापना, नवीन विद्युत संयोजन, 300 कि.ली. जल संग्रहण क्षमता 15 मीटर स्टेजिंग की आर.सी.सी. उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण कार्य 40 कि.ली. जल संग्रहण क्षमता के सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, राईजिंग मेन एवं जल वितरण नलिकाओं के बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलु नल कनेक्शन, योजना का 90 दिवस का ट्रायलरन के कार्य सहित।

2020_PHED_103978_2	2,76,90,367/-	2,76,904/-	15,000/-	09 माह

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्य का नाम : सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के ग्राम **इछावर के ग्राम कांकरखेड़ा, आमलारामजीपुरा, बरखेड़ाकुर्मी एवं बिछौली** में नलकूप स्रोत आधारित रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना का सर्वेक्षण, अन्वेषण, रूपांकन एवं नलकूपों पर पावर पम्प की स्थापना, आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी का निर्माण, विभिन्न क्षमता के आर.सी.सी. सम्पवेल का निर्माण, नवीन विद्युत संयोजन, राईजिंग मेन एवं जल वितरण नलिकाओं के बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, योजना का 90 दिवस का ट्रायलरन के कार्य सहित।

निविदा क्रमांक	अनुमानित लागत (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_PHED_107283_2	20984258.00	209843.00	15000.00	09 माह

क्र.	कार्यक्रम का विवरण	निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय
01	ऑनलाइन निविदा प्रकाशन का दिनांक	16.09.2020, 11.00
02	निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारम्भ दिनांक	16.09.2020, 11.00
03	निविदा प्रपत्र डाउनलोड का **अंतिम दिनांक**	**30.09.2020, 05.30**
04	ऑनलाइन बिड सबमिशन की प्रारम्भ दिनांक	16.09.2020, 11.05
05	ऑनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम दिनांक	30.09.2020, 05.30
06	बिड ओपनिंग दिनांक	03.10.2020, 11.30

कार्यपालन यंत्री

जी-14188/44391/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सीहोर (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड - दमोह (म.प्र.)

क्रमांक/2511/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां. खंड दमोह दिनांक : 19.09.2020

निविदा सूचना क्रमांक - 68, 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77, 78, 79, 80/2020-21

दिनांक 09.09.2020 प्रकाशन बाबत।

प्रथम आमंत्रण

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से दमोह जिले के विभिन्न विकास खण्ड बटियागढ़/पथरिया अंतर्गत जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित नल जल को 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. हेतु रेट्रोफिटिंग कार्य हेतु प्रपत्र "2.10" प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली में "सी" अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेन्ट पार्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है :-

नि. क्र.	ई-नि.क्र.	एन.आई.टी. क्रमांक	विकास खण्ड	ग्राम का नाम	मात्रा नग में	अनु. लागत रु. लाख में	अमानत राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1	2020-21_PHED_100070	68/20-21	बटियागढ़	गजवरखेड़ा	1	27.88	55000	5000/-	3 माह
2	2020-21_PHED_100071	69/20-21	बटियागढ़	कबीरपुर	1	30.50	60000	5000/-	3 माह
3	2020-21_PHED_100072	70/20-21	बटियागढ़	हारट	1	49.87	99000	5000/-	3 माह
4	2020-21_PHED_100073	71/20-21	पथरिया	खजरा लखरोनी	1	35.45	71000	5000/-	3 माह
5	2020-21_PHED_100074	72/20-21	पथरिया	बम्होरी चौथ	1	35.69	71000	5000/-	3 माह
6	2020-21_PHED_100075	73/20-21	पथरिया	दुहाव	1	36.19	72000	5000/-	3 माह
7	2020-21_PHED_100076	74/20-21	पथरिया	बोवई	1	37.10	74000	5000/-	3 माह
8	2020-21_PHED_105206	75/20-21	पथरिया	रानगिर	1	36.71	72000	5000/-	3 माह
9	2020-21_PHED_105207	76/20-21	पथरिया	मडिया सीतानगर	1	38.47	76000	5000/-	3 माह
10	2020-21_PHED_105209	77/20-21	पथरिया	ममरखा	1	38.75	77000	5000/-	3 माह
11	2020-21_PHED_105220	78/20-21	पथरिया	पिपरिया चंपत	1	40.80	81000	5000/-	3 माह
12	2020-21_PHED_105222	79/20-21	पथरिया	मनकोरा	1	42.25	84000	5000/-	3 माह
13	2020-21_PHED_105224	80/20-21	पथरिया	नंदरई	1	35.49	71000	5000/-	3 माह

कोरे निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 23.09.2020 तक कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदाएं दिनांक 24.09.2020 को 17:30 बजे तक प्राप्त की जावेगी। प्राप्त समस्त ऑनलाइन सीलवंद निविदाएं दिनांक 26.09.2020 को लिफाफा अ पूर्वान्ह 11:00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 26.09.2020 अपरान्ह 13:30 बजे खोली जावेगी। दस्तावेज कार्यालय में 25.09.2020 कार्यालयीन समय तक जमा किये जा सकते हैं। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं विस्तृत जानकारी http://www.mptenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in पर भी उपलब्ध है।

कार्यपालन यंत्री

जी-14218/44394/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, खण्ड - दमोह

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड - सीहोर (म.प्र.)

Mail I.D. : eephseh@nic.in, Fax No. : 07562-224092

Telephone No. : 07562-224092, NEW BUS STAND SEHORE 466001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 16/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लो.स्वा.यां.वि./2020-21 सीहोर, दिनांक : 09.09.2020

निविदा आमंत्रण सूचना (RETENDER)

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

कार्य का नाम : सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के ग्राम **सेमरादांगी** में नलकूप स्रोत आधारित रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना का सर्वेक्षण, अन्वेषण, रूपांकन एवं नलकूपों पर पावर पम्प की स्थापना, नवीन विद्युत संयोजन, राईजिंग मेन एवं जल वितरण नलिकाओं के बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, योजना का 90 दिवस का ट्रायलरन के कार्य सहित।

निविदा क्रमांक	अनुमानित लागत (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_PHED_105559_2	33,75,082.00	50,000.00	5000.00	06 माह

कार्य का नाम : सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के ग्राम राजूखेड़ी में नलकूप स्रोत आधारित रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना का सर्वेक्षण, अन्वेषण, रूपांकन एवं नलकूपों पर पावर पम्प की स्थापना, नवीन विद्युत संयोजन, 50 कि.ली. जल संग्रहण क्षमता के सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, राईजिंग मेन एवं जल वितरण नलिकाओं के बिछाने एवं जोड़ने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, योजना का 90 दिवस का ट्रायलरन के कार्य सहित।

2020_PHED_105555_2	28,54,429.00	50,000.00	5000.00	06 माह

क्र.	कार्यक्रम का विवरण	निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय
01	ऑनलाइन निविदा प्रकाशन का दिनांक	09.09.2020, 04.00
02	निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विक्रय प्रारम्भ दिनांक	09.09.2020, 04.00
03	निविदा प्रपत्र डाउनलोड का **अंतिम दिनांक**	**23.09.2020, 05.30**
04	ऑनलाइन बिड सबमिशन की प्रारम्भ दिनांक	09.09.2020, 04.05
05	ऑनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम दिनांक	23.09.2020, 11.30
06	बिड ओपनिंग दिनांक	25.09.2020, 11.30

कार्यपालन यंत्री

जी-14178/44389/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड - सीहोर (म.प्र.)

विकास के लिये प्रतिबद्ध है मध्यप्रदेश सरकार-मुख्यमंत्री

अशोकनगर, मध्यप्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण और क्षेत्र के सर्वमुखी विकास के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार ने मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के लिये करोड़ों रुपये की सौगातें दी हैं। आगे भी क्षेत्र की जनता की सभी मांगें पूरी की जायेंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अशोकनगर जिले के विधानसभा क्षेत्र मुंगावली के कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित लोकार्पण और शिलान्यास तथा हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने कहा कि जनता की सेवा करना हमारा धर्म है। क्षेत्र के विकास एवं गरीबों के कल्याण के लिये धन की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिये दृढ़-प्रतिज्ञ है कि गरीब की थाली कभी खाली न रहे। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये 10-10 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में विकास की गंगा बहाई जा रही है। मुख्यमंत्री सभी क्षेत्रों के विकास पर ध्यान दे रहे हैं। वे निरंतर 24 घंटे आम जनता की सेवा में लगे रहते हैं। प्रदेश की प्रगति उनका मुख्य ध्येय है। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब मध्यप्रदेश मॉडल स्टेट के रूप में पहचाना जायेगा। साथ ही पूरे देश में विकास की अग्रिम पंक्ति में नंबर वन राज्य बनेगा।

राज्यमंत्री श्री बृजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों रुपये की सौगात लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री मुंगावली आए हैं। प्रदेश के मुखिया श्री शिवराज सिंह चौहान गरीबों एवं किसानों के मसीहा हैं।

किसानों को उपलब्ध कराया जायेगा प्रमाणित बीज

भोपाल, किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने में बीज संघ प्रभावी भूमिका निभायें। बीज उत्पादक समितियों द्वारा उत्पादित प्रमाणित बीज को शासन की विभिन्न योजनाओं में प्राथमिकता के आधार पर लिया जाकर किसानों को उपलब्ध कराया जाये। प्रदेश में नकली बीज के विक्रय को सख्ती से रोका जाये। प्राथमिक बीज उत्पादक सहकारी समितियों को बीज संघ की सदस्यता प्रदान की जाये। ये निर्णय सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बीज उत्पादक एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित के संचालक मंडल की बैठक में लिये गए। बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि बीज संघ के माध्यम से 20 जिलों में गोदाम सह ग्रेडिंग प्लांट निर्मित किये जा रहे हैं। वर्तमान स्थिति में 14 जिलों विदिशा, सीहोर, खंडवा, खरगोन, धार, बड़वानी, उज्जैन, देवास, मंदसौर, सागर, टीकमगढ़, बालाघाट, मंडला तथा सतना में गोदाम सह ग्रेडिंग प्लांट निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष जिलों में निर्माण कार्य प्रगतिरत है। प्रत्येक गोदाम की भण्डारण क्षमता एक हजार मीट्रिक टन होगी। इन ग्रेडिंग प्लांट की बीज प्रसंस्करण क्षमता 40 टन प्रति घंटा है।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में शासकीय संस्थाओं द्वारा उत्पादित कुल प्रमाणित बीज का लगभग 80 प्रतिशत योगदान बीज संघ का रहता है। प्रदेश में बीज प्रतिस्थापन दर में वृद्धि के लिये बीज संघ के योगदान की सराहना की गई। बीज संघ को स्ववित्त पोषित करने के लिये प्रस्तुत की गई कार्य-योजना का अनुमोदन भी किया गया। बीज संघ की आमसभा 29 सितम्बर 2020 को आयोजित करने का अनुमोदन किया गया। संचालक मंडल ने वर्ष 2021-22 के लिये बीज संघ के बजट का अनुमोदन भी किया। बीज संघ के प्रबंध संचालक ने बीज संघ की गतिविधियों व योजनाओं से भी अवगत कराया।

मुरैना में मेडिकल कॉलेज खोला जायेगा - मुख्यमंत्री

चंबल पेयजल परियोजना के लिये 135 करोड़ रुपये की घोषणा

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मुरैना जिले में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करते हुये।

मुरैना, प्रदेश के मुरैना में मेडिकल कॉलेज खोला जायेगा, सम्पूर्ण जिले को बेहतर से बेहतर आधुनिक चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध कराई जायेंगी और मुरैना शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए 135 करोड़ रुपये की चंबल परियोजना को मूर्तरूप दिया जायेगा। मुरैना शहर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से शानदार सभागार का निर्माण और मुरैना जिले के रिठौरा में महाविद्यालय खोला जायेगा। ये घोषणाएं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुरैना जिले में आयोजित एक कार्यक्रम में कीं।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कृषि, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं राज्यसभा सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुरैना शहर एवं ग्रामीण के सुनियोजित विकास के लिये मंजूर हुए 268 करोड़ 59 लाख रुपये लागत के 27 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 184 करोड़ 60 लाख रुपये लागत के 8 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं लगभग 84 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। मुख्यमंत्री ने लगभग दो दर्जन हितग्राहियों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत सहायता भी वितरित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार मिलकर विकास की नई इबारत लिख रही हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पौने दो लाख हितग्राहियों को पक्के घरों में गृह प्रवेश कराया है। विकास की यह श्रृंखला जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर की पहल पर चंबल क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिये साढ़े 8 हजार करोड़ रुपये की चंबल अटल प्रोग्रेस-वे परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है।

अटल प्रोग्रेस-वे केवल एक सड़क भर नहीं होगी, इसके दोनों ओर इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर स्थापित होगा। जिसके जरिए हजारों युवाओं को रोज़गार मिलेगा। उन्होंने कहा कि श्री तोमर के प्रयासों से ही भिण्ड और मुरैना जिले की सीमा पर सैनिक स्कूल खुलने जा रहा है। श्री चौहान ने दोहराया कि प्रदेश सरकार इस मूल मंत्र के साथ काम कर रही है कि गरीब की थाली कभी न रहे खाली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में किसान हितैषी सरकार काबिज है। सरकार इसी माह 18 सितम्बर को 20 लाख 4 हजार किसानों के खातों में फसल बीमा की 4 हजार 600 करोड़ रुपये की राशि जमा कराने जा रही है। सरकार ने बड़े पैमाने पर किसानों से समर्थन मूल्य पर सरसों, गेहूं इत्यादि फसलों की खरीदी की है।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान व प्रदेश के विकास के लिये पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रही है। मुरैना जिले के सुनियोजित विकास में भी नित नए अध्याय जुड़ रहे हैं। उन्होंने खासतौर पर मुरैना शहर में आगरा-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाईओवर ब्रिज, मुरैना को नगर पालिका से नगर निगम बनाने, नवीन कलेक्ट्रेट तथा शहीद भवन का निर्माण, गांव-गांव में सड़कों का जाल, अटेर से लेकर श्योपुर मार्ग की राष्ट्रीय राजमार्ग में तब्दीली और मुरैना की पेयजल समस्या के समाधान के लिये अमृत योजना का जिक्र किया।

सांसद श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के पास संकट का समाधान करने के लिये बेहतर कार्यप्रणाली है तथा वे एक सच्चे जनसेवक तो हैं ही साथ ही विकासोन्मुखी सोच भी रखते हैं। इसी वजह से कि हम सबकी उम्मीदों के अनुरूप उन्होंने मुरैना के सीतापुर औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिये 101 करोड़ रुपये की सौगात दी।

जन सामान्य को कोरोना संक्रमण की घातकता से कराएं अवगत

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना प्रबंधन की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, वैश्विक स्तर से प्रदेश तक कोरोना महामारी की गंभीर होती स्थिति के कारण सजगता और सतर्कता जरूरी है। कोरोना संक्रमण की घातकता को समझना और उससे डरना आवश्यक है। तभी हर व्यक्ति कोरोना से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी का गंभीरता से पालन करेगा। राज्य सरकार कोरोना नियंत्रण और प्रबंधन के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ भी प्राण-प्रण से लगे हैं। अभी कोरोना की दवा उपलब्ध नहीं है, इसमें समय लगना संभावित है। अतः समाज को इस दिशा में और अधिक गंभीर होना होगा। सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं को सक्रिय होकर जन-जन को कोरोना से बचाव की सावधानियां अपनाने के लिए प्रेरित करना होगा। यह वातावरण बनाना होगा कि यह मजबूरी नहीं अपने बचाव और सुरक्षा के लिए जरूरी है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में कोरोना प्रबंधन की समीक्षा बैठक में कहीं।

व्यापारियों की पहल सराहनीय

श्री चौहान ने भोपाल के न्यू मार्केट और दस नंबर क्षेत्र तथा इंदौर के व्यापारियों द्वारा दुकानें खोलने का समय स्वयं सीमित करने और भीड़ नियंत्रण के लिए की गई पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि सावधानियां बरतने के इस प्रेरणादायी व्यवहार को राज्य शासन प्रोत्साहित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की गंभीर होती स्थिति और सामाजिक तथा आर्थिक गतिविधियां लंबे समय तक बंद नहीं कर पाने की बाध्यता को देखते हुए दीर्घकालिक रणनीति बनाना आवश्यक है। श्री चौहान ने कहा कि सर्वसम्मति से रोडमैप विकसित किया जाए। इसके लिए धर्म गुरुओं, सामाजिक, राजनैतिक, व्यापारिक संगठनों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं से विचार-विमर्श कर कार्ययोजना बनाई जाए। कोरोना प्रबंधन के लिए शासकीय सहित निजी अस्पतालों के प्रबंधन और विषय-विशेषज्ञों से संवाद कर रणनीति विकसित करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा दिए गए।

ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने वाली देश की पहली विद्युत वितरण कंपनी

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी देश की पहली ऐसी बिजली वितरण कंपनी है जिसमें कंपनी कार्यक्षेत्र के कॉर्पोरेट कार्यालय से लेकर क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक एवं वृत्त कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली से काम किया जा रहा है। कंपनी द्वारा 27 जुलाई से एनआईसी ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से सफलतापूर्वक ई-फाइल एवं पत्राचार किया जा रहा है। विगत डेढ़ महीने से चल रही ई-ऑफिस प्रणाली समूचे मध्यप्रदेश में सराही जा रही है।

एक दर्जन से अधिक आईटी अनुप्रयोग किये गये लागू

उल्लेखनीय है कि ई-ऑफिस प्रणाली के साथ-साथ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में एक दर्जन से भी अधिक आईटी के ऐसे अनुप्रयोग लागू हैं जो कि देश के पॉवर सेक्टर में एक मिसाल बन गए हैं। कंपनी द्वारा बनाए गए ई-अनुप्रयोगों में उच्चदाब से लेकर निम्नदाब, कृषि उपभोक्ता, गैर घरेलू उपभोक्ता और अन्य श्रेणी के सभी उपभोक्ताओं को ऑनलाइन आवेदन करने पर भार में वृद्धि/कमी के साथ ही नवीन कनेक्शन भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

ऑनलाइन बिल भुगतान के अनेक विकल्प हैं उपलब्ध

कंपनी द्वारा ऑनलाइन बिल भुगतान के अनेक विकल्प उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराये गये हैं जिसका उपयोग करीब 7 से 8 लाख उपभोक्ता कर रहे हैं। गांवों में कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा, उपाय एप, मेंटिनेंस एप, सेल्फ मीटर रीडिंग सुविधा, इन्टरप्राइसेस रिसोर्सेस प्लानिंग जैसे अनेक अनुप्रयोग कंपनी में लागू किए गए हैं जिसका उपभोक्ता और कंपनी को निरन्तर लाभ मिल रहा है।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कोरोना काल के दौरान मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा ऑफिस की कार्यप्रणाली को परम्परागत फाइल वर्क्स से ई-ऑफिस प्रणाली की तरफ शिफ्ट किये जाने और कॉर्पोरेट कार्यालय के सभी अनुभागों के साथ ही कंपनी के क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक एवं वृत्त कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से सफलतापूर्वक काम शुरू करने पर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण कार्य कर रही है विद्युत वितरण कंपनी

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं के हित में महत्वपूर्ण कार्य किया है। ई-ऑफिस प्रणाली के लागू होने से उपभोक्ताओं के कार्य जल्दी हो रहे हैं और कार्यालयीन कार्य में समय की बचत हो रही है। साथ ही भौतिक रूप से फाइल का मूवमेंट नहीं होने तथा मानव रहित व्यवस्था होने से संक्रमण आदि से भी बचा जा रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आत्मनिर्भर ग्रामीण मध्यप्रदेश के लिये बनेगी नीति-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन जिले में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों को हितलाभ वितरित करते हुये।

रायसेन, जल, जंगल, जमीन और पशुधन को मिलाकर ग्रामीण आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिये जल्द ही नीति बनाई जायेगी। बाढ़ प्रभावित किसानों और नागरिकों की क्षति की भरपाई की जायेगी तथा जिनके मकान तहस-नहस हुये हैं, उन्हें पहले जैसे घर बनाने के लिये लगभग दो लाख रुपये की राशि विभिन्न मदों से उपलब्ध कराई जायेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन जिला मुख्यालय के दशहरा मैदान पर सांची विधानसभा क्षेत्र के 292.28 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया। उन्हें न ही कभी प्राकृतिक आपदा में राहत दी और न ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि दिलाई। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि एक साथ 20 लाख किसानों के खाते में 4 हजार 688 करोड़ रुपये की फसल बीमा राशि अंतरित की जायेगी। श्री चौहान ने कहा कि पिछली सरकार ने फसल बीमा की किश्त ही नहीं भरी थी। हमने दोनों किश्त भरकर पहले 3 हजार करोड़ रुपये दिये और अब 4 हजार 688 करोड़ रुपये दिये जायेंगे।

रायसेन में इंजीनियरिंग कॉलेज खुलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब रायसेन भी किसी जिले से पीछे नहीं रहेगा। रायसेन में इंजीनियरिंग कॉलेज, पशु चिकित्सा में डिप्लोमा जैसे संस्थान तो खुलेंगे साथ ही, गैरतगंज में स्टेडियम भी बनेगा। श्री चौहान ने कहा कि पुरानी सरकार ने संबल, महिला सशक्तिकरण और विद्यार्थियों के कल्याण की जितनी योजनाएं बंद की थीं, हमने फिर से उन्हें शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि गरीबों को विपत्ति के समय संबल योजना से मदद मिलेगी, तो होनहार विद्यार्थियों को पहले जैसे लैपटॉप भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार सबकी सुनने वाली सरकार है और विकास के मामले में तो जहां चाह-वहां राह। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 23 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत 70 लाख रुपये से अधिक राशि के हितलाभ से लाभान्वित किया।

समारोह में लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जनसेवक के रूप में सरकार चलाकर प्रदेश के जन-जन का भला कर रहे हैं। उन्होंने आमजनों का आह्वान किया कि वे सरकार को अपना भरपूर समर्थन दें। लोक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र के विकास के सारे काम स्वीकृत करते हुए कहा कि विकास के लिए धन की कमी नहीं आयेगी।

दक्षता से कार्य करें जिला कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना काफी कुछ नियंत्रित हुआ है। वायरस की जांच, उपचार और देखरेख की अच्छी से अच्छी व्यवस्थाएं की गईं। अब जिला स्तर पर कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर प्रारंभ हुए हैं, जो नागरिकों को कोरोना वायरस से जुड़े प्रत्येक पहलू एवं लागू की गई व्यवस्थाओं के संबंध में सूचित करने के साथ ही उपचार संबंधी दायित्व वहन करेंगे। दो तरफा संवाद की व्यवस्था से इन केंद्रों के सहयोग से रोगियों के उपचार का बेहतर प्रबंधन होगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिला कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के कार्य और उपयोगिता पर केन्द्रित प्रेजेन्टेशन देखने के बाद कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र लोगों को अच्छी सेवाएं दें, इसके लिए चिकित्सकों को पूर्व की तरह अपने दायित्व को कुशलता से पूरा करना है। श्री चौहान ने ग्वालियर सेंटर के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान ने डिस्ट्रिक्ट कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की कार्य पद्धति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। रोगियों को कोरोना से बचाव के लिए निरंतर सतर्क रहने के उद्देश्य से पल्स ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर के उपयोग और सार्थक लाइट एप डाउनलोड करने के लिए यह केंद्र प्रोत्साहित कर रहा है। बैठक में जानकारी दी गई कि डिस्ट्रिक्ट कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का मुख्य उद्देश्य कोविड रोगियों को हर समय फीवर क्लीनिक, जांच सैम्पल लिए जाने, अस्पतालों में उपलब्ध विस्तर की जानकारी सहित होम आइसोलेशन और सर्विलेंस की सेवाएं उपलब्ध कराना है। इन केंद्रों में चिकित्सक निरंतर उपलब्ध हैं।

जिले के एसटीडी कोड के पश्चात 175 नंबर डॉयल कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) जोन स्तर पर डॉक्टर एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था 24 घंटे की गई है। यह केंद्र रोगियों की प्रतिदिन मॉनीटरिंग कर आवश्यक परामर्श देने का कार्य प्रारंभ कर चुके हैं। सेंटर के माध्यम से रोग की शीघ्र पहचान, एम्बुलेंस व्यवस्था, वीडियो कॉलिंग, टेलीकॉलिंग के माध्यम से लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। व्यवस्था के अनुसार प्रदेश में इन केंद्रों में तीन शिफ्ट में जिम्मेदार लोग उपलब्ध रहेंगे।

सहकारिता विभाग 69 हजार हितग्राहियों को वितरित करेगा किसान क्रेडिट कार्ड

भोपाल, गरीब कल्याण सप्ताह अन्तर्गत प्रधानमंत्री किसान योजना सहित विभिन्न योजनाओं में लगभग 69 हजार हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किये जायेंगे। इसके साथ ही कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण देने हेतु सहकारी बैंकों को 800 करोड़ रुपये की राशि प्रदाय की जायेगी। ये बातें सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया ने गरीब कल्याण सप्ताह अन्तर्गत 22 सितम्बर को आयोजित होने वाले सहकारिता विभाग के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के दौरान कहीं।

डॉ. अरविन्द भदौरिया ने कहा कि प्रदेश भर में प्रधानमंत्री किसान योजना के हितग्राही सहित पात्र सभी कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराये जायें, कोई भी पात्र हितग्राही किसान क्रेडिट कार्ड पाने से छूटना नहीं चाहिये। उन्होंने कहा कि किसानों को क्रेडिट कार्ड मिल जायेंगे तो वे खेती-किसानी की उन्नति के लिये ऋण सरलता से प्राप्त कर सकेंगे।

बैठक में बताया गया कि गरीब कल्याण सप्ताह कार्यक्रम अंतर्गत सहकारिता विभाग द्वारा 22 सितम्बर को राज्य स्तर तथा जिला स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे।

नीट-2020

प्रदेश सरकार ने चौदह हजार 322 परीक्षार्थियों को निःशुल्क परिवहन द्वारा केंद्रों तक पहुंचाया

भोपाल, मध्यप्रदेश में 13 सितम्बर को संभाग स्तर पर आयोजित नीट परीक्षा में शामिल होने वाले प्रदेश के 14 हजार 322 परीक्षार्थियों को शासन की ओर से निःशुल्क परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश के नीट के परीक्षार्थियों को कोविड संक्रमण के चलते केंद्रों तक निःशुल्क परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। घोषणा के क्रियान्वयन के अनुक्रम में स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री इंदर सिंह परमार द्वारा संभाग स्तर पर अभ्यर्थियों के लिये निःशुल्क परिवहन व्यवस्था को सुनिश्चित किया गया।

जिन परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिये निःशुल्क परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराई गई, उनमें भोपाल संभाग के 955, सागर संभाग के 1270, रीवा संभाग के 1665, शहडोल संभाग के 381, जबलपुर संभाग के 2724, नर्मदापुरम् संभाग के 1590, ग्वालियर संभाग के 976, उज्जैन संभाग के 941 एवं इंदौर संभाग के 3820 परीक्षार्थी शामिल हैं। निःशुल्क परिवहन व्यवस्था परीक्षार्थियों के साथ उनके अभिभावकों के लिये भी उपलब्ध कराई गई।

पॉलीटेक्निक कॉलेज और आईटीआई बनेंगे सशक्त और आकर्षक

भोपाल, शिवपुरी पॉलीटेक्निक कॉलेज को सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जायेगा। सभी प्रकार की आधुनिक तकनीक से लैस यह कॉलेज एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करेगा। यह बात तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने विभागीय गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कही।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि प्रदेश के पॉलीटेक्निक कॉलेज एवं आई.टी.आई. को सशक्त और आकर्षक बनाना है। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में बच्चों की संख्या कम क्यों है, इस पर गहन विचार होना आवश्यक है। विद्यार्थियों का रुझान इस ओर बढ़े इसके लिये पारंपरिक पाठ्यक्रमों में बदलाव तथा जागरूकता की भी जरूरत है। युवाओं को यह जानकारी होना चाहिए कि इन पाठ्यक्रमों से किस प्रकार रोज़गार के अवसर उत्पन्न किये जा सकते हैं।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार कर इसे रोज़गारोन्मुखी बनाया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को ऑनलाइन काउंसलिंग, प्रवेश प्रक्रिया आदि की मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिये।

प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा श्रीमती करलिन खोंगवार ने बताया कि शिवपुरी पॉलीटेक्निक कॉलेज को सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की कार्ययोजना तैयार है। उन्होंने बताया कि कॉलेज में जल्द ही फेस रिकग्निशन उपस्थिति, ऑनलाइन स्टूडेंट फीडबैक, ऑनलाइन स्टूडेंट ग्रीवान्स सिस्टम, 50 सीटर बालिका छात्रावास आदि प्रस्तावित है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

भोपाल और इंदौर में गठित किया जायेगा मेट्रोपोलिटन एरिया

निःशक्त बालक-बालिकाओं के लिये बनेगा स्टेडियम

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में मंत्रिपरिषद की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न हुई। मंत्रिपरिषद ने भोपाल और इंदौर शहर में मेट्रो रेल परियोजना के क्रियान्वयन के लिये मेट्रोपोलिटन एरिया (महानगर क्षेत्र) गठित करने का निर्णय लिया। भोपाल महानगर क्षेत्र में भोपाल निवेश क्षेत्र तथा मंडीदीप निवेश क्षेत्र सम्मिलित होंगे। इंदौर महानगर क्षेत्र में महू निवेश क्षेत्र तथा पीथमपुर निवेश क्षेत्र को जोड़ा गया है। मंत्रिपरिषद ने निःशक्त बालक-बालिकाओं के लिये ग्वालियर में स्टेडियम निर्माण के लिये 7.902 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया। मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गए अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

- मंत्रिपरिषद ने इंदौर-पीथमपुर इन्वेस्टमेंट रीजन में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने संबंधी परियोजना को अनुमोदन प्रदान किया। परियोजना के अंतर्गत पीथमपुर औद्योगिक निवेश सेक्टर 4 तथा 5 को 586.70 हेक्टेयर भूमि पर 550 करोड़ रुपये की लागत से दो चरणों में विकसित किया जायेगा।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में बल्क ड्रग पार्क की स्थापना के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की।
- होशंगाबाद जिले के बावई-मोहसा में यह पार्क स्थापित होगा।
- रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भारत सरकार की बल्क ड्रग पार्क प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत स्थापित होने वाले इस पार्क में आने वाली फार्मा इकाइयों को योजना के अनुरूप विशेष वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।
- मध्यप्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।
- भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विकसित होने वाले इस पार्क में आने वाली विनिर्माण इकाइयों को योजना के अनुरूप विशेष वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी।
- मंत्रिपरिषद ने 6 हजार 111 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली दस समूह जल प्रदाय योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की।
- मध्यप्रदेश जल निगम द्वारा क्रियान्वित होने वाली इन योजनाओं से प्रदेश के 8 जिलों धार, देवास, गुना, शिवपुरी, अशोक नगर, सागर, सिंगरौली तथा आगर के 4 हजार 404 गांवों में घरेलु नल कनेक्शन के माध्यम से प्रत्येक घर को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी।
- मंत्रिपरिषद द्वारा जेरा मध्यम सिंचाई परियोजना के लिये 170 करोड़ 8 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- सागर जिले के जैसीनगर विकासखण्ड में बनने वाली इस परियोजना से 5 हजार 400 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित होगी।
- मंत्रिपरिषद की बैठक में अटल भू-जल योजना के क्रियान्वयन के लिये 314 करोड़ 54 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- योजना के अंतर्गत बुन्देलखण्ड अंचल के 6 जिलों क्रमशः सागर, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, पन्ना तथा निवाड़ी के 9 विकासखण्ड क्रमशः सागर, पथरिया, छतरपुर, नौगांव, राजनगर, बल्देवगढ़, निवाड़ी, पलेरा एवं अजयगढ़ की 678 ग्राम पंचायतों के क्षेत्र के भू-जल स्तर में सुधार होगा।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक 2020 तथा मध्यप्रदेश कराधान अधिनियमों की पुरानी बकाया राशि का समाधान विधेयक 2020 का अनुमोदन किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश को साढ़े तीन वर्ष में बनायेंगे आत्मनिर्भर

भिण्ड, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में मध्यप्रदेश सरकार पूरा योगदान देगी। हम सभी के सहयोग से अगले साढ़े तीन वर्ष में मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भिण्ड जिले के अमायन में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का ड्राफ्ट पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती के सहयोग से तैयार किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने अमायन क्षेत्र के निवासियों को सौगात देते हुए कहा कि अमायन में तहसील कार्यालय शुरू किया जायेगा। इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने मंच से ही संभागीय कमिश्नर एवं कलेक्टर को अमायन में तहसील कार्यालय शुरू करने के निर्देश दिए। श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के रौन कस्बे को नगर पंचायत बनाने की कार्रवाई भी पूरी कर ली है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 160 करोड़ रुपये लागत की मां रतनगढ़ सिंचाई परियोजना को भी प्रदेश सरकार ने फिर से शुरू करा दिया है। इस सिंचाई परियोजना से अमायन क्षेत्र के 63 गांवों की जमीन सिंचित होगी। श्री चौहान ने मेहगांव क्षेत्र में बने नए स्टेडियम, कृषि उपज मंडी एवं अन्य बड़े विकास कार्यों का नामकरण महापुरुषों के नाम से कराने के लिये प्रस्ताव भिजवाने के लिए राज्यमंत्री श्री ओपीएस भदौरिया से कहा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती द्वारा चलाए गए 'पंच-ज' अभियान से हमें प्रदेश के विकास और जन सेवा के लिये कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा सुश्री उमा भारती ने मध्यप्रदेश के विकास के लिये जो श्रृंखला चलाई थी उसे हम आगे बढ़ा रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने मुख्यमंत्री की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए कहा हमें भरोसा है कि आत्मनिर्भर भारत योजना में मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को मॉडल बनाकर दिखायेंगे। सुश्री उमा भारती ने यह भी कहा कि महामारियों के फैलने के पीछे प्रकृति के साथ किया गया अन्याय भी है। उन्होंने कहा हमारी संस्कृति, प्रकृति, पर्यावरण, विज्ञान एवं आस्था को साथ लेकर चलती है। हमें अपनी जीवनशैली बदलकर, इसी संस्कृति पर चलना होगा।

सरकार कोविड नियंत्रण के लिये चलायेगी स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम

भोपाल, राज्य सरकार कोविड नियंत्रण के लिये स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम चलायेगी। इसमें इंटर्न, मेडिकल स्टूडेंट, प्रायवेट प्रेक्टिसनर्स, आयुष डॉक्टर और नर्सिंग स्टूडेंट को शामिल किया जायेगा। ये बातें चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने भोपाल में कोरोना नियंत्रण एवं व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक में कहीं।

श्री सारंग ने कहा कि लगभग 22 प्रायवेट अस्पताल कोविड का इलाज प्रारंभ कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता को देखते हुये अन्य निजी अस्पतालों को भी कोविड सेंटर बनाया जावे। अस्पतालों में आईसीएमआर की गाइडलाइन के अनुरूप उपचार उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश प्रसारित किये जा रहे हैं। ऑक्सीजन सप्लाई की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। नये अस्पतालों को शामिल करते समय देखा जाये कि निर्बाध ऑक्सीजन सप्लाई व्यवस्था हो। श्री सारंग ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत इम्पैनल्ड 61 अस्पतालों की टोटल क्षमता 5 हजार 894 में से 1 हजार 184 बेड कोविड के लिये समर्पित किये जाने के लिये चिन्हांकित किये गये हैं। हर अस्पताल के साथ जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों को समन्वय के लिये रखा जायेगा।

समय पर तथा ईमानदारी से टैक्स देने वालों को दें अतिरिक्त सुविधाएं

मध्यप्रदेश में पुनः चालू किया जायेगा भामाशाह पुरस्कार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में एक उच्च स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, समय पर एवं ईमानदारी से टैक्स देने वालों को न केवल सम्मानित किया जाए, बल्कि उन्हें सरकार की ओर से अतिरिक्त सुविधा भी प्रदान की जाए। भामाशाह पुरस्कार को पुनः चालू किया जाए। साथ ही टैक्स की चोरी को सख्ती से रोका जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिये बनाई गई विभागों की उच्च स्तरीय समिति (एडिशनल रिसोर्स मोबिलाइजेशन समिति) की बैठक को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विभिन्न विभागों के अनावश्यक व्ययों को कम किया जाए तथा राजस्व बढ़ाने के प्रयास किए जाएं।

'ई-वे बिल' को 'फास्ट टैग' के साथ एकीकृत करें

मुख्यमंत्री ने वाणिज्यिक कर की पूरी वसूली के लिए 'ई-वे बिल' को 'फास्ट टैग' के साथ एकीकृत करने तथा सभी टोल नाकों पर फास्ट टैग सुविधा प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके लिए समयबद्ध कार्यक्रम बनाया जाए। बकाया वाणिज्यिक कर की वसूली के लिए बन टाइम सैटलमेंट योजना पर भी कार्य किया जाए।

अवैध शराब की बिक्री व निर्माण रोकें

आबकारी आय में वृद्धि के लिए अवैध शराब की बिक्री एवं निर्माण सख्ती से रोका जाए। अन्य राज्यों की आबकारी नीति विशेष रूप से आंध्रप्रदेश मॉडल का अध्ययन कर वहां की बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाया जाए। श्री चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आदिवासियों की परंपराओं के साथ बिल्कुल छेड़छाड़ न की जाए। शराब की दुकानों पर कम्प्यूटराइजेशन कर टैक्स लीकेज रोके जाएं।

राज्य परिवहन पोर्टल को 'वाहन पोर्टल' से एकीकृत करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि परिवहन क्षेत्र में राजस्व बढ़ाने के लिए राज्य परिवहन पोर्टल को केन्द्र सरकार के 'वाहन पोर्टल' के साथ एकीकृत किया जाए। अपर मुख्य सचिव श्री मिश्रा ने बताया कि यह कार्य आगामी जनवरी माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

शहरी संपत्तियों को 'संपदा-रजिस्ट्रेशन सॉफ्टवेयर' से जोड़ना

शहरी क्षेत्रों में संपत्ति कर की पूरी वसूली के लिए शहरी संपत्तियों को 'संपदा रजिस्ट्रेशन सॉफ्टवेयर' से जोड़ा जाए। शहरी क्षेत्रों की नजूल भूमि के स्वत्वों का निर्धारण किया जाए। वनों से आय में वृद्धि के लिए बिगड़े वनों को निजी सहभागिता से सुधारा जाए।

शासकीय निर्माण कार्यों पर खर्च किए जाएं कम

शासकीय निर्माण कार्यों पर खर्च कम करने के लिए एक राज्य स्तरीय अधोसंरचना विकास एजेंसी बनाई जाए, जो विभिन्न विभागों की अधोसंरचना निर्माण का कार्य करे। साथ ही निर्माण कार्यों को 'फास्ट टैग' किया जाए।

उद्योगों के उपयोग के लिए भूमि के छोटे क्लस्टर

भोपाल एवं इंदौर जैसे बड़े शहरों के आसपास उद्योगों के उपयोग के लिए भूमि के छोटे क्लस्टर बनाए जाएं। साथ ही भोपाल एवं इंदौर की औद्योगिक उपयोग की भूमि को 'एम.पी. मेगा इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट' के अंतर्गत अधिसूचित किया जाए।

घरों पर सस्ते सोलर पैनल

ऊर्जा की दर में कमी करने के लिए घरों पर 'रेस्को मॉडल' के अंतर्गत सोलर पैनल लगवाए जाएं। इन पर प्रति यूनिट बिजली व्यय 3 रुपये 50 पैसे आता है।

अविकसित भूमि भी औद्योगिक इकाई स्थापना के लिए दी जाएगी

रतलाम, सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्योग प्रोत्साहन योजना तथा विभिन्न स्वरोज़गार योजनाओं के बकाया अनुदान की लगभग 80 प्रतिशत राशि आगामी दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह तक जारी कर दी जाएगी। विकसित क्षेत्र के अलावा अविकसित भूमि भी औद्योगिक इकाई स्थापना के लिए दी जाएगी। यदि औद्योगिक एसोसिएशन इच्छुक होंगे तो विकसित औद्योगिक क्षेत्रों के मेंटेनेंस का जिम्मा भी उनको सौंपा जा सकेगा। ये बातें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सकलेचा ने रतलाम में औद्योगिक संघ की बैठक को सम्बोधित करते हुये कहीं।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा रतलाम में औद्योगिक संघ की बैठक को संबोधित करते हुये।

श्री सखलेचा ने कहा कि राज्य शासन प्रदेश में उद्योगों के विकास खासतौर पर लघु एवं मध्यम उद्योग इकाइयों के विकास एवं विस्तार के लिए कृत-संकल्पित है। लघु-मध्यम इकाइयां बड़ी संख्या में रोज़गार देती हैं जो लॉकडाउन के बाद एवं कोरोना काल में बहुत जरूरी है। इस संबंध में वेबिनार आयोजित किये गये। आत्मनिर्भर भारत एवं मध्यप्रदेश की अवधारणा के साथ हर जिला आत्मनिर्भर बने, हम किफायती दरों पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को बिजली देंगे। दरों को कम से कम किया जा रहा है, उद्योगपतियों की सहूलियत के लिए प्रॉपर्टी टैक्स के संबंध में भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। समय अंतराल में उद्योगों और श्रमिकों के मध्य कॉन्ट्रेक्टर्स की बड़ी संख्या उत्पन्न हो गई है, इस ट्रेंड को कम किया जाएगा। नवीन औद्योगिक इकाइयों में शासन के प्रावधान अनुसार आरक्षित वर्ग को रोज़गार देने वाली इकाई को अतिरिक्त अनुदान देने पर शासन विचार कर रहा है।

श्री सखलेचा ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर लॉजिस्टिक क्लस्टर की स्थापना, एक्सपोर्ट हब तथा प्रोसेसिंग यूनिट्स की स्थापना की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में फूड प्रोसेसिंग उद्योग इकाइयों की स्थापना के वृहद प्रयास शासन द्वारा किए जा रहे हैं। नए एंटरप्रेन्योर को मार्गदर्शन देने की व्यवस्था की गई है ताकि औद्योगिक क्षेत्र में युवा आगे आएं और स्वरोज़गार करें। एंटरप्रेन्योर स्किल बेस्ड योजनाएं सदैव सफल रहती हैं। सेवा उद्योगों, मैरिज गार्डन इत्यादि के लिए स्पष्ट गाइड लाइन बनाई जाएगी जो समय और परिस्थिति के अनुसार रहेगी।

श्री सखलेचा ने उद्योगपतियों से आग्रह किया कि वे अपने सुझाव कलेक्टर या जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अथवा पोस्ट द्वारा उन्हें प्रेषित कर सकते हैं, अच्छे सुझाव पर अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम एग्जिट पालिसी भी बना रहे हैं जिससे उद्योगपति चाहे तो अपने ट्रेंड से बाहर निकलकर नवीन औद्योगिक कार्य कर सकेगा।

श्री सखलेचा ने कहा कि कोरोना काल में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को 20 प्रतिशत ज्यादा कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई गई है, ताकि औद्योगिक विकास सतत बना रहे। श्री सखलेचा ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन द्वारा बैंकर्स के साथ आयोजित की जाने वाली बैठकों में क्षेत्रीय सांसद तथा विधायकों को भी आमंत्रित किया जाए। श्री सखलेचा ने इस अवसर पर इंडस्ट्रीज रिवॉल्यूशन इन रतलाम हिस्ट्री ब्रोशर का विमोचन भी किया।

आदर्श शिक्षण योजना तैयार करने वाले शिक्षक होंगे पुरस्कृत

भोपाल, राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षण योजना निर्माण विषय पर यू-ट्यूब लाइव द्वारा राज्य स्तरीय शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। संवाद में आयुक्त, राज्य शिक्षा केंद्र, श्री लोकेश कुमार जाटव ने कहा कि कोविड-19 के दौरान हमने ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी की सहभागिता सुनिश्चित की है। बच्चों की शिक्षा के सभी प्रयासों के केंद्र बिंदु शिक्षक हैं। उनकी भूमिका का कोई विकल्प नहीं है। कक्षा की गतिविधियों में शिक्षक की ही भूमिका सर्वोपरि होती है। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों में बेहतर शिक्षण हेतु शिक्षकों को सुझाव एवं दिशा-निर्देश भी दिए।

शिक्षण योजना बाल केन्द्रित हो

शिक्षक बच्चों के अनुरूप, बाल केन्द्रित पाठ्यक्रम तैयार करें और जॉयफुल लर्निंग में पढ़ाने का प्रयास करें, ताकि बच्चे स्वरुचि से पढ़ाई में शामिल हों। साथ ही शिक्षक सहायक शिक्षण सामग्री का बेहतर प्रयोग सुनिश्चित करें। बच्चों को रटाएं नहीं, बल्कि उनसे रोचक और रचनात्मक प्रश्न पूछें। प्रश्न ऐसे हों जो बच्चों को सोचने पर मजबूर करें और विचार शक्ति का विकास करें। बच्चों की दैनिक आत्मसात करने की क्षमता बढ़ाने के लिये शिक्षकों को निरंतर कारगर प्रयास करना होंगे।

सिंगरौली के शिक्षक शरद पाण्डेय की कहानी साझा की

संवाद में सिंगरौली के शिक्षक शरद पाण्डेय की कहानी साझा की गई, कि उन्होंने कैसे अपनी वाइक पर व्हाइट बोर्ड एवं रेडियो भी फिट किया है। इन साधनों से वे वस्ती-वस्ती जाकर बच्चों को रचनात्मक और मनोरंजक तरीकों से पढ़ा रहे हैं। सभी शिक्षकों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड होगी शिक्षण योजना

बताया गया कि शिक्षण योजना निर्माण के लिए लर्निंग आउटकम आधारित टीचर हैंडबुक में उल्लेखित सीखने के मुख्य घटकों के आधार पर आदर्श पाठ योजना तैयार की जाएगी। डाइट, जिला शिक्षा केंद्र, विकासखंड स्रोत समन्वयक एवं जनशिक्षा केंद्र स्तर से शिक्षा योजना तैयार की जाएगी।

पुरस्कार एवं ग्रेडिंग

आयुक्त ने कहा कि आदर्श शिक्षण योजना निर्मित करने वाले शिक्षकों/जन शिक्षकों/ब्लॉक अकादमिक समन्वयकों को भी पुरस्कृत किया जायेगा। अभियान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये डाइट एवं जिला शिक्षा केंद्र द्वारा किये गए प्रयासों के आधार पर जिलों की ग्रेडिंग की जाएगी।

शिक्षकों की सहायता के लिए सीएम-राइज के अंतर्गत लर्निंग आउटकम कोर्स

श्री जाटव ने कहा कि दीक्षा एप पर पहला कोर्स प्रारंभ हो चुका है। पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों, जनशिक्षकों, ब्लॉक अकादमिक समन्वयकों, ब्लॉक स्रोत समन्वयक, सहायक परियोजना समन्वयकों अकादमिक एवं डाइट की सभी फैकल्टी को यह कोर्स श्रृंखला अनिवार्यतः पूर्ण करना है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

बांग्लादेश में

फर्जी सूचनाओं और अफवाहों के खिलाफ अभियान शुरू

बांग्लादेश सरकार ने सोशल मीडिया पर फर्जी सूचना

और अफवाहों के खिलाफ 'असोल चीनी' या 'रियल-शुगर' नाम से एक अभियान शुरू किया है। तीन महीने के अभियान में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) विभाग की डिजिटल सुरक्षा एजेंसी (डीएसए) और बांग्लादेश कंप्यूटर काउंसिल (बीसीसी) की एलआईसीटी परियोजना संयुक्त रूप से देश के लोगों में जागरुकता पैदा करने के लिए अभियान चलाएगी। इस उद्देश्य के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म Durbar21.org बनाया गया है।

पी-7 हेवी ड्रॉप सिस्टम

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने किया विकसित

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने

पी-7 हैवी ड्रॉप सिस्टम विकसित किया है। इसके जरिए 7 टन वजन तक के सैन्य उपकरणों को आईएल 76 विमान से नीचे गिराया जा सकेगा। पी-7 हैवी ड्रॉप सिस्टम की मदद से दुर्गम स्थलों पर सैन्य वाहनों को उतारा जा सकेगा। इस ड्रॉप सिस्टम का निर्माण मेक इन इंडिया के तहत किया गया है। यह पूरी तरह से स्वदेशी है। आर्मी और एयरफोर्स के अफसरों की निगरानी में किए गए इसके ट्रायल पूरी तरह से सफल रहे।

परेश रावल

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के अध्यक्ष नियुक्त

अभिनेता परेश रावल को देश के प्रमुख रंगमंच संस्थान

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति 4 साल के लिए की गई है। यह पद 2017 से खाली था। रतन थियम 2013 से 2017 तक एनएसडी के अध्यक्ष थे। 65 वर्षीय रावल को सिनेमा और रंगमंच दोनों में कई वर्षों का अनुभव है। परेश रावल अहमदाबाद ईस्ट से लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं।

जुल्फिकार-99

समुद्र तट पर ईरान ने किया युद्धाभ्यास

ईरान की सेना ने देश के दक्षिणी इलाके में समुद्र तट पर युद्धाभ्यास जुल्फिकार-99 (Zulfiqar-99) आयोजित किया। तीन दिन तक चले इस सैन्याभ्यास में ईरान की

सेना, नेवी और वायुसेना ने हिस्सा लिया। इसमें ईरान ने एयर डिफेंस और नए हथियारों को भी तैनात किया। यह सैन्याभ्यास करीब 20 लाख वर्ग किलोमीटर इलाके में हुआ। यह अभ्यास होर्मूज स्ट्रेट, सी ऑफ ओमान, मकरान तट और उत्तरी हिंद महासागर में आयोजित किया गया। इस पूरे अभ्यास का संचालन जुल्फिकार आर्मी बेस से किया गया।

प्रीति सूदन

विश्व स्वास्थ्य संगठन की पैनल में शामिल

पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को विश्व स्वास्थ्य संगठन

की महामारी की तैयारियों और उससे निपटने को लेकर बने स्वतंत्र पैनल में शामिल किया गया है। इस पैनल में दुनियाभर से 11 लोग शामिल किए गए हैं। प्रीति 1983 बैच की आंध्रप्रदेश कैडर की आईएएस अधिकारी रही हैं। वे कोरोना के खिलाफ लड़ाई में फ्रंट पर रहीं। आयुष्मान भारत योजना को लागू कराने में भी प्रीति की अहम भूमिका रही है।

एयरो इंडिया 2021

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने वेबसाइट लॉन्च की

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने एयरो इंडिया 2021 की

वेबसाइट https://aerozia.gov.in लॉन्च की। इस वेबसाइट पर स्पेस बुकिंग की जा सकती है। एयरो इंडिया 2021 वेबसाइट एशिया के सबसे बड़े एयरो शो के लिए एक ऑनलाइन इंटरफेस होगी। यह प्रदर्शनकारियों और आगंतुकों दोनों के लिए ही इस आयोजन से संबंधित सभी ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करेगी। एयरो इंडिया-21 का 13वां संस्करण 3 से 7 फरवरी, 2021 तक बेंगलुरु के वायु सेना स्टेशन, येलहंका में आयोजित किया जाएगा।

My Gov ने

हिन्दी का ट्विटर हैंडल और टेलीग्राम चैनल लॉन्च किया

हिन्दी दिवस के अवसर पर भारत सरकार के

जनसहभागिता मंच My Gov ने हिन्दी के ट्विटर हैंडल और टेलीग्राम चैनल की शुरुआत की। My Gov के हिन्दी ट्विटर हैंडल पर भारत सरकार की योजनाओं एवं गतिविधियों की नवीनतम जानकारी हिन्दी में इन्फोग्राफिक्स, वीडियो व पॉडकास्ट के जरिए प्रदान की जाएगी। टेलीग्राम पर भी My Gov ने अपने आधिकारिक हिन्दी चैनल की शुरुआत की है। My Gov प्लेटफॉर्म का शुभारंभ 26 जुलाई 2014 को सरकारी कार्यक्रमों और नीतियों से संबंधित नागरिक सहभागिता को बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था।

जेन फ्रेजर

सिटी बैंक की अगली सीईओ होंगी

सिटी ग्रुप ने जेन फ्रेजर को अपना अगला मुख्य

कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नामित किया है। वह सिटी बैंक की पहली महिला सीईओ होंगी। जेन, माइकल कॉर्बेट का स्थान लेंगी, जो फरवरी 2021 में सेवानिवृत्त हो रहे हैं। फ्रेजर 16 वर्षों से सिटी बैंक से जुड़ी हुई हैं। वह बैंक के लैटिन अमेरिकी डिवीजन का नेतृत्व भी कर चुकी हैं। सिटी बैंक के निदेशक मंडल के अध्यक्ष का कहना है कि फ्रेजर में असीम क्षमताएं हैं, वे बैंक को अगले स्तर पर ले जाएंगी।

आयुष्मान खुराना

यूनिसेफ इंडिया के सेलेब्रिटी एडवोकेट नियुक्त

अभिनेता आयुष्मान खुराना को यूनिसेफ इंडिया का सेलेब्रिटी एडवोकेट नियुक्त किया गया है। इस पद पर रहते हुए आयुष्मान देश में बच्चों के खिलाफ होने वाली हिंसाओं के खिलाफ लोगों को जागरुक करेंगे और उन्हें कम करने के लिए काम करेंगे। आयुष्मान राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता हैं। उन्हें 2019

की फोर्ब्स इंडिया की सेलेब्रिटी 100 सूची में भी जगह मिली थी। यूनिसेफ बच्चों, युवाओं, परिवारों, समुदायों, प्रभावशाली व्यक्तियों और सरकार के साथ भागीदारी करके बच्चों के खिलाफ हो रही हिंसा को समाप्त करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

राजेश खुल्लर

विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक नियुक्त

राजेश खुल्लर को विश्व बैंक का कार्यकारी निदेशक

नियुक्त किया गया है। वह 1988 बैच के हरियाणा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। वर्तमान में वह हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रधान सचिव हैं। विश्व बैंक में खुल्लर की नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है। वह 31 अगस्त, 2023 को सेवानिवृत्त होने वाले हैं, तब तक वह विश्व बैंक में कार्यकारी निदेशक के तौर पर अपनी सेवाएं देंगे।

समीर कुमार खरे

एशियाई विकास बैंक के कार्यकारी निदेशक नियुक्त

समीर कुमार खरे को एशियाई विकास बैंक (एडीबी),

मनीला का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी आदेश में यह जानकारी दी गई है। खरे 1989 बैच के असम-मेघालय कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। अभी वह आर्थिक मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं। एडीबी में समीर की नियुक्त तीन साल के लिए की गई है। वह वित्त, शहरी और ग्रामीण विकास आदि कई विभागों में कार्य कर चुके हैं।

श्री हरिवंश नारायण सिंह

राज्यसभा के उपसभापति चुने गए

श्री हरिवंश नारायण सिंह राज्यसभा के उपसभापति चुने

गए हैं। वे लगातार दूसरी बार राज्यसभा के उपसभापति बने। श्री हरिवंश का जन्म 30 जून 1956 को बलिया जिले में हुआ था। उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय से स्नातक किया और पत्रकारिता में डिप्लोमा किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों और पत्रकारिता के जरिए हरिवंश जी ने एक ईमानदार पहचान बनाई है। इसके लिए मेरे मन में उनके प्रति काफी सम्मान है।

ताकियो कोनिशी

भारत में एशियाई विकास बैंक के कंट्री डायरेक्टर नियुक्त

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने ताकियो कोनिशी

(Takeo Konishi) को भारत का कंट्री डायरेक्टर नियुक्त किया है। कोनिशी की नियुक्ति केनिची योकोयामा के स्थान पर की गई है। योकोयामा को एडीबी के दक्षिण एशियाई विभाग का डायरेक्टर जनरल बनाया गया है। इस विभाग का मुख्यालय मनीला में स्थित है। कोनिशी भारत में डेवलपमेंट पार्टनरों और सरकार के साथ विभिन्न कामों को संचालित करने में अपना योगदान देंगे। कोनिशी के पास 22 सालों का प्रोफेशनल अनुभव है। वे एडीबी में ही करीब 20 सालों तक विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं।

आदित्य पुरी

लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित

एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक आदित्य पुरी को ग्लोबल फाइनेंशल मैग्जीन यूरोमनी द्वारा लाइफटाइम

अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। बैंकिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय कैरियर और योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान दिया गया। गौरतलब है कि पुरी अक्टूबर में रिटायर हो जाएंगे। पुरी एचडीएफसी बैंक की स्थापना के समय से इससे जुड़े हुए हैं। इसे निजी क्षेत्र का देश का बड़ा बैंक बनाने में उनका अहम योगदान है।

इटली में

सात माह बाद खुले स्कूल

इटली में करीब सात माह बाद 14 सितंबर को दोबारा स्कूल खोले गए। स्कूल खुलने के पहले दिन राजधानी रोम और कोडोग्नों के स्कूलों में रौनक देखने को मिली। बच्चे मास्क लगाकर स्कूल पहुंचे और सोशल डिस्टेंसिंग

का पालन किया। गौरतलब है कि इटली में बढ़ते कोरोना संक्रमण के मद्देनजर फरवरी में स्कूल बंद कर दिए गए थे और लॉकडाउन लगाया गया था।

एलेक्सा को

अमिताभ बच्चन देंगे अपनी आवाज

अमेजन ने बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ

एक करार किया है, जिसके तहत अमिताभ बच्चन अमेजन के एलेक्सा (Alexa) डिवाइस के लिए अपनी आवाज देंगे। इसी के साथ अमिताभ बच्चन एलेक्सा को अपनी आवाज देने वाले पहले भारतीय सेलेब्रिटी बन गए हैं। इस पर कंपनी का कहना है कि अब भारत में लोग एलेक्सा पर अमिताभ बच्चन की आवाज सुन सकेंगे, लेकिन इसके लिए उन्हें अमिताभ की आवाज वाला एलेक्सा डिवाइस वर्जन खरीदना होगा। एलेक्सा पर यह फीचर अगले साल तक उपलब्ध होगा।

स्मृति शेष

प्रख्यात वैज्ञानिक गोविंद स्वरूप का निधन

प्रख्यात वैज्ञानिक गोविंद स्वरूप का 91 वर्ष की

उम्र में निधन हो गया। 1929 में जन्मे स्वरूप भारत में रेडियो खगोल विज्ञान के क्षेत्र के प्रमुख मार्गदर्शकों में से एक थे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि प्रोफेसर गोविंद स्वरूप एक असाधारण वैज्ञानिक थे। उन्होंने रेडियो खगोल विज्ञान में अग्रणी कार्यों के लिए वैश्विक प्रशंसा हासिल की। स्वरूप नेशनल सेंटर फॉर रेडियो एस्ट्रोफिजिक्स के संस्थापक निदेशक थे।

ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित फिल्म निर्देशक जिरी मेंजल नहीं रहे

ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित चेक फिल्म

निर्देशक जिरी मेंजल का लंबी बीमारी के बाद 82 साल की उम्र में निधन हो गया। मेंजल का जन्म 23 फरवरी 1938 को हुआ था। उनके पिता एक पत्रकार, अनुवादक और बच्चों की किताबों के लेखक थे। उन्होंने प्राग से फिल्म निर्देशन की पढ़ाई की थी। 1967 में उनकी फिल्म 'क्लोज्ली वाच्ड ट्रेन्स' को सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म का ऑस्कर अवॉर्ड मिला था। यह फिल्म नाजी नरसंहार को लेकर थी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मेहनत के बिना लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता - चतुर कुमार

हौसले की उड़ान

कक्षा 10वीं में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थी का साक्षात्कार

चतुर कुमार त्रिपाठी

अगर लक्ष्य तय हो तो मंजिल तक पहुंचने के रास्ते अपने आप बन जाते हैं। इस बात को सही साबित कर दिखाया है एक किसान के बेटे, चतुर कुमार त्रिपाठी ने। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की दसवीं कक्षा में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों में चतुर कुमार त्रिपाठी भी शामिल हैं। मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की देवेंद्रनगर तहसील के अंतर्गत आने वाले बड़ागांव के निवासी चतुर ने दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान हासिल कर अपने नाम को सार्थक किया है। शासकीय हाईस्कूल बड़ागांव के छात्र चतुर कुमार त्रिपाठी की सफलता इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने कम संसाधनों में यह सफलता हासिल की है। अपनी इस सफलता को 'रोज़गार और निर्माण' के साथ उन्होंने साझा किया। उनसे हुई बातचीत इस प्रकार है-

सवाल- रोज़गार और निर्माण की तरफ से आपको इस सफलता पर बधाई।

जवाब- धन्यवाद।

सवाल- आपकी पारिवारिक पृष्ठभूमि क्या है?

जवाब- मैं एक मध्यम परिवार से हूं। मेरे पिता श्री रामानंद कुमार त्रिपाठी किसान हैं। मेरी माताजी गृहिणी हैं। मेरी दो बड़ी बहनें हैं।

सवाल- दसवीं कक्षा में टॉप करने या मेरिट में आने के बारे में क्या कभी सोचा था?

जवाब- यह लक्ष्य तय किया था कि मेरिट में आना है, टॉप करना है। लेकिन प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त होगा यह अंदाजा नहीं था।

सवाल- लॉकडाउन की वजह से परीक्षा पूरी नहीं हो पाई थी, परिणाम को लेकर शंका थी?

जवाब- हां, कोरोना की वजह से लगे लॉकडाउन में हमारा हिन्दी का पेपर उस समय नहीं हो पाया था। चिंता होती थी, कि क्या होगा कैसे होगा।

सवाल- परीक्षा में टॉप करने के लिये प्रेरणा आपको कहां से मिली?

जवाब- हमारे स्कूल के बच्चे पिछले 4 सालों से मेरिट में आ रहे हैं। वहीं से मुझे भी टॉप करने की प्रेरणा मिली, लेकिन प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करूंगा यह नहीं सोचा था। अपने स्कूल से प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाला मैं पहला छात्र हूं।

सवाल- परीक्षा की तैयारी के लिए आपको सहयोग कहां से मिला?

जवाब- माता-पिता और बहनों का सहयोग हमेशा मिला। विषय को समझने में परेशानी आने पर शिक्षकों ने हमेशा पाठ को समझाने में मदद की। इसके अलावा सहपाठियों ने भी मुझे हरसंभव मदद की जब भी लगता की मुझ से नहीं होगा। सभी मुझे आगे बढ़ने का हौसला देते। मेरी सफलता में सभी का योगदान है।

सवाल- परीक्षा की रणनीति कैसे तैयार की?

जवाब- पहले से ही तय किया था कि टॉप करना है। इसलिए अपना 100 प्रतिशत परीक्षा की तैयारी में लगाया। स्कूल के अलावा नियमित पढ़ाई की। जो विषय या पाठ समझ में नहीं आते उसके बारे में शिक्षकों से दोबारा पूछकर तैयारी की। कठिन सवालों का लगातार अभ्यास किया। विषयवार पूरा ध्यान सिर्फ पढ़ाई पर लगाया।

सवाल- रणनीति के तहत पढ़ाई के लिए कैसे समय तय करते थे?

जवाब- स्कूल के समय के अलावा नियमित 6 से 8 घंटे का समय पढ़ाई के लिए तय कर रखा था। जिसमें सुबह और शाम को पढ़ाई करता था। घर पर रोज स्कूल में पढ़ाए गए विषयों का रिवीजन करता था। उनके नोट्स बनाता था। हर हफ्ते बनाए नोट्स का रिवीजन करता था। कठिन विषयों को सुबह के समय पढ़ने पर ध्यान देता था।

सवाल- क्या आपने कोई कोचिंग भी की थी?

जवाब- हां, गणित विषय की तैयारी के लिए दो महीने के लिए कोचिंग गया था।

सवाल- परीक्षा की तैयारी के लिए कौन-कौन सी किताबें पढ़ीं?

जवाब- स्कूल द्वारा दी गई किताबों से ही मुख्य तैयारी की। इसके अलावा अन्य किताबों का बहुत कम उपयोग किया।

सवाल- किस विषय को सबसे ज्यादा समय दिया?

जवाब- गणित और विज्ञान विषय को सबसे अधिक समय दिया। उसके बाद अंग्रेजी और फिर अन्य विषयों को समय दिया।

सवाल- कठिन और मुश्किल विषयों को याद करने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई?

जवाब- कठिन और मुश्किल विषयों को याद रखने के लिए नोट्स बनाता था और हर हफ्ते उन्हें दोहराया करता था।

सवाल- परीक्षा देते समय टाइम मैनेजमेंट कैसे किया?

जवाब- पहले घर के या खेती के कुछ काम करता था। परीक्षा के समय वह नहीं किये। मुझे दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलना पसंद है। परीक्षा के लिये खेल से दूर रहा। परीक्षा के समय नियमित पढ़ाई पर ध्यान दिया। विषयों के अनुसार बनाए गए नोट्स को पढ़ा, क्योंकि हर हफ्ते विषयों को दोहराता था, तो परीक्षा के समय अधिक परेशानी नहीं हुई।

सवाल- वस्तुनिष्ठ प्रश्नों और विवरणात्मक प्रश्नों को हल करने के लिए कौन सी प्रक्रिया अपनाई?

जवाब- शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के आधार पर विषय के महत्वपूर्ण भागों को ध्यान में रखकर नोट्स बनाए। उन हिस्सों को हाईलाइट किया। घर पर पढ़ाई के समय उनको हल कर अभ्यास किया। गलती होने पर दोबारा से उन्हें समझकर याद कर हल किया।

सवाल- नोट्स को किस तरह से बनाया?

जवाब- शिक्षकों के बताए अनुसार विषय के महत्वपूर्ण भागों को ध्यान रखा। उन्हें हाईलाइट करके अपने अनुसार लिखा और शिक्षकों को दिखाया। शिक्षकों के बताए अनुसार उनमें सुधार किया।

सवाल- क्या बनना चाहते हैं, भविष्य में किस क्षेत्र में जाना है?

जवाब- मुझे आईआईटी में जाना है।

सवाल- सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बहुत से बच्चे इस तरह की सफलता की उम्मीद नहीं करते, उन्हें क्या कहना चाहेंगे?

जवाब- कोई भी स्कूल हो, कैसी भी परिस्थिति हो अपने आपको कम नहीं समझना चाहिए। सरकारी स्कूल में पढ़ने से कोई कमजोर नहीं हो जाता। अगर आप ईमानदारी से मेहनत करेंगे। पढ़ाई पर ध्यान देंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।

सवाल- 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों को आप क्या संदेश देना चाहेंगे?

जवाब- 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों को यही संदेश देना चाहूंगा कि कैसी भी परिस्थिति हो पूरी ईमानदारी से अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए मेहनत करनी चाहिए।

- सोनू सागर
(साक्षात्कारकर्ता, स्वतंत्र पत्रकार हैं)।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1 **वर्ष 2019 में इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी थीं?**
(अ) केरोलिना प्लिस्कोवा
(ब) एलिना स्वितोलिना
(स) सिमोना हालेप
(द) मेडिसन कीज

2. **आईसीसी हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर हैं?**
(अ) कपिल देव
(ब) सुनील गावस्कर
(स) अनिल कुंबले
(द) विशन सिंह बेदी

3. **इस वर्ष अर्जुन पुरस्कार से नवाजे गये दिव्यांग खिलाड़ी मनीष नरवाल किस खेल से संबंधित हैं?**
(अ) एथलेटिक्स (ब) निशानेबाजी
(स) तीरंदाजी (द) कुश्ती

4. **हाल ही में संन्यास लेने वाली महिला क्रिकेटर लौरा मार्श किस देश का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) इंग्लैंड (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) न्यूजीलैंड (द) वेस्ट इंडीज

5. **स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग का संबंध किस खेल से रहा है?**
(अ) आइस हॉकी (ब) टेनिस
(स) जिम्नास्टिक (द) साइक्लिंग

6. **रियो ओलिंपिक-2016 में फुटबॉल में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक किस देश ने जीता है?**
(अ) ब्राजील (ब) स्वीडन
(स) जर्मनी (द) कनाडा

7. **इरफान पठान ने टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक किस देश के खिलाफ ली थी?**
(अ) पाकिस्तान
(ब) श्रीलंका
(स) दक्षिण अफ्रीका
(द) बांग्लादेश

8. **अमेरिका के स्विमर माइकल फेल्प्स ने ओलिंपिक में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?**
(अ) 20 (ब) 23
(स) 24 (द) 25

9. **ओलिंपिक चैम्पियन एथलीट योहान ब्लैक किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) अमेरिका (ब) बारबाडोस
(स) जमैका (द) घाना

10. **धरून अय्यासामी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) एथलेटिक्स (ब) टेनिस
(स) फुटबॉल (द) हॉकी

11. **इनमें से किस पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में एक ओवर में लगातार छः चौके लगाये हैं?**
(अ) वीरेन्द्र सहवाग
(ब) रवि शास्त्री
(स) राहुल द्रविड़
(द) संदीप पाटिल

12. **इनमें से कौन ओलिंपिक स्विमिंग चैम्पियन नहीं रहा है?**
(अ) रयान लोश्टे
(ब) दिमित्री मार्कोव
(स) मैट ग्रेवर्स
(द) मार्क स्पिट्ज

13. **लैशराम सरिता देवी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) मुक्केबाजी (ब) तीरंदाजी
(स) कुश्ती (द) हॉकी

14. **वर्ष 2019 में होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट किस देश ने जीता है?**
(अ) जर्मनी (ब) फ्रांस
(स) अमेरिका (द) स्विट्जरलैंड

15. **इनमें से किस क्रिकेटर ने टेस्ट में तिहरा, वन-डे में दोहरा और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में शतक बनाने का कारनामा किया है?**
(अ) क्रिस गेल
(ब) रोहित शर्मा
(स) डेविड वॉर्नर
(द) ए.बी. डिविलियर्स

16. **कोलकाता का सॉल्ट लेक स्टेडियम किस खेल के लिए प्रसिद्ध है?**
(अ) वॉलीबॉल
(ब) टेनिस
(स) फुटबॉल
(द) इनमें से कोई नहीं

17. **रियो ओलिंपिक में टेनिस में पुरुष एकल वर्ग का स्वर्ण पदक किसने जीता था?**
(अ) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
(ब) एंडी मरे
(स) स्टेन वावरिंका
(द) एंडी रॉडिक

18. **इस वर्ष कितने खिलाड़ियों को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से नवाजा गया है?**
(अ) तीन (ब) चार
(स) पांच (द) इनमें से कोई नहीं

19. **जर्मनी के बर्लिन शहर ने किस वर्ष ओलिंपिक खेलों की मेजबानी की थी?**
(अ) वर्ष 1948 (ब) वर्ष 1928
(स) वर्ष 1932 (द) वर्ष 1936

20. **वर्ष 2020 में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में महिला वर्ग की विजेता बनी थीं?**
(अ) केरोलिना मारिन
(ब) नोजोमी ओकुहारा
(स) ताई जू यिंग
(द) साइना नेहवाल

21. **वन-डे क्रिकेट में सबसे सफल रन चेस का रिकॉर्ड किस देश के नाम है?**
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) भारत
(स) न्यूजीलैंड
(द) वेस्ट इंडीज

22. **अगले वर्ष फीफा अंडर-17 महिला वर्ल्डकप किस देश में खेला जायेगा?**
(अ) ब्राजील (ब) भारत
(स) चिली (द) मैक्सिको

23. **मध्यप्रदेश के विवेक सागर प्रसाद किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) क्रिकेट (ब) शतरंज
(स) हॉकी (द) ताइक्वांडो

24. **आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला संस्करण किस देश में आयोजित किया गया था?**
(अ) बांग्लादेश (ब) केन्या
(स) श्रीलंका (द) इंग्लैंड

25. **इस वर्ष इनमें से किस क्रिकेटर को अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया है?**
(अ) इशांत शर्मा
(ब) दीप्ति शर्मा
(स) अ और ब दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (ब), 4. (अ), 5. (ब), 6. (स), 7. (अ), 8. (ब), 9. (स), 10. (अ), 11. (द), 12. (ब), 13.(अ), 14.(द), 15.(अ), 16.(स), 17.(ब), 18.(स), 19. (द), 20. (स), 21.(अ), 22. (ब), 23. (स), 24. (अ), 25. (स)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

अर्थशास्त्र

1. आधुनिक अर्थशास्त्र के जनक हैं?
(अ) कौटिल्य
(ब) एडम स्मिथ
(स) कीन्स
(द) मार्शल
उत्तर - (ब) एडम स्मिथ
व्याख्या - इनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'एन इंक्वायरी इंटू द नेचर एंड कॉज ऑफ द वेल्थ ऑफ नेशंस' (1776) है।

2. निम्न में से असत्य कथन छाटिये?
(अ) ऐसी वस्तुयें जिनका अंतिम उपभोग उपभोक्ताओं के द्वारा किया जाता है, अंतिम वस्तुयें कहलाती हैं
(ब) मध्यवर्ती वस्तुयें, अन्य वस्तुओं के उत्पादन में कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त होती हैं
(स) वस्तुयें अपनी प्रकृति के कारण अंतिम वस्तुयें बनती हैं
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) वस्तुयें अपनी प्रकृति के कारण अंतिम वस्तुयें बनती हैं
व्याख्या - कोई वस्तु अपनी प्रकृति के कारण नहीं बल्कि उपयोग की आर्थिक दृष्टि से अंतिम वस्तु बनती है।

3. किसी भी अर्थव्यवस्था में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं की गणना करने के लिये किस विधि का प्रयोग नहीं होता है?
(अ) आय
(ब) व्यय
(स) मूल्यह्रास
(द) उत्पाद
उत्तर - (स) मूल्यहास

4. निम्न में से सकल घरेलू उत्पाद की गणना के दौरान किस मद को सम्मिलित नहीं किया जायेगा?
(अ) विदेशों में काम करने वाले भारतीयों की आय को
(ब) किसान द्वारा उत्पादित गन्ने के मूल्य को
(स) विदेशियों के स्वामित्व वाली उत्पादन इकाइयों द्वारा भारत में उत्पादित वस्तुओं के मूल्य को
उत्तर - (अ) विदेशों में काम करने वाले भारतीयों की आय को
व्याख्या - विदेशों में काम करने वाले भारतीयों की आय को हम उसी देश की सकल घरेलू उत्पाद में सम्मिलित करते हैं, जहां वे काम कर रहे हैं।

5. हाल ही में समाचारों में रहा 'नुआखाई जुहार' क्या है?
(अ) कृषि उत्सव
(ब) विवाह की एक प्रथा
(स) चावल की एक प्रजाति
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) कृषि उत्सव
व्याख्या - यह बदलते मौसम के साथ नई फसल का स्वागत करने के लिये पश्चिमी ओडिशा, दक्षिणी छत्तीसगढ़ और झारखंड के कुछ क्षेत्रों में गणेश चतुर्थी के एक दिन बाद मनाया जाता है।

6. सरकार द्वारा स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर निरंतर ध्यान केन्द्रित किया गया है। इस संदर्भ में निम्न में से असत्य कथन कौन सा है?
(अ) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित होता है
(ब) वाटर + प्रोटोकाल यह सुनिश्चित करता है कि अनुपचारित अपशिष्ट जल को खुले वातावरण या जल निकायों में न बहाया जाये
(स) कायाकल्प कार्यक्रम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की पहल है
(द) सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता समवर्ती सूची का विषय है
उत्तर - (द) सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता समवर्ती सूची का विषय है।

7. स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) किस मंत्रालय द्वारा संचालित होता है?
(अ) जल शक्ति मंत्रालय
(ब) आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय
(स) स्वास्थ्य मंत्रालय
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (ब) आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय

8. अंतर्राष्ट्रीय महिला कोष के अंतर्गत किसको ऋण प्रदान किया जाता है?
(अ) स्व-सहायता समूहों को
(ब) सहकारी बैंक को
(स) महिला उद्यमियों को
(द) गैर सरकारी संगठन माइक्रो फाइनेंस संस्थानों (NGO) को
उत्तर - (द) गैर सरकारी संगठन माइक्रो फाइनेंस संस्थानों (NGO) को
व्याख्या - गैर सरकारी संगठन - माइक्रो फाइनेंस संस्थान अपने ग्राहकों को क्रेडिट सेवा प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय महिला कोष की स्थापना 1993 में की गई है।

9. ग्रीन क्रेडिट योजना के बारे में सही कथन बताइये?
(अ) यह योजना 'वनों' को एक वस्तु के रूप में व्यापार करने की अनुमति प्रदान करती है
(ब) इस योजना के तहत वन विभाग द्वारा पुनर्वनरोपण के अपने उत्तरदायित्व को गैर सरकारी एजेंसियों को आउटसोर्स किया जाता है
(स) यह पारंपरिक वन क्षेत्र के बाहर निवास करने वाले लोगों द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करती है
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

10. निम्नलिखित में से किन कार्यक्रमों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में शामिल किया गया है?
(अ) त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम
(ब) ऑन-फार्म जल प्रबंधन
(स) नदी विकास और गंगा पुनरुद्धार
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का उद्देश्य 'हर खेत को पानी और जल प्रयोग दक्षता' (प्रति बूंद अधिक फसल) है।

11. 'किसान सभा एप' के बारे में असत्य कथन की पहचान कीजिये?
(अ) किसानों को आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ना
(ब) माल परिवहन प्रबंध करना
(स) एक ही फसल उगाने वाले किसानों को सभा से जोड़ना
(द) CSIR और CRPI द्वारा विकसित एप।
उत्तर - (स) एक ही फसल उगाने वाले किसानों को सभा से जोड़ना।
व्याख्या - यह पोर्टल - किसानों, ट्रांसपोर्टरों, सेवा प्रदाताओं, मंडी डीलरों, ग्राहकों तथा अन्य संबंधित संस्थाओं को आपस में जोड़ता है। एक ही फसल उगाने वाले किसानों को जोड़ना इसका उद्देश्य नहीं है।

12. राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति 2018 में कौनसे मिशन सम्मिलित हैं?
(अ) कनेक्ट इंडिया
(ब) प्रीपेल इंडिया
(स) सिक्योर इंडिया
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

13. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के उद्देश्य हैं?
(अ) मातृ मृत्यु दर को 1/1000 पर लाना
(ब) शिशु मृत्यु दर को 25/1000 पर लाना
(स) कुल प्रजनन दर को 201 पर लाना
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - भारत सरकार द्वारा 2013 में यह कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था। जिसके उपमिशन के रूप में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन को सम्मिलित किया गया है।

14. किस राज्य में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूहों की संख्या सर्वाधिक है?
(अ) बिहार
(ब) उत्तरप्रदेश
(स) मध्यप्रदेश
(द) पश्चिम बंगाल
उत्तर - (अ) बिहार

15. उपभोक्ता कीमत सूचकांक का प्रयोग किया जाता है?
(अ) जीडीपी में उपभोक्ता वस्तुओं के प्रतिशत योगदान की गणना करने के लिये
(ब) किसी अर्थव्यवस्था में वस्तुओं एवं सेवाओं की कीमतों में परिवर्तन की माप करने के लिये
(स) किसी अर्थव्यवस्था में प्रति व्यक्ति खाद्यान्न वस्तुओं के उपभोग की मात्रा ज्ञात करने में
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) किसी अर्थव्यवस्था में वस्तुओं एवं सेवाओं के कीमतों में परिवर्तन की माप करने के लिये।

16. सकल घरेलू उत्पाद के संबंध में कौनसा कथन सत्य है?
(अ) किसी भी देश की जीडीपी में वृद्धि उस देश के सभी लोगों के कल्याण की सूचकांक होती है
(ब) अपने घरों में घरेलू कार्य का संपादन करने वाली महिलाओं का पारिश्रमिक जीडीपी के अंतर्गत नहीं आता है
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) अपने घरों में घरेलू कार्य का संपादन करने वाली महिलाओं का पारिश्रमिक जीडीपी के अंतर्गत नहीं आता है।

17. निम्नलिखित में से असत्य कथन बताइये?
(अ) केन्द्रीय बैंक अंतिम ऋणदाता है
(ब) केन्द्रीय बैंक सरकार का बैंक है
(स) वाणिज्यिक बैंक करेंसी प्राधिकारी होते हैं
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) वाणिज्यिक बैंक करेंसी प्राधिकारी होते हैं
व्याख्या - वाणिज्यिक बैंक करेंसी प्राधिकारी नहीं होते हैं। करेंसी प्राधिकारी केन्द्रीय बैंक होता है। उसे नोट जारी करने का एकमात्र अधिकार प्राप्त होता है।

18. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का सर्वोत्कृष्ट वर्णन करता है?
(अ) किसी वर्ष विशेष में देश के लोगों द्वारा भौगोलिक सीमा के अंदर एवं बाहर सृजित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का योग
(ब) किसी वर्ष विशेष में देश की भौगोलिक सीमा के अंतर्गत सृजित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का योग
(स) किसी वर्ष विशेष में देश की भौगोलिक सीमा के अंदर एवं बाहर सृजित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का योग
(द) एक वर्ष में देश के द्वारा वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात के कुल मूल्य का योग
उत्तर - (ब) किसी वर्ष विशेष में देश की भौगोलिक सीमा के अंदर एवं बाहर सृजित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य का योग।

19. किसी भी देश के सकल घरेलू उत्पाद में शेष विश्व में नियुक्त उत्पादन के घरेलू कारकों द्वारा अर्जित कारक आय को जोड़कर उसमें से घरेलू अर्थव्यवस्था में नियोजित शेष विश्व के उत्पादन के कारकों द्वारा अर्जित आय को घटाकर प्राप्त होता है?
(अ) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीएनपी)
(ब) सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)
(स) राष्ट्रीय आय (एनआई)
(द) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (एनएनपी)
उत्तर - (अ) सकल राष्ट्रीय उत्पाद (जीएनपी)

20. किसी भी देश में पिछले वर्ष की तुलना में वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें दोगुनी हो जायें, जबकि उत्पादन स्थिर रहे तो उस देश के सकल घरेलू उत्पाद पर क्या प्रभाव पड़ता है?
(अ) स्थिर रहेगा
(ब) दोगुना हो जायेगा
(स) आधा रह जायेगा
(द) अनिश्चित होता है
उत्तर - (ब) दोगुना हो जायेगा

21. प्रधानमंत्री वय वंदना योजना का उद्देश्य निम्न में से क्या है?
(अ) वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन प्रदान करना
(ब) वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना
(स) वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल साक्षरता प्रदान करना
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) वरिष्ठ नागरिकों को पेंशन प्रदान करना

22. निम्न में से किनका उद्देश्य भारत में नीली क्रांति को बढ़ावा देना है?
(अ) प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना
(ब) मिशन फिंगरलिंग
(स) ऑपरेशन ग्रीन्स
(द) अ एवं ब
उत्तर - (द) अ एवं ब
व्याख्या - प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना को वर्ष 2020-21 से 5 वर्षों के लिये लागू किया गया है। मिशन फिंगरलिंग को वर्ष 2017 में लागू किया गया है। इसका उद्देश्य फिंगर-लिंग (मछली के छोटे बच्चे) पालन के लिये तालाबों की स्थापना करना है। नीली क्रांति का उद्देश्य देश की मत्स्य उत्पादन क्षमता बढ़ाना है।

23. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निम्नलिखित में से कौनसे कार्य नहीं किये जाते हैं?
(अ) बाजार में तरलता का नियोजन
(ब) नीतिगत दर में कटौती
(स) कर की दरों में कमी
(द) ऋण चुकाने के लिये उधार कर्ताओं को राहत देना
उत्तर - (स) कर की दरों में कमी
व्याख्या - यह कार्य वित्त मंत्रालय करता है।

24. निम्न में से कौनसा कथन अर्थोपाय अग्रिम (Ways and means Advances - WMA) के संदर्भ में सही नहीं है?
(अ) ये भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा केन्द्र तथा राज्य सरकारों को उनकी आसन्न व्यय संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु दिये गये अल्पकालिक ऋण हैं
(ब) इसकी सीमा भारतीय रिज़र्व बैंक तथा भारत सरकार द्वारा पारस्परिक रूप से तय की जाती है
(स) इसके माध्यम से प्राप्त होने वाली धनराशि की प्रत्येक राज्य के लिये एक सीमा होती है
(द) संबंधित सरकार को इसके तहत प्राप्त होने वाली राशि का पुनर्भुगतान एक वर्ष के भीतर करना होता है
उत्तर - (द) संबंधित सरकार को इसके तहत प्राप्त होने वाली राशि का पुनर्भुगतान एक वर्ष के भीतर करना होता है।
व्याख्या - इसे 90 दिन में पुनर्भुगतान करना होता है। सरकार की प्राप्तियों और भुगतान में अस्थायी असंतुलन को समाप्त करने के लिये इसका प्रारम्भ 1997 में हुआ था।

25. प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (पीएमएसवाईएम) योजना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?
(अ) इस योजना को श्रम और रोज़गार मंत्रालय ने लॉन्च किया है
(ब) अभिदाता का अंशदान उसके बचत खाते से/जनधन खाते से स्वतः डेबिट सुविधा के माध्यम से किया जायेगा
(स) इस योजना के अंतर्गत 50 वर्ष की उम्र पूरी होने पर प्रति महीने न्यूनतम 2500 की पेंशन मिलती है
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) इस योजना के अंतर्गत 50 वर्ष की उम्र पूरी होने पर प्रति महीने न्यूनतम 2500 की पेंशन मिलती है
व्याख्या - इस योजना में 60 वर्ष की आयु के पश्चात 3000/- प्रति महीने की न्यूनतम पेंशन मिलती है।

26. केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण को किसके तहत गठित किया गया है?
(अ) जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1974
(ब) सार्वजनिक देयता अधिनियम 1991
(स) पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) पर्यावरण (संरक्षण अधिनियम) 1986
व्याख्या - देश में भूजल के विकास और प्रबंधन के नियमन तथा नियंत्रण के उद्देश्य से इस प्राधिकरण का गठन किया गया है।

27. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा प्रारम्भ की गई E-2020 पहल किससे संबंधित है?
(अ) कोविड-19
(ब) मलेरिया उन्मूलन
(स) ई-कचरे से उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं
(द) एंटी वायोटिक के संबंध में
उत्तर - (ब) मलेरिया उन्मूलन
व्याख्या - यह पहल 2016 में प्रारंभ की गई थी, जिसका प्रसार पांच क्षेत्रों में फैले 21 देशों में है।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

यू.जी.सी. नेट/जे.आर.एफ. हेतु महत्वपूर्ण प्रश्न

हिन्दी

1. 'तीसरी कसम' और 'लाल पान की बेगम' नामक कहानियों के लेखक कौन हैं?
(A) कमलेश्वर
(B) फणीश्वरनाथ रेणु
(C) यशपाल
(D) प्रेमचन्द

2. समांतर कहानी का आन्दोलन कब प्रारम्भ हुआ?
(A) 1970 ई.
(B) 1971 ई.
(C) 1972 ई.
(D) 1973 ई.

3. कमलेश्वर किस पत्रिका के सम्पादक थे?
(A) कादम्बिनी
(B) सारिका
(C) माधुरी
(D) इन्दु

4. सुमेलित कीजिए?

सूची I	सूची II
(A) बड़े भाई साहब	प्रेमचन्द
(B) बुद्धु का कांटा	चन्द्रधर शर्मा गुलेरी
(C) पत्नी	जैनेन्द्र
(D) टूटना	राजेन्द्र यादव

कूट -

	A	B	C	D
a.	4	3	2	1
b.	4	2	3	1
c.	4	3	1	2
d.	1	2	3	4

5. "सरकार यह सुराजी बालदेव है जो जायहिन बोलता है। इसे हम पकड़कर लाए हैं" यह कथन किस उपन्यास से है?
(A) गोदान
(B) परती परिकथा
(C) आपका बंटी
(D) मैला आंचल

6. "इतिहास इस बात का गवाह है कि इस महिमामयी शक्ति की उपेक्षा करने वाले साम्राज्य नष्ट हो गए।" उपरोक्त कथन किस उपन्यास का है?
(A) गोदान
(B) दिव्या
(C) आपका बंटी
(D) बाण भट्ट की आत्मकथा

7. "मजदूरी करना कोई पाप तो नहीं, किसान बिगड़ जाए तो मजदूर हो जाता है और मजदूर यदि बन जाए तो किसान हो जाता है" उपरोक्त कथन किस उपन्यास का है?
(A) एक जमीन अपनी
(B) अपार्थ
(C) गोदान
(D) बाबा बटेसरनाथ

8. सुमेलित कीजिए?

सूची I	सूची II
(A) बन्द गली का आखिरी मकान	नरेश मेहता
(B) तथापि	धर्मवीर भारती
(C) एक दुनिया	राजेन्द्र यादव
(D) तीन निगाहों की एक तस्वीर	मन्नू भंडारी

कूट -

	A	B	C	D
a.	1	2	3	4
b.	2	1	3	4
c.	2	4	1	2
d.	4	3	1	2

9. सही कालक्रम बताएं?
(A) कंजूस की खोपड़ी, अछूतोद्धार नाटक, समाज, विलखती विधवा
(B) समाज, अछूतोद्धार नाटक, कंजूस की खोपड़ी, विलखती विधवा
(C) विलखती विधवा, समाज, अछूतोद्धार नाटक, कंजूस की खोपड़ी
(D) विलखती विधवा, अछूतोद्धार नाटक, समाज, कंजूस की खोपड़ी

10. सही कालक्रम बताएं?
(A) दिल्ली कहाँ है, शहर, पहले जैसे दिन, आओ हँसें
(B) दिल्ली कहाँ है, आओ हँसें, पहले जैसे दिन, शहर
(C) शहर, आओ हँसें, दिल्ली कहाँ है, पहले जैसे दिन
(D) शहर, पहले जैसे दिन, आओ हँसें, दिल्ली कहाँ है

11. सही कालक्रम बताएं?
(A) लक्षागृह, अपनी वापसी, लपटें, भूख
(B) भूख, लपटें, लक्षागृह, अपनी वापसी
(C) लपटें, लक्षागृह, भूख, अपनी वापसी
(D) लक्षागृह, अपनी वापसी, भूख, लपटें

12. निम्नलिखित उपन्यासों को आरोही क्रम में व्यवस्थित करें?
(A) चन्द्रकांता, परीक्षा गुरु, भाग्यवती, निस्सहाय हिन्दू
(B) भाग्यवती, चन्द्रकांता, परीक्षा गुरु, निस्सहाय हिन्दू
(C) परीक्षा गुरु, भाग्यवती, चन्द्रकांता, निस्सहाय हिन्दू
(D) निस्सहाय हिन्दू, चन्द्रकांता

13. 'आषाढ़ का एक दिन' के नाटककार हैं?
(A) मोहन राकेश
(B) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(C) शीतलाप्रसाद
(D) कालिदास

14. प्रसिद्ध निबंध 'अर्द्धनारीश्वर' के लेखक कौन हैं?
(A) मैथिलीशरण गुप्त
(B) रामधारी सिंह दिनकर
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) डॉ. रामकुमार वर्मा

15. 'शिवशम्भू का चिट्ठा' के लेखक हैं?
(A) राधाशरण गोस्वामी
(B) रामधारी सिंह दिनकर
(C) बालमुकुन्द गुप्त
(D) डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल

16. 'श्रृंखला की कड़ियां' नामक निबंध संकलन की विषयवस्तु है?
(A) नारी विमर्श
(B) समाज सुधार
(C) दलित विमर्श
(D) राजनीतिक चेतना

17. हिन्दी का प्रथम दुःखान्त नाटक माना जाता है?
(A) करुणालय
(B) प्रायश्चित
(C) स्कन्दगुप्त
(D) इनमें से कोई नहीं

18. यदि 'प्रेम स्वप्न है तो श्रद्धा जागरण' यह वाक्य किस प्रकार की शैली का है?
(A) समास शैली
(B) हास्य व्यंग्यपूर्ण शैली
(C) भावात्मक शैली
(D) गवेषणात्मक शैली

19. ध्रुवस्वामिनी नाटक में ध्रुवस्वामिनी का विवाह किसके साथ होता है?
(A) स्कन्दगुप्त
(B) चन्द्रगुप्त
(C) रामगुप्त
(D) इनमें से कोई नहीं

20. जी.पी. श्रीवास्तव किस वर्ग के नाटककार हैं?
(A) ऐतिहासिक नाटककार
(B) प्रहसन लेखक
(C) सुधारवादी नाटककार
(D) प्रगतिशील नाटककार

21. किस पत्रिका में 'जूही की कली' को छापने से यह कहकर मना कर दिया था कि कविता अश्लील है?
(A) चाँद
(B) सरस्वती
(C) विशाल भारत
(D) माधुरी

22. 'गेहूँ और गुलाब' नामक निबंध के लेखक का नाम क्या है?
(A) राधाकृष्ण दास
(B) डॉ. नागेन्द्र
(C) रामवृक्ष बेनीपुरी
(D) कुबेरनाथ राय

23. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सत्य है?
(A) 'आहुति' भारतेन्दु युगीन नाटक है
(B) 'पाखंड विडम्बनम्' द्विवेदी युगीन नाटक है
(C) 'सज्जन' प्रसाद युगीन नाटक है
(D) 'चन्द्रगुप्त' प्रसादोत्तर युगीन नाटक है।

24. "सहजानुभूति अभिव्यंजना का कोई-न-कोई रूप ढूंढ़ लेती है इस प्रकार अभिव्यंजना सहजानुभूति का अभिन्न अंग है" यह कथन किस विद्वान का है?
(A) रिचर्ड्स
(B) क्रोचे
(C) अरस्तू
(D) प्लेटो

25. किस विद्वान ने नाटक को मानव चरित्र को दूषित करने वाला बताया?
(A) प्लेटो
(B) सुकरात
(C) लोंजाइनस
(D) क्रोचे

26. 'सौन्दर्य शास्त्र' के रचयिता इनमें से कौन हैं?
(A) लोंजाइनस
(B) क्रोचे
(C) सुकरात
(D) प्लेटो

27. 'विरेचन सिद्धांत' का प्रतिपादन किसने किया?
(A) प्लेटो
(B) अरस्तू
(C) सुकरात
(D) इनमें से कोई नहीं

28. 'पेरिइप्सुस' पुस्तक के लेखक हैं?
(A) अरस्तू
(B) लोंजाइनस
(C) क्रोचे
(D) सुकरात

29. 'प्रिंसिपल ऑफ लिटरेरी क्रिटिसिज्म' पुस्तक के लेखक हैं?
(A) रिचर्ड्स
(B) क्रोचे
(C) प्लेटो
(D) इनमें से कोई नहीं

30. 'नई समीक्षा' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया?
(A) अरस्तू
(B) प्लेटो
(C) क्रोचे
(D) जे.ई. स्पिनगार्न

31. रिचर्ड्स का सम्प्रेषण सिद्धांत भारतीय काव्यशास्त्र में वर्णित किस सिद्धांत के समीप है?
(A) अभिव्यक्तिवाद
(B) साधारणीकरण
(C) उत्पत्तिवाद
(D) अभिव्यंजनावाद

32. "काव्य की कसौटी सदाचार और उपयोगिता है" उक्ति किस विद्वान की है?
(A) प्लेटो
(B) अरस्तू
(C) सुकरात
(D) लोंजाइनस

33. क्रोचे किस देश का दार्शनिक था?
(A) जर्मनी
(B) फ्रांस
(C) इटली
(D) ब्रिटेन

34. किसकी मान्यता है कि औदात्य अभिव्यक्ति की उच्चता और उत्कृष्टता का नाम है?
(A) क्रोचे
(B) प्लेटो
(C) लोंजाइनस
(D) इलियट

निर्देश :- दिए गए कथनों एवं कारणों को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए?
कूट :-
(A) A और R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है
(B) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है
(C) A सही है, किन्तु R गलत है
(D) A गलत है, किन्तु R सही है

35. कथन (A) प्रेमचन्द जमींदारी प्रथा के विरोधी थे?
कारण (R) यह कृषकों का शोषण करने वाली व्यवस्था थी।
(A) A (B) B
(C) C (D) D

36. कथन (A) होरी भाग्यवादी है। गरीबी को अपनी नियति मानता है?
कारण (R) होरी किसान है?
(A) A (B) B
(C) C (D) D

37. कथन (A) शेखर में विद्रोही प्रवृत्ति जन्मजात थी?
कारण (R) विद्रोह भावना व्यक्ति में विकसित नहीं की जा सकती?
(A) A (B) B
(C) C (D) D

38. कथन (A) कबीर के राम निर्गुण हैं?
कारण (R) वे अद्वैत व जगत से परे हैं?
(A) A (B) B
(C) C (D) D

39. कथन (A) कबीर के राम निर्गुण हैं। वे जन्म नहीं लेते हैं?
कारण (R) तुलसीदास के राम सगुण हैं। वे जन्म लेते हैं?
(A) A (B) B
(C) C (D) D

40. कथन (A) कबीर आज भी प्रासंगिक हैं?
कारण (R) समस्याएँ आज भी वैसी ही व्याप्त हैं जैसी कबीर के समय थीं?
(A) A (B) B
(C) C (D) D

41. "सूफी मत में ईश्वर की भावना स्त्री रूप में की गई है" कथन किसका है -
(A) डॉ. रामकुमार वर्मा
(B) डॉ. नागेन्द्र
(C) डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

42. सुमित्रानंदन पंत की किस रचना को छायावाद का मैनिफेस्टो कहा गया है -
(A) गुंजन
(B) चिदम्बरा
(C) पल्लव
(D) लोकायतन

43. "निराला की अधिकांश कविताओं की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीयता का रंग विद्यमान मिलेगा" यह कथन है -
(A) रामचन्द्र शुक्ल का
(B) शांतिप्रिय द्विवेदी का
(C) भागीरथ मिश्र का
(D) डॉ. नागेन्द्र का

44. "उस रम्य फलक पर नवल चित्र सी प्रगट हुई सुन्दर बाला" यहाँ सुन्दर बाला कौन है -
(A) श्रद्धा
(B) पंत की नायिका
(C) निराला की नायिका
(D) इड़ा

45. "क्या पूजा क्या अर्चन रे, उस असीम का सुन्दर मंदिर मेरा लघुतम जीवन रे" किस कवि की पंक्तियाँ हैं?
(A) सुभद्रा कुमारी चौहान
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) महादेवी वर्मा
(D) माखनलाल चतुर्वेदी

46. समरस थे जड़ या चेतन सुन्दर साकार बना था।
चेतनता एक विलासती आनंद आखण्ड घना था?
ये पंक्तियाँ हैं -
(A) जयशंकर प्रसाद की
(B) सुमित्रानंदन पंत की
(C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की
(D) महादेवी वर्मा की

47. "जिस गीति शैली का विकास द्विवेदी युग के पश्चात् हुआ वह पाश्चात्य 'लिरिक' के ढंग का था" यह कथन है?
(A) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का
(B) जयशंकर प्रसाद का
(C) डॉ. नागेन्द्र का
(D) शांतिप्रिय द्विवेदी का

48. प्रकृति के मानवीकरण की प्रवृत्ति सर्वाधिक पाई जाती है?
(A) रीतिकालीन कवियों में
(B) छायावादी कवियों में
(C) भारतेन्दु युगीन कवियों में
(D) प्रगतिवादी कवियों में

49. "अलंकार केवल वाणी की सजावट के लिए नहीं है, भाव की अभिव्यक्ति के विशेष द्वार हैं" यह कथन है?
(A) शान्तिप्रिय द्विवेदी का
(B) सुमित्रानंदन पंत का
(C) जयशंकर प्रसाद का
(D) नन्द दुलारे वाजपेयी का

50. 'चिति का विराट वायु मंगल यह सत्य सतत चिर सुन्दर' में 'यह' शब्द प्रयुक्त है?
(A) ईश्वर के लिए
(B) मनु के लिए
(C) संसार के लिए
(D) श्रद्धा के लिए

उत्तरमाला

(1)	B	(2)	C	(3)	B
(4)	D	(5)	D	(6)	D
(7)	C	(8)	B	(9)	A
(10)	B	(11)	D	(12)	B
(13)	A	(14)	B	(15)	C
(16)	A	(17)	D	(18)	A
(19)	C	(20)	B	(21)	B
(22)	C	(23)	C	(24)	B
(25)	A	(26)	B	(27)	B
(28)	B	(29)	A	(30)	D
(31)	B	(32)	A	(33)	C
(34)	C	(35)	A	(36)	B
(37)	B	(38)	A	(39)	B
(40)	A	(41)	A	(42)	C
(43)	C	(44)	D	(45)	C
(46)	A	(47)	C	(48)	B
(49)	B	(50)	C		

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय

(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

तर्कशक्ति

1. दिये गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें, जो श्रृंखला को पूरा करेगा।
122, 197, 290
(A) 399 (B) 400
(C) 401 (D) 402
उत्तर (C) 401
व्याख्या -



2. पांच लड़कियां उत्तर की ओर मुख करके बैठी हैं। रेखा, शालिनी और नीतू के बीच है। पूजा, नीतू के ठीक दायें है और शालिनी, नेहा के ठीक दायें है। तो बीच में कौन बैठी है?
(A) शालिनी (B) नीतू
(C) रेखा (D) पूजा
उत्तर (C) रेखा
व्याख्या -

3. दिये गए शब्दों को उस क्रम में व्यवस्थित करें जिसमें वे शब्दकोश में होते हैं।
(i) nature (ii) nest
(iii) numeric (iv) news
(A) iii, i, ii, iv (B) iv, ii, iii, i
(C) i, ii, iv, iii
उत्तर (C) i, ii, iv, iii
व्याख्या - nature, nest, news, numeric

4. विषम पद ज्ञात करें -
(A) BGF (B) FDH
(C) BAE (D) CDE
उत्तर (D) CDE
व्याख्या -



5. विषम पद ज्ञात करें -
(A) 2197 (B) 3375
(C) 4099 (D) 2744
उत्तर (C) 4099
व्याख्या - 2 + 1 + 9 + 7 = 19
3 + 3 + 7 + 5 = 18
4 + 0 + 9 + 9 = 22
2 + 7 + 4 + 4 = 17
17, 18, 19 लगातार आते हैं, जबकि 22 नहीं आता है।

6. विषम पद ज्ञात कीजिए -
(A) 794 (B) 576
(C) 668 (D) 992
उत्तर (B) 576
व्याख्या - 7 + 9 + 4 = 20
5 + 7 + 6 = 18
6 + 6 + 8 = 20
9 + 9 + 2 = 20

7. श्रृंखला को पूरा करें -
IJ, PQ, XY, ?
(A) DE (B) OP
(C) GH (D) WV
उत्तर (C) GH
व्याख्या -



8. श्रृंखला को पूरा करें -
15, 32, 99, 400, ?
(A) 2001
(B) 2004
(C) 2005
(D) 1994
उत्तर (C) 2005
व्याख्या -



9. कथन -
(i) सभी Horse, Bullocks हैं।
(ii) सभी Bullocks, Goat हैं।
निष्कर्ष -
(i) सभी Horse, Goat हैं।
(ii) सभी Goat, Horse हैं।
उत्तर केवल (i) निष्कर्ष सही है।
व्याख्या -

∵ सभी Horse, Goat हैं।

10. एक जंगल में रेसिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कुत्ता, हाथी से तेज लेकिन बाघ से धीमा भागता है। हिरण सबसे तेज दौड़ा। शेर, बाघ से तेज दौड़ा। दौड़ में दूसरे स्थान पर कौन था?
(A) कुत्ता
(B) हिरण
(C) हाथी
(D) शेर
उत्तर (D) शेर
व्याख्या -
हिरण > शेर > बाघ > कुत्ता > हाथी

11. श्रृंखला पूरी करें -
JN, OR, UW, BC, ?
(A) KM (B) JJ
(C) JK (D) KJ
उत्तर (B) JJ
व्याख्या -



12. प्रश्न में दो कथनों के बाद दो निष्कर्ष दिये गए हैं। ज्ञात तथ्यों से अलग होने पर भी आपको दिये गए कथनों को सत्य मानना है और निर्णय लीजिये कि कौन सा निष्कर्ष, कथनों का तर्कपूर्ण अनुसरण करता है।
कथन -
(i) केवल प्रथम श्रेणी वाले को प्रवेश मिला है।
(ii) राम को प्रथम श्रेणी प्राप्त हुई है।
निष्कर्ष -
(i) राम को प्रवेश मिला है।
(ii) केवल राम को प्रवेश मिला है।
उत्तर केवल निष्कर्ष (i) अनुसरण करता है।

13. विषम पद ज्ञात करें -
(A) $9\frac{1}{11}$ (B) $7\frac{9}{13}$
(C) $5\frac{15}{17}$ (D) $5\frac{6}{19}$
उत्तर (D) $5\frac{6}{19}$
व्याख्या - $9\frac{1}{11} \rightarrow \frac{100}{11}$
$7\frac{9}{13} \rightarrow \frac{100}{13}$
$5\frac{15}{17} \rightarrow \frac{100}{17}$
$5\frac{6}{19} \rightarrow \frac{101}{19} \rightarrow$ विषम पद

14. श्रृंखला को पूरा करें -
8, 17, 33, 67, ?
(A) 131 (B) 132
(C) 133 (D) 135
उत्तर (C) 133
व्याख्या -

15. प्रश्नचिन्ह के स्थान पर क्या आएगा -

(A) 60
(B) 65
(C) 68
(D) 55
उत्तर (B) 65
व्याख्या -

$8 \times 2 \rightarrow 16 \times 2 \rightarrow 32$

16. निम्नलिखित शब्दों को अर्थपूर्ण क्रम में व्यवस्थित करें -
(a) Birth (b) Death
(c) Childhood (d) Infancy
(e) Adolescence (f) Adulthood
(g) Old age
(i) b, f, g, e, d, c, a
(ii) a, d, c, e, f, g, b
(iii) a, d, c, f, e, b, g
(iv) b, g, e, f, c, a, b
उत्तर (ii) a, d, c, e, f, g, b
व्याख्या -
Birth
↓
Infancy
↓
Childhood
↓
Adolescence
↓
Adulthood
↓
Old age
↓
Death

17. निम्नलिखित आकृति में, जो लड़का, एथलीट और अनुशासित है, उसे किस संख्या से दर्शाया जाएगा? जहाँ त्रिभुज, लड़कियों को दर्शाता है, वृत्त, एथलिट को, आयत, लड़कों को और वर्ग, अनुशासित को।



(A) 1
(B) 2
(C) 6
(D) 10
उत्तर (B) 2

18. घड़ी की सुई, एक दिन में कितनी बार समकोण बनायेगी?
(A) 48
(B) 44
(C) 43
(D) 42
उत्तर (B) 44
व्याख्या - घड़ी एक घंटे में दो बार समकोण बनाती है, लेकिन घड़ी (3 से 4 और 9 से 10) के बीच केवल एक बार समकोण बनाती है। अतः 24 घंटों में वह 44 बार समकोण बनाएगी।

19. रिक्त पद ज्ञात कीजिए -

24	20	36
15	11	18
55	40	?

(A) 55 (B) 45
(C) 65 (D) 70
उत्तर (C) 65
व्याख्या - $\frac{24+36}{3} = 20$
$\frac{15+18}{3} = \frac{33}{3} = 11$
$\because \frac{55+x}{3} = 40$
$55 + x = 120$
$x = 120 - 55$
$= 65$

20. यदि BROTHER को किसी कूटभाषा में GWTYMJW लिखा जाता है, तो SCHOOL को कैसे लिखा जायेगा?
(A) XHMTTQ
(B) WGLSSP
(C) WGLSSQ
उत्तर (A) XHMTTQ
व्याख्या -
$BROTHER \xrightarrow{+5} GWTYMJW$
$\because SCHOOL \xrightarrow{+5} XHMTTQ$

21. दिये गए वैकल्पिक शब्दों में से, उस शब्द का चयन करें जिसे दिये गए शब्द के अक्षर का उपयोग करके गठित नहीं किया जा सकता है।
IMPRACTICABLE
(A) CAPABLE
(B) PARTICLE
(C) PRACTICAL
(D) PEACE
उत्तर (D) PEACE

22. P, Q, R और S चार दोस्त हैं। P, Q से छोटा है, लेकिन R से बड़ा है, जो S से छोटा है। तो सबसे छोटा कौन है?
(A) P (B) Q
(C) R (D) S
उत्तर (C) R
व्याख्या - S > Q > P > R
अतः R सबसे छोटा है।

23. रिक्त स्थान की पूर्ति करें -
2, 3, 8, ?, 112, 565
(A) 565 (B) 27
(C) 112 (D) 89
उत्तर (B) 27
व्याख्या - 2 × 1 + 1 = 3
3 × 2 + 2 = 8
8 × 3 + 3 = 27

24. विषम पद ज्ञात कीजिए -
(A) अंकगणित (B) गणित
(C) ज्यामिति (D) बीजगणित
उत्तर (B) गणित

25. राम x से पूर्व दिशा में 80 मीटर चलता है। वह दायें मुड़कर 50 मीटर चलता है। फिर वह दायें मुड़कर 70 मीटर चलता है। अंत में, दायें मुड़कर 50 मीटर चलता है। तो वह शुरुआती बिंदु से कितनी दूरी पर है?
(A) 10 मीटर
(B) 20 मीटर
(C) 30 मीटर
(D) 70 मीटर
उत्तर (A) 10 मीटर
व्याख्या - प्रश्नानुसार



26. यदि © का अर्थ 'घटाना' है, △का अर्थ, 'जोड़ना' है, तो, 94 △ 27 © 44 © 56 △ 20का मान क्या होगा?
(A) 41 (B) 45
(C) 47 (D) 42
उत्तर (A) 41
व्याख्या - प्रश्नानुसार
94 + 27 - 44 - 56 + 20
= 121 + 20 - 100
= 141 - 100
= 41

27. प्रश्नचिन्ह की जगह क्या आयेगा?

2	**7**	**9**
7	**3**	**4**
9	**8**	**?**
126	**168**	**216**

(A) 8 (B) 3
(C) 6 (D) 4
उत्तर (C) 6
व्याख्या - 2 × 7 × 9 = 126
7 × 3 × 8 = 168
9 × 4 × x = 216
$x = \frac{216}{9 \times 4}$
$x = 6$

28. विषम पद ज्ञात करें -
(A) 55-55 (B) 26-61
(C) 13-31 (D) 46-64
उत्तर (B) 26-61
व्याख्या - 55 - 55 13 - 31 46 - 64

29. दिये गए विकल्पों में से संबंधित शब्द का चयन करें -
विशालकाय : बौना :: प्रतिभाशाली : ?
(A) सज्जन
(B) छोटा
(C) शैतान
(D) बेवकूफ
उत्तर (D) बेवकूफ

30. दी गई आकृति में त्रिभुजों की संख्या ज्ञात कीजिए -

(A) 12
(B) 18
(C) 22
(D) 30
उत्तर (B) 18
व्याख्या -



∵ AHB, GHI, BJC, GFE, GIE, IJE, CEJ, CDE, HEG, BEC, HBE, JGE, ICE, FHE, GCE, BED, AGC, AFD

- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

साइबर सिक्युरिटी सेक्टर में बढ़ रहे कॅरियर के मौके

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिए 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिए जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिए उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिए कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुए आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कोविड-19 के बाद जो कॅरियर सबसे अच्छे दिखाई दे रहे हैं, उनमें साइबर सिक्युरिटी में कॅरियर भी शामिल है। ज्ञातव्य है कि कोविड-19 के बाद की दुनिया डिजिटल दुनिया के रूप में दिखाई दे रही है। नई डिजिटल दुनिया में साइबर सिक्युरिटी की अहमियत ऊंचाई पर पहुंचते हुए दिखाई दे रही है। ऐसे में साइबर सिक्युरिटी के क्षेत्र में कॅरियर के मौके भी लगातार बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

वर्ष 2025 तक 10 लाख स्किल्ड साइबर सिक्युरिटी प्रोफेशनल्स की जरूरत

देश में साइबर सिक्युरिटी के क्षेत्र में कॅरियर के मौके कितने तेजी से बढ़ रहे

हैं, इसका अंदाज नैसकॉम की रिपोर्ट से लगा सकते हैं। इसके मुताबिक भारत में वर्ष 2025 तक 10 लाख स्किल्ड साइबर सिक्युरिटी प्रोफेशनल्स की जरूरत बताई गई है। अब कोविड-19 के बाद नई डिजिटल दुनिया में साइबर सिक्युरिटी के क्षेत्र में कॅरियर के मौके लगातार बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

लगातार बढ़ रहा है साइबर सिक्युरिटी का बाजार

हाल ही में प्रकाशित डाटा सिक्युरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) की रिपोर्ट के अनुसार अब साइबर क्राइम और सिक्युरिटी की चुनौती बढ़ गई है। ऐसे में इनसे जुड़े मामलों में बढ़ोतरी होगी। इस रिपोर्ट के अनुसार देश की साइबर सिक्युरिटी सेवा कंपनियों का वर्ष 2019 में बाजार 197 करोड़ डॉलर का रहा। यह बाजार 2025 तक बढ़कर करीब 305 करोड़ डॉलर का हो जाने का अनुमान है।

निःसंदेह जैसे-जैसे हमारी जिंदगी में इंटरनेट की दखल बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे ही साइबर क्राइम की रफ्तार भी बढ़ रही है। साइबर क्राइम के अंतर्गत ब्लैकमेलिंग, स्टॉकिंग, कॉपीराइट, क्रेडिट कार्ड चोरी, ऑनलाइन फ्रॉड आदि आते हैं। इंटरनेट के माध्यम से किए जाने वाले सभी अपराधों को साइबर क्राइम माना गया है।

बढ़ते साइबर जोखिम ने बढ़ाए कॅरियर के मौके

जैसे-जैसे कोविड-19 के कारण वर्क फ्रॉम होम का चलन बढ़ा है। वैसे-वैसे कंपनियों के लिए साइबर सुरक्षा का जोखिम बढ़ा है। चूंकि कंपनियों के निजी आंकड़ों को कर्मचारी अपने घर से लैपटॉप या घर पर लगे पीसी से एक्सेस कर रहे हैं। ऐसे में उनमें उसी स्तर का फायरवॉल या सिक्युरिटी सिस्टम न हो, जो ऑफिस वाले कम्प्यूटर में होता है तो साइबर अटैक की आशंका बढ़ जाती हैं।

ज्ञातव्य है कि भारत का अपना अलग इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट है। इस कानून में हैकिंग, क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, साइबर स्टॉकिंग, ब्लैक मेलिंग, कम्प्यूटर सोर्स कोड के प्रसारण, नग्नता तथा बौद्धिक संपदा, कॉपीराइट तथा ट्रेडमार्क से जुड़े अपराध के खिलाफ सख्त प्रावधान बनाए गए हैं। वर्तमान में इंटरनेट पर होने वाले सभी अपराधों के मामले साइबर सिक्युरिटी प्रोफेशनल्स के माध्यम से ही निपटाए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि साइबर सिक्युरिटी कंपनियों को विशेष योग्यता वाले प्रोफेशनल्स की जरूरत होती है। इस फील्ड में आने के लिए किसी टेक्नोलॉजी कंपनी को ज्यादातर जरूरत टेक टैलेंट की होती है। इसमें टेक्नोलॉजी से संबंधित डोमेन जैसे आईटी और कम्प्यूटर साइंस के इंजीनियरिंग ग्रेजुएट शामिल होते हैं।

साइबर सिक्युरिटी प्रोफेशनल्स के बढ़ते दायित्व

सामान्यतया एक साइबर सिक्युरिटी प्रोफेशनल के दो तरह के दायित्व हो सकते हैं। एक वह उसके कार्य क्षेत्र में आने वाले लोगों को साइबर अटैक से बचने और डाटा को सुरक्षित रखने संबंधी प्रमुख उपायों की जानकारी दे और दूसरा साइबर क्राइम की रोकथाम करे। साइबर सिक्युरिटी प्रोफेशनल के द्वारा जिन पांच प्रमुख उपायों की जानकारियां दी जानी चाहिए वे हैं- एक, हर प्लेटफॉर्म पर पासवर्ड मजबूत बनाने संबंधी मार्गदर्शन दिया जाना चाहिए। पासवर्ड में अल्फा-न्यूमरिक के साथ-साथ स्पेशल कैरेक्टर का इस्तेमाल उपयोगी होता है। अलग-अलग अकाउंट पर एक ही पासवर्ड इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। वाई-फाई को भी मजबूत पासवर्ड से सिक्योर किया जाना चाहिए।

दो, पर्सनल डिवाइस के मामले में सिक्युरिटी टूल संबंधी पूरी जानकारी दी जानी चाहिए जो मालवेयर, रैंसमवेयर या साइबर क्राइम का पता लगा सके। घर के नेटवर्क में इसके लिए अक्सर फायरवॉल और एनक्रिप्शन का उपयोग किया जाता है। फायरवॉल डिवाइस, एप्लीकेशन को साइबर हमले से बचाती है। पब्लिक वाई-फाई से जुड़ना भी स्मार्टफोन और एप के लिए जोखिम की वजह बन सकता है। तीन, साइबर-इंश्योरेंस बीमा कवर भी जरूरी है। कोविड-19 के बीच देखा जा रहा है कि सुरक्षा के तमाम उपाय करने के बावजूद हैकर्स साइबर क्राइम के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इसे देखते हुए साइबर-इंश्योरेंस बीमा कवर लेना अब लाभप्रद बन गया है। एक कॉम्प्रिहेंसिव साइबर इंश्योरेंस कवर विभिन्न प्रकार के साइबर जोखिम के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करता है। चार, चूंकि साइबर अपराधी अक्सर ई-मेल के जरिए फिशिंग हमले करते हैं। यूजर को ऐसे ई-मेल असली लगते हैं लेकिन वह फर्जी होते हैं। इनसे बचने संबंधी तरीके की जानकारी दी जानी चाहिए। पाँच, टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन उपयोगिता ध्यान में रखी जानी चाहिए। हो सकता है कि हैकर किसी व्यक्ति के पासवर्ड को चोरी कर सकता है, लेकिन उसके पास मोबाइल मौजूद नहीं होगा जिस पर वेरिफिकेशन कोड या ओटीपी आएगा। इससे हैकर एक्सेस नहीं कर सकेगा।

साइबर सिक्युरिटी कॅरियर में रिसर्च एंड डेवलपमेंट की भूमिका

उल्लेखनीय है कि किसी भी अन्य सेक्टर की तरह, साइबर सिक्युरिटी कंपनियां भी स्पेशलाइज्ड फ्रेशर की भर्ती करती हैं। उदाहरण के लिए कम्प्यूटर या आईटी इंजीनियर। उन्हें रिसर्च एंड डेवलपमेंट टीम के साथ ट्रेंड करने के बाद उनकी रुचि व योग्यता के आधार पर प्रोजेक्ट दिए जाते हैं। यदि इंटरव्यू के दौरान पैशन और ग्रोथ के लिए उत्साह दिखाया जाता है, तो ऐसे उम्मीदवारों को वरीयता मिलती है। टेक्निकल रोल के लिए प्राथमिकता वर्क एक्सपीरियंस है।

सामान्यतः साइबर सिक्युरिटी कंपनियां नई नियुक्तियों में फोकस इनोवेशन, आईपी और रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर करती हैं। ग्रोथ के लिए सेल्स डिपार्टमेंट में भी नई नियुक्तियां की जाती हैं। इस तरह की साइबर सिक्युरिटी कंपनियां कैंपस हायरिंग के माध्यम से फ्रेश ग्रेजुएट्स की भर्ती करती हैं। साइबर सिक्युरिटी क्षेत्र में कई तरह की स्पेशलाइजेशन्स हैं। डाटा सिक्युरिटी के तहत कम्युनिकेशन और डाटा ट्रांसफर की वारीक जानकारी होनी चाहिए। सॉफ्टवेयर का डिजाइन, उसकी रचना और सुरक्षा की जानकारी बेहद जरूरी है। नेटवर्क डोमेन जैसे डिजिटल नेटवर्क, वीपीएन, वैन, लैन या फिर आईपी मैनेजमेंट में स्पेशलाइजेशन का महत्व बढ़ गया है। सिक्युरिटी में एथिकल हैकिंग और इंफॉर्मेशन सिक्युरिटी का चुना जाना भी लाभप्रद है।

साइबर फॉरेंसिक सेक्टर में कॅरियर

साइबर सिक्युरिटी सेक्टर में साइबर क्राइम बढ़ने से साइबर फॉरेंसिक क्षेत्र भी

कॅरियर की नई फील्ड के तौर पर उभरा है। यदि हम तेजी से बढ़ते हुए अन्य क्षेत्रों को देखें तो पाते हैं कि ब्लैकबेरी और आईफोन जैसे एडवांस स्मार्टफोन्स और फेसबुक जैसी तमाम सोशल नेटवर्किंग साइट्स के बढ़ते इस्तेमाल ने साइबर सिक्युरिटी एक्सपर्ट्स के लिए नई कॅरियर संभावनाएं पैदा की हैं। इसके अलावा क्लाउड सिक्युरिटी और इंडस्ट्रियल सिस्टम की सुरक्षा जैसे विकल्प आगे बढ़ रहे हैं। वेब एप्लीकेशन्स की सुरक्षा पर भी अब पहले की तुलना में ज्यादा ध्यान दिया जाने लगा है। इससे इस क्षेत्र में भी कॅरियर के मौके बढ़ गए हैं। निश्चित रूप से मौजूदा मार्केट को देखते हुए मशीन लर्निंग, विग डेटा, आईओटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग, ब्लॉकचेन जैसी स्किल की मांग बढ़ रही है।

साइबर लॉ सेक्टर में कॅरियर

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि यदि आपकी एक मुट्ठी में साइबर सिक्युरिटी से संबंधित टेक्निकल डिग्री हो और दूसरी मुट्ठी में साइबर लॉ की डिग्री हो तो आपका कॅरियर और बेहतर बन सकता है। साइबर लॉ संभावाओं से भरपूर क्षेत्र है। वर्तमान में इंटरनेट पर होने वाले सभी अपराधों के मामले साइबर लॉ के माध्यम से ही निपटाए जा रहे हैं। साइबर अपराधों के साथ-साथ साइबर लॉयर की मांग भी खासी बढ़ रही है। वास्तव में साइबर लॉ एक तरह का विनियमन है जो कॉपीराइट, बौद्धिक संपदा, अनुबंध आदि को अधिशासित करता है। इन विनियमों पर किसी एक देश का अधिकार नहीं है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी जगत में यह विस्तारित है। भारत में तकनीकी क्रांति, सूचना क्रांति, बीपीओ बूम और फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट से संबंधित नियमों के सरलीकरण के चलते विदेशी कंपनियों का देश में तांता लग गया है। ऐसे में देश में कॉर्पोरेट वकीलों

तथा साइबर लॉ विशेषज्ञों की जबरजस्त मांग है। यदि आपकी सूचना प्रौद्योगिकी में अच्छी पकड़ है और लॉ के क्षेत्र में कॅरियर बनाने में दिलचस्पी है तो साइबर लॉ आपके लिए संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र है।

साइबर लॉयर बनकर आप साइबर लॉ के क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाकर साइबर क्राइम विशेषज्ञ के रूप में ख्याति प्राप्त कर सकते हैं। मूलतः साइबर लॉयर वह शख्स होता है, जो हैकिंग, क्रेडिट कार्ड जलसाजी, ई-कॉमर्स तथा इंटरनेट पर ई- बिजनेस से रक्षोपाय के लिए डिजिटल हस्ताक्षर के संरक्षण, इनक्रिप्शन कोड या इलेक्ट्रॉनिक कोड आदि से जुड़े अपराधों से निपटता है। बौद्धिक संपदा कानून अथवा कॉपीराइट्स, सॉफ्टवेयर पेटेन्ट्स, नेट बैंकिंग जैसे प्रकरण भी साइबर लॉ की मदद से निपटाए जाते हैं। इसके लिए आपको विधि विषय में स्नातक उपाधि प्राप्त करने के बाद साइबर लॉ में डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त करना होगा। साइबर लॉ में कोर्स करने के उपरांत आप स्वतंत्र रूप से बतौर कंसल्टेंट अपना कॅरियर आरंभ कर सकते हैं अथवा साइबर क्राइम से जुड़े प्रकरणों में वकीलों की सहायता करने के लिए किसी लीगल कंसल्टिंग तथा आर्बिट्रेशन फर्म में असिस्टेंट या जूनियर प्रेक्टिशनर की भूमिका अदा कर सकते हैं।

गवर्नमेंट सेक्टर से लेकर प्रायवेट सेक्टर में कॅरियर के भरपूर मौके

गौरतलब है कि साइबर सिक्युरिटी

प्रोफेशनल्स के लिए गवर्नमेंट सेक्टर, आईटी, बैंक, फाइनेंस, ऑयल एंड गैस, टेलीकॉम, पावर, एयरलाइंस, ऑनलाइन मीडिया कंपनी, सोशल मीडिया आदि में कॅरियर के बढ़ते हुए मौके हैं। देशी-विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों में भी एथिकल हैकर्स की भारी डिमांड है। यदि हम तेजी से बढ़ते हुए अन्य क्षेत्रों को देखें तो पाते हैं कि ब्लैकबेरी और आईफोन जैसे एडवांस स्मार्टफोन्स और फेसबुक जैसी तमाम सोशल नेटवर्किंग साइट्स के बढ़ते इस्तेमाल ने साइबर सिक्युरिटी एक्सपर्ट्स के लिए नई कॅरियर संभावनाएं निर्मित की हैं।

साइबर सिक्युरिटी सेक्टर में कॅरियर के लिये जरूरी स्किल्स

यह बात महत्वपूर्ण है कि साइबर सिक्युरिटी के क्षेत्र में साइंस ही नहीं, बल्कि लॉ, आर्ट्स और कॉमर्स बैकग्राउंड वाले छात्रों के लिए भी कई तरह के कोर्सेज हैं। इस क्षेत्र में आने के लिए कम्प्यूटर और इंग्लिश स्किल्स बुनियादी जरूरत होती है। लैटरल हायरिंग के लिए ऐसे प्रोफेशनल्स की जरूरत होती हैं, जिन्होंने सी, सी++, मालवेयर एनालिसिस, ऑटोमेशन और डेटा साइंस में काम किया हो। साथ ही कंपनियाँ ऐसे लोगों को तवज्जो देती हैं, जिनमें खुद से कुछ कर दिखाने की ललक हो।

साइबर सिक्युरिटी सेक्टर में कॅरियर के लिए जरूरी डिग्रियां

इस क्षेत्र में अच्छा कॅरियर बनाने के लिए 12वीं के बाद कम्प्यूटर इंजीनियरिंग/

कम्प्यूटर साइंस/आईटी में बीटेक/बीई कर सकते हैं। इनमें दाखिले के लिए 12वीं पीसीएम से पास होना जरूरी है। इसके बाद कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर इंजीनियरिंग/नेटवर्क इंजीनियरिंग/आईटी/सायबर सिक्युरिटी/इंफॉर्मेशन सिक्युरिटी या कम्प्यूटर फॉरेंसिक में एमटेक का भी विकल्प है। इसके अलावा सिस्को और आईआईएस-एससीसी (इंटरनेशनल इंफॉर्मेशन सिस्टम सिक्युरिटी सर्टिफिकेशन कंसोर्टियम) के सर्टिफिकेशन कोर्स भी हैं। सिस्को में सीसीएसपी, सीसीडीए, सीसीईएनटी जैसे कई कोर्सेज हैं। आईआईएसएससीसी से आप एसएससीपी, सीएपी आदि कोर्स कर सकते हैं। कोर्स के बाद सिक्युरिटी एनालिस्ट या एथिकल हैकर के तौर पर काम की शुरुआत कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश तथा देशभर में कई संस्थानों में साइबर सिक्युरिटी से संबंधित डिप्लोमा, डिग्री तथा पोस्ट ग्रेजुएशन के विभिन्न कोर्स उपलब्ध हैं। आप सावधानी के साथ विश्वसनीय संस्थान का चयन करके साइबर सिक्युरिटी का उपयुक्त कोर्स करके कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य बुद्धि तथा अभियोग्यता परीक्षण

1. किसी कूट भाषा में METRIC को LDSQHB लिखा जाता है तो इसी कूट भाषा में POSTER को कैसे लिखा जाएगा?
(A) ONRUFS
(B) ONRVFS
(C) ONRTFS
(D) ONRSDQ

उत्तर (D) ONRSDQ

हल - जिस प्रकार

$M \xrightarrow{-1} L$
$E \xrightarrow{-1} D$
$T \xrightarrow{-1} S$
$R \xrightarrow{-1} Q$
$I \xrightarrow{-1} H$
$C \xrightarrow{-1} B$

इसी प्रकार

$P \xrightarrow{-1} O$
$O \xrightarrow{-1} N$
$S \xrightarrow{-1} R$
$T \xrightarrow{-1} S$
$E \xrightarrow{-1} D$
$R \xrightarrow{-1} Q$

2. परसों मेरा जन्म दिन है। अगले सप्ताह में उसी दिन रक्षाबंधन है। आज मंगलवार है। रक्षाबंधन के बाद कौनसा दिन होगा?
(A) रविवार
(B) शनिवार
(C) शुक्रवार
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (C) शुक्रवार

हल - आज = मंगलवार
जन्मदिन = परसो = गुरुवार
अगले सप्ताह में रक्षाबंधन का दिन = गुरुवार
अतः रक्षाबंधन के बाद वाला दिन = **शुक्रवार**

3. यदि E = 10, HE = 26, PEN = ?
(A) 68 (B) 70
(C) 72 (D) 75

उत्तर (B) 70

हल - चूँकि E वर्णमाला में पाँचवा अक्षर है
$\therefore E = 5 \times 2 = 10$ लिखा गया है
इसी तरह H वर्णमाला में आठवां अक्षर है
$\therefore H = 8 \times 2 = 16$ होगा
इसीलिए $HE = 16 + 10 = 26$ लिखा गया है
इसी तरह P वर्णमाला का सोलवा अक्षर है
$\therefore P = 16 \times 2 = 32$ होगा
$E = 5 \times 2 = 10$ होगा तथा
$N = 14 \times 2 = 28$ होगा
(N वर्णमाला का 14वां अक्षर है।)
अतः $PEN = 32 + 10 + 28 = 70$ होगा।

4. यदि संख्या 3598147 के अंकों को अवरोही क्रम में लिखा जाए तो कितने अंकों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे?
(A) एक (B) दो
(C) तीन (D) एक भी नहीं

उत्तर (D) एक भी नहीं

हल - 3598147
9875431

5. नीचे दिए वैकल्पिक शब्दों में से उस शब्द को छाँटिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करते हुए नहीं बनाया जा सकता है - INSECTARIUM
(A) INMATE
(B) CAT
(C) NAME
(D) INCOME

उत्तर (D) INCOME

हल - Income दिए गए शब्द के अक्षरों से नहीं बनाया जा सकता है क्योंकि अक्षर 0 नहीं है।

निर्देश (प्रश्न 06 से 10) नीचे दिए गए विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या चुनिए -

6. (A) 736 (B) 646
(C) 952 (D) 679

उत्तर (D) 679

हल - $\left.\begin{matrix}7+3+6=16\\6+4+6=16\\9+5+2=16\end{matrix}\right\}$ एक समान है
$6+7+9=22$

7. (A) ACQPR
(B) ETSWX
(C) ONMTP
(D) CDXBT

उत्तर (D) CDXBT

हल - इनमें कोई स्वर उपस्थित नहीं है।

8. (A) ABD
(B) FGI
(C) LMO
(D) STU

उत्तर (D) STU

हल - केवल D के अतिरिक्त प्रत्येक समूह के दूसरे तथा तीसरे अक्षर के बीच वर्ण मालानुक्रम में एक अक्षर का अंतराल है अतः उत्तर D होगा।

9. (A) वर्ष 1960
(B) वर्ष 1970
(C) वर्ष 1981
(D) वर्ष 1987

उत्तर (A) वर्ष 1960

हल - केवल A के अतिरिक्त सभी वर्ष लीप वर्ष नहीं है अतः उत्तर 'A' होगा।

10. (A) 36, 27
(B) 21, 18
(C) 30, 21
(D) 22, 15

उत्तर (D) 22, 15

हल - D के अतिरिक्त अन्य समूहों की दोनों संख्याएं 3 से विभाज्य हैं।

11. यदि '+' का अर्थ है '-', '-'का अर्थ है '×', '÷' का अर्थ है '+', '×' का अर्थ है '÷' तो 15 × 3 ÷ 4 - 6 + 5 = ? होगा?
(A) 20 (B) 21
(C) 22 (D) 24

उत्तर (D) 24

हल - नए चिन्हों का प्रतिस्थापन करने पर
$? = 15 \times 3 \div 4 - 6 + 5$
$= 15 \div 3 + 4 \times 6 - 5$
$= 5 + 24 - 5$
$= 24$

12. किसी सांकेतिक भाषा में निम्नलिखित अक्षर यथाक्रम दिए हुए हैं :

A	B	C	D	E	F	G	H	I	K	S	Y
+	-	=	#	=	^	V	^	#	<	>	+

DAKSH शब्द को उस संकेत भाषा में कैसे लिखेंगे?
(A) =#+<>^
(B) #-<>^
(C) #->^
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (D) इनमें से कोई नहीं

हल - दिए गए कूट के अनुसार
D = #, A = +, K = <, S = > तथा H = ^
अतः DAKSH = #+<>^

13. यदि आदित्य लड़कों की एक पंक्ति में स्वयं को दाएं से 22वें तथा बाएं से 10वें स्थान पर पाता है तो उस पंक्ति में कितने और लड़कों को शामिल किया जाए जिससे पंक्ति में लड़कों की संख्या 50 हो जाए?
(A) 16 (B) 17
(C) 18 (D) 19

उत्तर (D) 19

हल - यह स्पष्ट है कि पंक्ति में लड़कों की संख्या = 22 + 10 - 1 = 31 है।
अतः शामिल होने वाले लड़कों की संख्या = 50 - 31 = **19**

14. यदि 5 से 80 तक की सभी संख्याएं जो 5 से पूर्णतया विभाज्य हैं उन्हें अवरोही क्रम में सजाया जाए तो क्रमशः शीर्ष से सातवें स्थान पर तथा नीचे से पाँचवें स्थान पर कौन सी संख्या आएगी?
(A) 40 और 35
(B) 45 और 25
(C) 45 और 20
(D) 50 और 25

उत्तर (D) 50 और 25

हल - 5 से 80 तक की सभी संख्याएं जो 5 से पूर्णतया विभाज्य हैं, उन्हें अवरोही क्रम में सजाने पर 80, 75, 70, 65, 60, 55, 50, 45, 40, 35, 30, 25, 20, 15, 10 व 5
अतः शीर्ष से सातवें स्थान पर 50 है तथा नीचे से पाँचवे स्थान पर 25 है इसीलिए उत्तर (D) होगा।

15. निम्नलिखित अनुक्रम में ऐसे कितने 6 हैं, जिसके तुरंत पहले 8 है, परंतु बाद में 3 नहीं है?
62853686235863368 61
(A) 01 (B) 02
(C) 03 (D) 04

उत्तर (B) 02

हल - 862 (एक) 861 (दो)

(निर्देश प्र. 16 से 20) निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्नों में एक श्रृंखला दी गई है। इन श्रृंखला में एक पद रिक्त है। यह पद प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार वैकल्पिक उत्तरों में से एक है। रिक्त पद को विकल्पों में से ढूढकर निर्दिष्ट कीजिए।

16. U, O, ? E, A?
(A) H
(B) J
(C) T
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (D) इनमें से कोई नहीं

हल - श्रृंखला के अक्षर स्वर (VOWELS) हैं जो विपरीत दिशा में लिखे गए हैं। अतः ? = I होगा।

17. A, D, H, M?
(A) Q (B) R
(C) S (D) T

उत्तर (C) S

हल - श्रृंखला का प्रत्येक पद अपने पूर्ववर्ती पद को 3, 4, 5, 6 स्थान आगे बढ़ाने से प्राप्त होता है।
दूसरा पद = पहला पद 3 स्थान आगे बढ़ाने से = A, 3 स्थान आगे बढ़ाने से = D
तीसरा पद = दूसरा पद 4 स्थान आगे बढ़ाने से = D, 4 स्थान आगे बढ़ाने से = H
चौथा पद = तीसरा पद 5 स्थान आगे बढ़ाने से = H, 5 स्थान आगे बढ़ाने से = M
पाँचवा पद = चौथा पद, 6 स्थान आगे बढ़ाने से = M, 6 स्थान आगे बढ़ाने से = S

18. 7, 13, 25, 49 ?
(A) 95 (B) 96
(C) 97 (D) 99

उत्तर (C) 97

हल -
7 → x 2 - 1 → 13
13 → x 2 - 1 → 25
25 → x 2 - 1 → 49
49 → x 2 - 1 → [97]

19. 1, 3, 10, 36, 152, 770 ?
(A) 4600 (B) 4629
(C) 4632 (D) 4832

उत्तर (C) 4632

हल -
1 → x 1+2 → 3
3 → x 2+4 → 10
10 → x 3+6 → 36
36 → x 4+8 → 152
152 → x 5+10 → 770
770 → x 6+12 → [4632]

20. 3, 5, 8, 13, 22 ? 72
(A) 37 (B) 38
(C) 39 (D) 49

उत्तर (C) 39

हल -
3 → x 2-1 → 5
5 → x 2-2 → 8
8 → x 2-3 → 13
13 → x 2-4 → 22
22 → x 2-5 → [39]
39 → x 2-6 → 72

21. यदि 5 - 5 = 20, 8 - 4 = 60, 2 + 4 = 8 हो तो 5 + 8 = ?
(A) 30
(B) 32
(C) 33
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (C) 33

हल - यहाँ
$5 - 5 = 5^2 - 5 = 25 - 5 = 20$
$8 - 4 = 8^2 - 4 = 64 - 4 = 60$
$2 + 4 = 2^2 + 4 = 4 + 4 = 8$
इसी प्रकार से।
$5 + 8 = 5^2 + 8 = 25 + 8 = 33$ होगा।

22. यदि VICTIM को कूटभाषा में 213517 लिखा जाए तथा COLD को 3486 लिखा जाए तो COVID को कूट भाषा में कैसे लिखेंगे?
(A) 34261
(B) 43261
(C) 34216
(D) 12346

उत्तर (C) 34216

हल - V → 2
I → 1
C → 3
T → 5
I → 1
M → 7
तथा
C → 3
O → 4
L → 8
D → 6
इसी प्रकार
C → 3
O → 4
V → 2
I → 1
D → 6
लिखेंगे।

23. PQR तीन क्रमानुसार माह हैं, जिसमें Q में 29 दिन हैं। यह जानकारी निम्न में से किस वर्ष से संबंधित हो सकती है?
(A) 2001
(B) 2006
(C) 2014
(D) 2020

उत्तर (D) 2020

हल - तीन क्रमागत माह जनवरी, फरवरी तथा मार्च है। 2020 लीप वर्ष है इसीलिए इसमें फरवरी 29 दिन की रही है।

- डॉ. डी.सी. राठी
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय राऊ, इंदौर में अध्यापन करते हैं)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग संभाग, शिवपुरी (म.प्र.)

website : www.mpgov.in/pwdmp, E-mail : eepwdshivpuri@mp.nic.in
Phone : 07492-233353 (O), Fax - 07492-233644

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक : 12/2020-21 शिवपुरी, दिनांक : 03.09.2020

संशोधन

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्रमांक 12/2020-21 शिवपुरी दिनांक 03.09.2020 द्वारा प्रचलित भवन/पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.08.2014/29.08.2017 पर निविदायें लोक निर्माण विभाग में केंद्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं। जिसका सम्पूर्ण विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिये जिम्मेदार नहीं होगा एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें। पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी। **नोट**- उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज दिनांक 26.09.2020 में भौतिक रूप से कार्यालय मुख्य अभियंता, (उत्तर परिक्षेत्र) लोक निर्माण विभाग ग्वालियर में जमा होंगे।

क्र.	टेंडर आई.डी.	कार्य का नाम	(1) ठेके की अनु. लागत राशि (2) अमानत राशि	टेंडर फार्म की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	पंजीयन श्रेणी
1.		वैलेंस वर्क ऑफ कन्ट्रक्शन ऑफ एन.एच-3, ए.बी. रोड टू सी.आई.ए.टी. स्कूल एप्रोच रोड शिवपुरी (म.प्र.) अनुबंध क्रमांक 28/2018-19 दिनांक 27.09.2018	(1) 129.29 लाख (2) 1,29,290/-	12,500/- + (पोर्टल चार्ज)	06 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोनिवि में पंजीकृत ठेकेदार

ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरंभ तिथि- 04.09.2020 प्रातः 10.30 बजे से। ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि - 25.09.2020 सायं 17.30 बजे तक**। मूल धरोहर राशि मय कागजात जमा करने की तिथि - 26.09.2020 सायं 17.30 तक। ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि - 28.09.2020 प्रातः 11.00 बजे। निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी विलंब एवं अन्य समस्याओं के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

जी-14245/44409/2020 कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग, शिवपुरी (म.प्र.)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान

1. भारत सरकार ने अप्रैल-जून 2020 की तिमाही में 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना' के तहत कितने गरीब परिवारों को एलपीजी के 1-1 रिफिल सिलेंडर मुफ्त में वितरित किये हैं-
अ. 6 करोड़ ब. 7 करोड़
स. 8 करोड़ द. 9 करोड़।

2. इस वर्ष 6वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया गया है-
अ. 21 मई को ब. 5 जून को
स. 21 जून को द. 5 जुलाई को।

3. जून 2020 में जारी रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने पहली बार कितने अरब डॉलर के स्तर को पार किया है-
अ. 400 अरब डॉलर
ब. 500 अरब डॉलर
स. 550 अरब डॉलर
द. 600 अरब डॉलर।

4. क्षेत्रफल एवं जनसंख्या की दृष्टि से वर्तमान में प्रदेश का सबसे छोटा जिला है-
अ. हरदा ब. निवाड़ी
स. उमरिया द. अलीराजपुर।

5. तमिलनाडु की किस 13 वर्षीय छात्रा को जून 2020 में संयुक्त राष्ट्र के विकास और शांति संघ द्वारा 'गुडविल एंबेसडर फॉर द पुअर' नियुक्त किया गया है-
अ. एन. नैंसी ब. एम. नेत्रा
स. एस. चैन्या द. एल. रंभा।

6. किस ई-वालेट कंपनी द्वारा भारत में 13 नए कार्यालय खोलने की घोषणा की गई है-
अ. फोन पे ब. पेटीएम
स. मोबीक्विक द. इन्स्टाग्राम।

7. 'मेरी संसदीय यात्रा' रचना है-
अ. उमा भारती की
ब. अटल बिहारी वाजपेयी की
स. सुमित्रा महाजन की
द. लालकृष्ण आडवाणी की।

8. 2020 में कौन-सा अंतर्राष्ट्रीय संगठन अपनी स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है-
अ. UN ब. WHO
स. NAM द. ILO

9. हाल ही में किसे मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया है -
अ. अचल ज्योति
ब. डॉ. कृपाल सिंह
स. विमल जुल्का
द. उर्जित पटेल।

10. म.प्र. में सबसे बड़ा सोलर एनर्जी प्लांट स्थापित किया गया है-
अ. सागर में ब. रीवा में
स. जबलपुर में द. इन्दौर में।

11. चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में 400 किलोवाट क्षमता का सोलर संयंत्र लगाया गया है। यह स्टेडियम स्थित है-
अ. चेन्नई में ब. हैदराबाद में
स. बैंगलुरू में द. कोचीन में।

12. इनमें से कौन म.प्र. से संबंधित केन्द्रीय/राज्य मंत्री नहीं है-
अ. थावरचंद गहलोत
ब. अनुराग ठाकुर
स. प्रहलाद पटेल
द. नरेन्द्र सिंह तोमर।

13. स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट (2019) में विश्व में स्वास्थ्य संबंधी खतरों से होने वाली मौतों का 5वां सबसे बड़ा कारण माना गया है-
अ. वायु प्रदूषण को
ब. ध्वनि प्रदूषण को
स. जल प्रदूषण को
द. नशाखोरी को।

14. किस जीवित खिलाड़ी के सम्मान में 20 फ्रेंक मूल्य का सिक्का जारी किया गया है-
अ. लियोनेल मेसी
ब. रोजर फेडरर
स. क्रिस्टियानो रोनाल्डो
द. मार्टिना नवरातिलोवा।

15. 50वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में किस भारतीय कलाकार को आइकन ऑफ गोल्डन जुबली अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है-
अ. अमिताभ बच्चन को
ब. नसीरुद्दीन शाह को
स. रजनीकांत को
द. कमल हासन को।

16. कोविड-19 महामारी के चलते किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन के शिखर सम्मेलन का आयोजन 4 मई 2020 को वर्चुअल/ऑनलाइन रूप में हुआ है-
अ. ILO
ब. WHO
स. NAM
द. UNESCO

17. म.प्र. का पहला चाइल्ड फ्रेंडली कोर्ट (बाल हितैषी न्यायालय) किस जिले में स्थापित किया गया है-
अ. देवास में
ब. छतरपुर में
स. छिंदवाड़ा में
द. उज्जैन में

18. भारत की सबसे बड़ी/लंबी सुरंग का निर्माण किस राज्य में किया गया है-
अ. सिक्किम में
ब. उत्तर प्रदेश में
स. महाराष्ट्र में
द. जम्मू-कश्मीर में

19. अपने 80 साल पूरे कर चुका विश्व का सबसे पुराना हेल्पलाइन नम्बर है-
अ. 111 ब. 333
स. 999 द. 4321

20. भारत द्वारा किस संस्था/समूह की सदस्यता प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं-
अ. SC, NATO
ब. SC, G-7
स. SC, NSG
द. EU, SENTO

21. किसने 21वीं एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में महिला एकल रिकर्व स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है-
अ. दीपिका कुमारी ने
ब. वरूणा राय ने
स. सीमा राजपूत ने
द. विजया थापा ने।

22. आतंकी संगठनों के वित्त पोषण एवं मनी लांड्रिंग पर निगरानी करने वाले कार्यबल एफ.ए.टी.एफ. की अगली बैठक 2021 में किस देश में होगी-
अ. मैक्सिको में
ब. जर्मनी में
स. उज्बेकिस्तान में
द. ईरान में।

23. 123वां संविधान संशोधन विधेयक संबंधित है-
अ. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने से
ब. बैंकिंग सेवा को कैशलेस बनाने से
स. विदेश नीति को अद्यतन बनाने से
द. सभी वर्गों के आरक्षण को आर्थिक आधार पर लागू करने से।

24. म.प्र. के किस जिले के बांचा गांव के सभी ग्रामीणों ने आदर्श एवं अनुकरणीय कार्य करके देश का पहला सोलर किचन गांव बनने का गौरव प्राप्त किया है-
अ. शाजापुर ब. रीवा
स. जबलपुर द. बैतूल।

25. जुलाई 2020 में सरकारी बैंककर्मियों की सैलरी में कितने प्रतिशत वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है-
अ. 10 ब. 12
स. 15 द. 18

26. इनमें सही युग्म नहीं है -
अ. राष्ट्रीय युवा दिवस- 12 जनवरी
ब. विश्व स्वास्थ्य दिवस- 07 अप्रैल
स. राष्ट्रीय पंचायत दिवस- 14 अप्रैल
द. विश्व जनसंख्या दिवस- 11 जुलाई

27. वर्तमान में RBI के गवर्नर कौन हैं-
अ. अमित देसाई
ब. शक्तिकांत दास
स. उर्जित पटेल
द. विमल जालान।

28. आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम 'मन की वात' का प्रसारण प्रायः होता है-
अ. सोमवार को ब. शुक्रवार को
स. शनिवार को द. रविवार को।

29. सार्क (दक्षेस) का नवीनतम सदस्य है -
अ. मालदीव ब. तुर्की
स. अफगानिस्तान द. ईरान।

30. गूगल ड्राइव जीमेल उपयोगकर्ता को कितनी जी.बी. तक मुफ्त डाटा स्टोरेज सेवा देती है -
अ. 5 जी.बी. ब. 10 जी.बी.
स. 12 जी.बी. द. 15 जी.बी.।

31. किस देश के सम्राट/साम्राज्ञी ने राजघराने के खर्च में कटौती करने हेतु अपने 5 पौत्र-पौत्रियों को अक्तूबर, 2019 में राजघराने से अलग कर दिया है-
अ. स्वीडन ब. भूटान
स. ब्रिटेन द. सऊदी अरब।

32. मैडम तुसाद म्यूजियम की शाखा भारत में स्थापित की गई है-
अ. मैसूर में ब. लखनऊ में
स. दिल्ली में द. श्रीनगर में।

33. मार्च 2020 में म.प्र. के किस जिले में 'नमस्ते ओरछा महोत्सव' का आयोजन हुआ था-
अ. टीकमगढ़ ब. निवाड़ी
स. छतरपुर द. शिवपुरी।

34. सर्व शिक्षा अभियान की निगरानी हेतु शुरू किये गए वेब पोर्टल को क्या नाम दिया गया है-
अ. खबरमेल ब. दिव्य दृष्टि
स. शगुन द. त्रिनेत्र।

35. हाल ही में दिवंगत हए फिल्म अभिनेता इरफान खान ने इनमें से किस फिल्म में काम नहीं किया-
अ. क्रांति ब. हिंदी मीडियम
स. द लंच बॉक्स द. पीकू।

36. विश्व की पहली महिला क्रिकेट खिलाड़ी जिन्होंने 6000 रन बनाने का रिकॉर्ड स्थापित किया है-
अ. अंजुम चौपड़ा
ब. मिताली राज
स. एंजेला जॉनसन
द. जया कुमारतुंगा।

37. इंजीनियरिंग के स्नातकों के लिए चलाया गया नया इंटर्नशिप कार्यक्रम का नाम है-
अ. यूलिप
ब. ट्यूलिप
स. जूलिप
द. इनमें से कोई नहीं।

38. अक्टूबर 2016 में किस देश ने राष्ट्रमंडल की सदस्यता छोड़कर 2020 में पुनः इसमें वापसी कर ली है-
अ. पाकिस्तान ने
ब. नेपाल ने
स. मालदीव ने
द. इजराइल ने।

39. 'भारतीय विदेश नीति : नये दिशा संकेत' पुस्तक है-
अ. जे.एन. दीक्षित की
ब. प्रो. पुष्पेश पंत की
स. सुषमा स्वराज की
द. वेदप्रताप वैदिक की

उत्तरमाला

1. स	2. स	3. ब	4. ब
5. ब	6. स	7. ब	8. अ
9. स	10. ब	11. स	12. ब
13. अ	14. ब	15. स	16. स
17. अ	18. द	19. स	20. स
21. अ	22. ब	23. अ	24. द
25. स	26. स	27. ब	28. द
29. स	30. द	31. अ	32. स
33. ब	34. स	35. अ	36. ब
37. ब	38. स	39. द	

व्याख्यात्मक हल

2. स. केन्द्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 21 जून, 2020 को छठे 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की थीम Yoga at Home and Yoga with Family पर करोड़ों भारतीयों ने अपने-अपने घर पर रहकर ही योगाभ्यास किया।

3. ब. 17 जुलाई 2020 को समाप्त सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार ने 517.63 अरब डॉलर के स्तर को पार कर लिया है।

10. ब. म.प्र. में सबसे बड़ा सोलर एनर्जी प्लांट रीवा जिले की गुढ़ तहसील में स्थापित किया गया है। इस प्लांट से बनने वाली बिजली दिल्ली मेट्रो को सप्लाई की जा रही है।

25. स. यह निर्णय 3 माह में लागू होंगे, 10 लाख सरकारी बैंक कर्मियों को लाभ होगा।

26. स. भारत में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को मनाया जाता है।

28. द. प्रायः रविवार को आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' का प्रसारण होता है।

31. अ. स्वीडन किंग कार्ल गुस्ताफ ने राजघराने के खर्च में कटौती करने हेतु अपने 5 पौत्र एवं पौत्रियों को राजघराने से अलग कर दिया है।

37. ब. ट्यूलिप का पूर्ण रूप है - दी अर्बन लर्निन्ग इंटर्नशिप प्रोग्राम।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन के सहायक प्राध्यापक हैं।)

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर
गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर
E-mail ID : eepwdwest@mp.nic.in, Phone no. : 0731-2491825
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 03/सा/40/निविदा/2020-21 **इंदौर, दिनांक : 09.09.2020**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती है, उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

कार्य का नाम :- रामकोला से धाचरिया मार्ग लंबाई 6.29 कि.मी. का निर्माण कार्य (पांचवा आमंत्रण)

क्र.	पोर्टल क्रमांक	जिला	अनु. राशि (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि
1.	2020_PWDRB_106203_1	बड़वानी	555.16	555160/-	20,000/-	12 माह वर्षाकाल सहित

कार्य का नाम :- सुन्देल से साला मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 5.80 कि.मी. (तृतीय आमंत्रण)

2.	2020_PWDRB_106205_1	धार	528.34	528340/-	20,000/-	12 माह वर्षाकाल सहित

कार्य का नाम :- हवा बंगला केट रोड मार्ग का टू-लेन से फोर-लेन का उन्नयन कार्य लंबाई 5.60 कि.मी. (प्रथम आमंत्रण)

3.	2020_PWDRB_106207_1	इन्दौर	916.25	916250/-	20,000/-	12 माह वर्षाकाल सहित

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय **दिनांक 21.09.2020 सायं 17:30 तक** निर्धारित है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती है।
निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो उसे समाचार प्रत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।
मूल अमानत राशि, मूल शपथपत्र एवं अन्य निविदा में उल्लेखित अन्य दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक/निविदाकार के स्वयं के हस्ते दिनांक 22.09.2020 सायं 17:30 बजे तक ही स्वीकार किये जावेंगे। डाक विभाग से होने वाली किसी भी देरी के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं रहेगा।
जी-14083/44378/2020 **मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. पश्चिम परिक्षेत्र, इंदौर**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) के अध्यक्ष कौन हैं?
A. मनोज आहूजा
B. अनीता कारवाल
C. लव अग्रवाल
D. अनुराग त्रिपाठी
उत्तर- A. मनोज आहूजा

2. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का महानिदेशक कौन है?
A. राकेश सरवाल
B. राजेंद्र कुमार
C. वी. विद्यावती
D. वसुधा मिश्रा
उत्तर- C. वी. विद्यावती

3. 'HOPE' पोर्टल किस राज्य द्वारा लॉन्च किया गया है?
A. मध्यप्रदेश
B. उत्तरप्रदेश
C. उत्तराखंड
D. हिमाचल प्रदेश
उत्तर- C. उत्तराखंड

4. वर्ष 2020 में वाइस एडमिरल जी.एम. हीरानंदानी मेमोरियल रोलिंग ट्रॉफी से किसे सम्मानित किया गया है?
A. लेफ्टिनेंट कमांडर अक्षय कुमार
B. लेफ्टिनेंट कमांडर मोहित कुमार
C. एडमिरल करमवीर सिंह
D. लेफ्टिनेंट जनरल अनूप बनर्जी
उत्तर- A. लेफ्टिनेंट कमांडर अक्षय कुमार

5. 'IFeel-You' ब्रेसलेट किस देश के द्वारा विकसित किया गया है?
A. भारत
B. फ्रांस
C. इटली
D. जर्मनी
उत्तर- C. इटली

6. ई-गवर्नेंस प्लेटफॉर्म "समर्थ" किस मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया है?
A. मानव संसाधन विकास मंत्रालय
B. गृह मंत्रालय
C. रक्षा मंत्रालय
D. कृषि मंत्रालय
उत्तर- A. मानव संसाधन विकास मंत्रालय

7. अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस कब मनाया जाता है?
A. 11 जून
B. 15 मई
C. 17 जुलाई
D. 8 अगस्त
उत्तर- B. 15 मई

8. 'गोल' कार्यक्रम किसके लिए शुरू किया गया है?
A. आदिवासी युवा
B. कश्मीरी युवा
C. पूर्वोत्तर क्षेत्र के युवा
D. तटीय क्षेत्र के युवा
उत्तर- A. आदिवासी युवा

9. G-20 समूह का वर्तमान अध्यक्ष कौन-सा देश है?
A. भारत
B. जर्मनी
C. सऊदी अरब
D. कनाडा
उत्तर- C. सऊदी अरब

10. अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2020 की थीम क्या थी?
A. Museums for Equality: Diversity and Inclusion
B. Museum for All
C. Museum and memory
D. Muscums for social harmony
उत्तर- A. Museums for Equality: Diversity and Inclusion

11. 36वें संविधान संशोधन अधिनियम (1975) के प्रभावी होने के बाद कौन भारतीय संघ का पूर्ण राज्य बना?
A. सिक्किम
B. असम
C. मेघालय
D. त्रिपुरा
उत्तर- A. सिक्किम

12. 'वुहान डायरी: डिस्पैचेज फ्रॉम ए क्वारंटाइन्ड सिटी' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
A. फांग फांग
B. मून जेई
C. ताई यंग
D. ली क्विंग
उत्तर- A. फांग फांग

13. इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने किसके साथ मिलकर सरकार बनाई है?
A. बेनी गांट्ज
B. रेवेन रिवलिन
C. सिल्वन शेलम
D. रफी पेरेत्ज
उत्तर- A. बेनी गांट्ज

14. विश्व मधुमक्खी दिवस कब मनाया जाता है?
A. 20 मई
B. 18 जून
C. 21 जुलाई
D. 25 मई
उत्तर- A. 20 मई

15. 'SUKOON - COVID-19 Beat the Stress' कार्यक्रम किस प्रदेश द्वारा शुरू किया गया है?
A. जम्मू-कश्मीर
B. हिमाचल प्रदेश
C. पंजाब
D. लद्दाख
उत्तर- A. जम्मू-कश्मीर

16. ताइवान के राष्ट्रपति का क्या नाम है?
A. च्यांग काई शेक
B. डॉ. सनयात सेन
C. वेई फेंगहे
D. त्साई इंग-वेन
उत्तर- D. त्साई इंग-वेन

17. ऑनलाइन एम.ए. (हिंदी) कार्यक्रम किसके द्वारा शुरू किया गया है?
A. अटल विहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय
B. महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
C. इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी
D. मध्यप्रदेश भोज यूनिवर्सिटी
उत्तर- C. इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी

18. वर्ल्ड बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री कौन हैं?
A. कारमेन रेनहार्ट
B. ऑलिवर हार्ट
C. बेंग्ट होल्मस्ट्रॉम
D. एस्थर डफ्लो
उत्तर- A. कारमेन रेनहार्ट

19. केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन किसके स्थान पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं?
A. टेड्रोस एडनम घेब्रेसियस
B. हीरोकि नाकातानी
C. माइक रेयान
D. प्रोफेसर करोल सिकोरा
उत्तर- B. हीरोकि नाकातानी

20. विश्व बैंक ने दक्षिण एशिया में जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन पर कार्यविधि प्रबंधक किसे नियुक्त किया है?
A. गीता गोपीनाथ
B. आभास झा
C. प्रणव सेन
D. दीपक नैयर
उत्तर- B. आभास झा

21. एमएसएमई क्षेत्र के लिये 'रीस्टार्ट' कार्यक्रम किस राज्य में शुरू किया गया है?
A. तमिलनाडु
B. कर्नाटक
C. केरल
D. आंध्रप्रदेश
उत्तर- D. आंध्रप्रदेश

22. नाइजर में भारत का राजदूत किसे नियुक्त किया गया है?
A. प्रेम के. नायर
B. राजेश अग्रवाल
C. सैयद अकबरुद्दीन
D. हर्षवर्धन पाटिल
उत्तर- A. प्रेम के. नायर

23. इन्वेंटर ऑफ द ईयर-2020 अवॉर्ड किसे दिया गया है?
A. सुंदर पिचई
B. राजीव जोशी
C. राकेश कपूर
D. विशाल सिक्का
उत्तर- B. राजीव जोशी

24. संयुक्त राष्ट्र (UN) मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड-2019 से किसे सम्मानित किया गया है?
A. लेफ्टिनेंट भावना कस्तूरी
B. लेफ्टिनेंट कर्नल अनुवंदना जग्गी
C. लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी
D. मेजर सुमन गवानी
उत्तर- D. मेजर सुमन गवानी

25. 'The Ickabog' किसके द्वारा लिखी गई है?
A. जे.के. रोलिंग
B. चेतन भगत
C. अभिनव भट्टाचार्या
D. अरुंधति रॉय
उत्तर- A. जे.के. रोलिंग

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मध्यप्रदेश को .....

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'रोटी बनाओ-कंडा थापो की जगह बेटा-बेटी बराबर मानो' की सोच स्थापित करने और बेटियों के प्रति समाज की मानसिकता बदलने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना आरंभ की गयी थी। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि जिन बेटियों को मैंने गोद में लेकर एनएससी दी वे आज 9वीं-10वीं कक्षा में पढ़ रही हैं और डॉक्टर व कलेक्टर बनने का सपना देख रही हैं। बेटियों को बराबरी के अवसर उपलब्ध कराने के लिये हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से उनके जन्म से लेकर रोज़गार और विवाह तक हर स्तर पर उनकी सहायता व कल्याण के लिये योजनाएं संचालित की गयी हैं।

आठ लाख बच्चों को मिलेगा दूध

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 8 लाख कुपोषित अथवा कम पोषित बच्चों के लिए मीठे दूध पाउडर का वितरण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से आरंभ किया जा रहा है। प्रतिदिन दूध के सेवन से यह कुपोषित बच्चे जल्द ही सुपोषित होंगे।

प्री-प्रायमरी एजुकेशन की जिम्मेदारी अब आंगनवाड़ियों को

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत 6 साल तक के बच्चों की प्री-प्रायमरी एजुकेशन की जिम्मेदारी अब आंगनवाड़ियों को सौंपी जा रही है।

पोषण आहार का पैकेट खिलाती भी हो या पटक देती हो

श्री चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से भी बात की। मुख्यमंत्री ने ग्वालियर जिले के डबरा विकासखंड की ग्राम पंचायत सहोना के आंगनवाड़ी जाने वाले बालक श्री बलदेव यादव की मां श्रीमती पूजा यादव से बात की। मुख्यमंत्री ने श्रीमती पूजा यादव से पूछा कि आंगनवाड़ी समय पर खुलती है या नहीं। उन्होंने यह भी पूछा कि आंगनवाड़ी से पोषण आहार का जो पैकेट मिलता है, वो बलदेव को खिलाती भी हो या कहीं पटक देती हो। उन्होंने कहा कि बच्चे के खान-पान में पोषण का ध्यान जरूरी है। मुख्यमंत्री ने पूजा सहित सभी बहनों को बच्चों का टीकाकरण समय पर कराने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य के लिए यह जरूरी है।

कोदो कुटकी की पहचान देश-दुनिया में बना दी

श्री चौहान ने तेजस्विनी समूह की श्रीमती रेखा पन्द्राम से कहा कि तुमने तो कोदो कुटकी की पहचान देश-दुनिया में बना दी। डिंडौरी के स्व-सहायता समूह से बातचीत के दौरान श्रीमती रेखा पन्द्राम ने बताया कि कोदो कुटकी से बनी बर्फी, बिस्किट आदि की बिक्री मध्यप्रदेश पर्यटन के माध्यम से हो रही है। एक यूनिट को एक माह में 20 से 25 हजार रुपये का शुद्ध लाभ होता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अन्य स्व-सहायता समूहों को इससे प्रेरणा लेकर स्थानीय खाद्य सामग्री से पौष्टिक आहार बनाने के लिए पहल करने को कहा।

मध्यप्रदेश में .....

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बाबा महाकाल की नगरी से किसानों को बीमा राशि की सौगात दी जा रही है। कोरोना संकट के कारण प्रभावित हुई अर्थव्यवस्था के बावजूद भी किसानों के हित में किसी भी तरह की कोई बाधा नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के चलते कारखाने और उद्योग-धंधे बन्द हो गये। टैक्स आना बन्द हो गया, फिर भी हमने ढाई सौ करोड़ रुपये का प्रीमियम किसानों का भरा। किसानों की जिन्दगी को पटरी से उतरने नहीं दिया। सहकारी बैंक का 1500 करोड़ रुपये भर रहे हैं। इसके साथ ही भावांतर के 470 करोड़ रुपये भी हम देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने किसानों का एक करोड़ 29 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा। गेहूं खरीदी में हमने पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ दिया। 25 हजार करोड़ रुपये की राशि किसानों के खाते में हस्तांतरित की। पूर्व में 13 क्विंटल चना खरीदी की ही अनुमति थी। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर से बात कर इसे 20 क्विंटल तक बढ़ाया। उपार्जन की राशि 30 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में डाली। पूर्व में प्रधानमंत्री सम्मान निधि का लाभ 35 लाख किसानों को मिलता था, जिसे हमने बढ़ाकर 77 लाख तक कर दिया है।

अब हर किसान को मिलेगा किसान क्रेडिट कार्ड

मुख्यमंत्री ने बताया कि अब कोई भी किसान क्रेडिट कार्ड से वंचित नहीं रहेगा। दूध उत्पादक कृषकों के भी किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जायेंगे। यदि कोई व्यक्ति गोवंश के लिये ऋण लेता है तो उसे जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र का सर्वे कर ग्रामीण व्यक्तियों को भू-अधिकार दिया जायेगा। वह अपने घर के माध्यम से ऋण ले सकेगा। श्री चौहान ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में 13 हजार लोगों की जान बचाई गई और फसल नुकसान का सर्वे किया गया। उन्होंने कहा कि सोयाबीन, उड़द एवं मक्का की फसल में जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई की जायेगी, चाहे इसके लिये कहीं से भी उधारी लेनी पड़े।

एक हजार जलवायु आधारित गांव बनाये जायेंगे

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में एक हजार जलवायु आधारित गांव बनाये जायेंगे। गांवों में कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापित किया जायेगा। अब किसानों से ही कच्चे माल का फूड प्रोसेसिंग करवायेंगे। इससे लोगों को रोज़गार मिलेगा। तीन हजार हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जायेगा। चिन्नौर का धावल एवं गाडरवाड़ा की दाल को जियो टैग दिलवायेंगे। एक जिला एक पहचान के तहत उस जिले की उद्यानिकी फसल को पहचान दिलाई जायेगी।

अन्न हर व्यक्ति .....

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल शिक्षा के स्तर पर उनकी फीस तो सरकार भरती ही है अब उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरेगी। इसके अलावा प्रदेश की सभी गरीब जरूरतमंद महिलाओं को गैस चूल्हा भी मिलेगा। यह ही नहीं हर व्यक्ति को पीने का साफ पानी और सभी को पक्का मकान भी देंगे। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में रोज़गार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसके साथ ही शासकीय नौकरियों में भी भर्ती खुलने से युवाओं को रोज़गार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 37 लाख नवीन उपभोक्ताओं में से 25 लाख को लाभान्वित करने के पश्चात शेष चिन्हित 12 लाख उपभोक्ताओं सहित करीब 1.66 लाख ऑटो रिक्शा चालकों को भी राशन देने के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश सभी जिलों के कलेक्टरों को दिए।

कोरोना महामारी में समर्पित सेवा कर रहे जूनियर डॉक्टर्स के हित संरक्षण में निर्णय

भोपाल, मध्यप्रदेश के शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (डिग्री/डिप्लोमा) मेडीसिन, एनेस्थेसिया एवं पल्मनरी मेडीसिन के उत्तीर्ण विद्यार्थियों की सेवाएं अस्थायी रूप से पी.जी.एम.ओ. के रूप में कोविड-19 के कार्य के लिए सेवाएं ली गई हैं। कोरोना काल में ली गई सेवा अवधि के कार्य को उनके द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के बाद की जाने वाली अनिवार्य ग्रामीण सेवा की अवधि में विकलनीय किए जाने का निर्णय लिया गया है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कोविड-19 महामारी में समर्पित सेवाएं प्रदान कर रहे जूनियर डॉक्टर के हितों को संरक्षित करने के लिए यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जूनियर डॉक्टरों की अन्य मांगों को भी निश्चित समय-सीमा में निराकृत करने की भी कार्यवाही की जाएगी।

श्री सारंग ने कोविड-19 ड्यूटी में पी.जी.एम.ओ. के रूप में सेवाएं प्रदान करने वाले जूनियर डॉक्टर की सेवा अवधि को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा स्वीकृत मानदेय पर 3 माह के लिए बढ़ाये जाने का भी निर्णय लिया गया है। चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के छात्र/छात्राओं को डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम के बाद एक वर्ष की अनिवार्य ग्रामीण सेवा किए जाने का प्रावधान है। इस निर्णय के बाद कोविड-19 महामारी में पी.जी.एम.ओ. के रूप में समर्पित सेवाएं प्रदान करने वाले स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को लाभ मिल सकेगा।

खेल चर्चा

ज्यूड बने डॉर्टमंड के सबसे युवा गोल स्कोरर

म्यूनिख, इंग्लैंड के नवोदित फुटबॉलर ज्यूड बेलिंघम ने इतिहास रच दिया है। ज्यूड जर्मन फुटबॉल क्लब बोरूसिया डॉर्टमंड के इतिहास के सबसे युवा गोल स्कोरर बन गये हैं। ज्यूड ने जर्मन कप में बोरूसिया डॉर्टमंड के लिये खेलते हुये ड्यूसबर्ग के खिलाफ गोल कर यह उपलब्धि हासिल की। यह क्लब के लिये उनका पहला मैच था। ज्यूड ने 17 वर्ष 77 दिन की आयु में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले यह रिकॉर्ड तुर्की के नूरी साहिन (17 वर्ष 82 दिन) के नाम दर्ज था। इस मैच में डॉर्टमंड ने ड्यूसबर्ग को 5-0 से हराया। डॉर्टमंड के लिये ज्यूड के अलावा मार्को रीस, थॉर्गन हैजार्ड, जियोवन्नी रेयना और सैंचो ने भी गोल किये।

मरे को फ्रैंच ओपन में मिला वाइल्ड कार्ड प्रवेश

लंदन, ब्रिटेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे को फ्रैंच ओपन में वाइल्ड कार्ड प्रवेश दिया गया है। मरे के अलावा सात अन्य खिलाड़ियों को भी वाइल्ड कार्ड प्रवेश मिला है। इनमें महिला खिलाड़ी युजिनी बुचार्ड और स्वेताना पिरोंकोवा भी शामिल हैं। मरे को यूएस ओपन में भी वाइल्ड कार्ड प्रवेश मिला था, लेकिन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में मरे कनाडा के फेलिक्स ऑगर एलियासेम के हाथों हार गये थे। मरे कूल्हे की चोट के कारण वर्ष 2018 और 2019 में फ्रैंच ओपन नहीं खेल पाये थे। मरे वर्ष 2016 में फ्रैंच ओपन के फाइनल में पहुंचे थे, लेकिन फाइनल में उन्हें नोवाक जोकोविच के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

इटैलियन ओपन से सेरेना ने वापस लिया नाम

न्यूयॉर्क, अमेरिका की अनुभवी महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हटने का फैसला लिया है। सेरेना ने टखने की चोट की वजह से अपना नाम वापस लिया है। सेरेना यूएस ओपन के सेमीफाइनल में विक्टोरिया अजारेंका के खिलाफ मुकाबले के दौरान चोट से परेशान रहीं। मैच के तीसरे सेट के दौरान सेरेना ने मेडिकल टाइम आउट भी लिया था। उल्लेखनीय है कि सेरेना चार बार इटैलियन ओपन का खिताब जीत चुकी हैं। सेरेना ने वर्ष 2002, 2013, 2014 और 2016 में ये खिताब जीता है।

थॉमस और उबेर कप अगले वर्ष तक के लिये स्थगित

क्वालालंपुर, विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने थॉमस और उबेर कप को अगले वर्ष तक के लिये स्थगित कर दिया है। बीडब्ल्यूएफ ने यह निर्णय कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों को देखते हुये लिया है। कोरोना महामारी के कारण थाईलैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीनी ताइपे, इंडोनेशिया और दक्षिण कोरिया ने इन टूर्नामेंट्स से नाम वापस ले लिया था, इसके बाद बीडब्ल्यूएफ ने आपात वर्चुअल बैठक बुलाकर इस पर निर्णय लिया। बीडब्ल्यूएफ ने कहा कि संशोधित कार्यक्रम के तहत वर्ष 2021 से पहले वैकल्पिक कार्यक्रम बनाना संभव नहीं है, इसलिये इन टूर्नामेंट्स को स्थगित किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष थॉमस और उबेर कप का आयोजन डेनमार्क में होना था।

यूएस ओपन

थिएम बने चैंपियन

- डोमिनिक थिएम ने पहली बार ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है।
- थिएम यूएस ओपन जीतने वाले पहले ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं।
- थिएम शुरुआती दो सेट हारने के बाद ग्रैंडस्लैम जीतने वाले विश्व के पांचवें खिलाड़ी बन गये हैं।
- इस वर्ष थिएम ऑस्ट्रेलियन ओपन के फायनल में पहुंचे थे। फाइनल में उन्हें नोवाक जोकोविच के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।
- नाओमी ओसाका ने तीसरी बार ग्रैंड स्लैम तथा दूसरी बार यूएस ओपन जीता है। ओसाका अब तक तीन बार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं और तीनों बार चैंपियन बनी हैं।

न्यूयॉर्क, ऑस्ट्रिया के युवा खिलाड़ी डोमिनिक थिएम यूएस ओपन ग्रैंडस्लैम के नये चैंपियन बन गये हैं। विश्व के नंबर तीन पुरुष खिलाड़ी थिएम ने टूर्नामेंट के फाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 2-6, 4-6, 6-4, 6-3, 7-6 (6) से हराया।

रोमांचक रहा फाइनल मुकाबला

राफेल नडाल, रोजर फेडरर और एंडी मरे जैसे स्टार खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद टूर्नामेंट काफी रोमांचक रहा। टूर्नामेंट के फाइनल मैच को दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल से रोमांच के चरम पर पहुंचा दिया। मैच के पहले दो सेट जीत ज्वेरेव ने थिएम को दबाव में ला दिया, लेकिन थिएम ने तीसरे और चौथे सेट में ज्वेरेव पर तीखा पलटवार कर मैच में बराबरी हासिल की। मैच के पांचवें सेट में दोनों खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। पांचवां सेट बराबरी पर रहने के बाद मैच का फैसला टाइब्रेकर से हुआ। टाईब्रेकर में थिएम ने ज्वेरेव को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

हार को जीत में किया तब्दील

पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम का फाइनल मुकाबला खेल रहे ज्वेरेव ने मैच की शुरुआत में अपनी पूरी ताकत लगाकर 2-0 की अहम बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन थिएम ने अपने अनुभव से अपनी निश्चित हार को जीत में तब्दील कर सभी को हैरान कर दिया। थिएम ने जीत के बाद कहा कि मैं और ज्वेरेव कई वर्षों से एक साथ खेल रहे हैं। हम एक-दूसरे के खेल से परिचित हैं। टूर्नामेंट का सफर शानदार रहा। हम दोनों ही खिताब के हकदार हैं। काश टूर्नामेंट के दो विजेता होते।

महिला एकल में ओसाका बनीं चैंपियन

यूएस ओपन के महिला एकल वर्ग का खिताब जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने अपने नाम किया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में ओसाका ने बेलारूस की विक्टोरिया अजारेंका को 1-6, 6-3, 6-3 से हराया। फाइनल मुकाबले में पहले सेट में अजारेंका ने ओसाका को पूरी तरह पछाड़ते हुये आसानी से जीत दर्ज की। ओसाका ने पूरी ताकत के साथ पलटवार किया और 6-3 से दूसरा सेट जीता। तीसरे सेट में अजारेंका, ओसाका के सामने मजबूत चुनौती पेश नहीं कर सकीं।

इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया वन-डे सीरीज

मैक्सवेल और कैरी के शतक से ऑस्ट्रेलिया ने जीती सीरीज

मैनचेस्टर, ऑस्ट्रेलिया ने ग्लैन मैक्सवेल और एलेक्स कैरी की शानदार बल्लेबाजी के दम पर इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की वन-डे सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया है। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरा मैच 3 विकेट से जीता है।

मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड को मिशेल स्टार्क ने शुरुआत में ही झकझोर दिया। स्टार्क ने मैच की पहली गेंद पर जेसन रॉय तथा दूसरी गेंद पर जो रूट को आउट किया। इसके बाद इंग्लैंड ने संभलकर बल्लेबाजी की। इंग्लैंड ने जॉनी बेयरस्टो (112), सैम बिलिंग्स (57) और क्रिस वोक्स (53) की शानदार पारियों की बदौलत निर्धारित 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 302 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया के लिये मिशेल स्टार्क और एडम जंपा ने 3-3 तथा पैट कमिंस ने 1 विकेट लिये।

विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शुरुआत में तेजी से रन बनाने की कोशिश में जल्दी विकेट गवां दिये। ऑस्ट्रेलियाई टीम 73 रन पर 5 विकेट गवांकर मुश्किल में फंस गई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लैन मैक्सवेल ने तेज बल्लेबाजी की और विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के साथ छठवें विकेट के लिये 213 रनों की साझेदारी की।

मैक्सवेल ने 90 गेंदों में 108 रन तथा कैरी ने 114 गेंदों में 106 रन बनाये। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने आखिरी ओवर में 3 विकेट शेष रहते जीत दर्ज की। इस सीरीज का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने 19 रन से तथा दूसरा मैच इंग्लैंड ने 24 रन से जीता है।

आईसीसी ने यूएई के दो खिलाड़ियों पर लगाया प्रतिबंध

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) क्रिकेट टीम के दो खिलाड़ियों को भ्रष्टाचार और मैच फिक्सिंग के आरोप के तहत निलंबित किया है। आईसीसी ने कहा कि यूएई क्रिकेट टीम के अशफाक अहमद और आमिर हयात को भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन का दोषी मानते हुये तत्काल प्रभाव से अस्थाई तौर पर निलंबित किया गया है। आईसीसी इन दोनों खिलाड़ियों को भ्रष्टाचार के पांच मामलों में दोषी पाया है। इन दोनों खिलाड़ियों पर रिश्वत लेकर खराब प्रदर्शन करने तथा मैच फिक्स करवाने की कोशिश करने का आरोप है। इन दोनों खिलाड़ियों के पास आरोपों का जवाब देने के लिये 13 सितम्बर से 14 दिन का समय होगा। अशफाक यूएई के लिये 16 वन-डे और 12 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं, वहीं हयात ने यूएई के लिये 9 वन-डे और 4 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं।

जोंटी रोड्स बने स्वीडन के मुख्य कोच

स्टॉकहोम, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स को स्वीडन क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। स्वीडिश क्रिकेट एसोसिएशन के स्पोर्ट्स डायरेक्टर बेन हेरेडाइन ने कहा कि हमारा फोकस युथ क्रिकेट को बढ़ावा देने पर है। उन्होंने कहा कि रोड्स स्वीडिश क्रिकेट को आगे ले जाने में सक्षम हैं। रोड्स अभी आईपीएल की टीम किंग्स इलेवन पंजाब के फील्डिंग कोच हैं। रोड्स आईपीएल खत्म होने के बाद स्वीडन रवाना होंगे। रोड्स 17 वर्ष पहले क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन आज भी उन्हें विश्व का अब तक का सर्वश्रेष्ठ फील्डर माना जाता है।

उल्लेखनीय है कि आईसीसी ने क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिये कई देशों को एसोसिएट सदस्य के रूप में मान्यता दी है। स्वीडन को भी वर्ष 2017 में बतौर एसोसिएट सदस्य मान्यता मिली थी।

पाकिस्तान ने बायो सिक्योर बबल बनाने के लिये इंग्लैंड से मांगी मदद

कराची, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ खेली जाने वाली ट्वेंटी-20 और वन-डे सीरीज के लिये जैविक रूप से सुरक्षित बायो बबल तैयार करने के लिये इंग्लैंड से मदद मांगी है। पीसीबी ने कहा कि जिम्बाब्वे की क्रिकेट टीम 20 अक्टूबर को पाकिस्तान आयेगी। पाकिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच ट्वेंटी-20 और वन-डे सीरीज के मैच मुल्तान और रावलपिंडी में खेले जाने की संभावना है। पीसीबी ने कहा कि इन दोनों स्थानों पर सीरीज जैविक रूप से सुरक्षित माहौल में होगी।

स्टाफ में कमी कर सकता है ईसीबी

लंदन, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) कोरोना महामारी के कारण हुये 10 करोड़ पौंड (लगभग 9.50 अरब रुपये) के नुकसान के चलते अपने स्टाफ में कमी कर सकता है। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने बजट की व्यापक समीक्षा करने के बाद कहा कि अगर कोरोना महामारी का प्रकोप अगले साल भी जारी रहा तो यह राशि 20 करोड़ पौंड तक बढ़ सकती है। हैरिसन ने बोर्ड के कार्यबल (स्टाफ) बजट में 20 प्रतिशत की कमी का प्रस्ताव रखा है। उल्लेखनीय है कि ईसीबी यदि स्टाफ में कमी करता है, तो यह कदम उठाने वाला वो दूसरा क्रिकेट बोर्ड होगा। इससे पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) भी अपने स्टाफ में कमी कर चुका है।

लियोनेल मेसी

दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले फुटबॉलर बने

बार्सिलोना, विश्व की लोकप्रिय पत्रिका फोर्ब्स ने इस वर्ष सबसे ज्यादा कमाई करने वाले फुटबॉलरों की एक सूची जारी की है। सूची में अर्जेंटीना के कप्तान तथा बार्सिलोना फुटबॉल क्लब के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने शीर्ष स्थान हासिल किया है।

फोर्ब्स के अनुसार मेसी ने वर्ष 2020 में सबसे ज्यादा कमाई की है। इस वर्ष मेसी ने 126 मिलियन डॉलर (लगभग 927.5 करोड़ रुपये) कमाये हैं। कमाई के मामले में मेसी के चिर प्रतिद्वंद्वी पुर्तगाली स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो उनसे एक कदम पीछे हैं। फोर्ब्स के अनुसार मेसी ने 677 करोड़ रुपये वेतन के रूप में तथा 250 करोड़ रुपये ब्रांड एंडोर्समेंट के रूप में कमाये हैं। फोर्ब्स के अनुसार मेसी की कमाई पिछले

वर्ष की तुलना में कम हुई है। पिछली बार मेसी के 934 करोड़ रुपये थे। इसके बावजूद मेसी ने शीर्ष स्थान कायम रखा है, वहीं रोनाल्डो ने पिछले वर्ष (802 करोड़ रुपये) की तुलना में इस वर्ष (861 करोड़ रुपये) ज्यादा कमाये हैं।

उल्लेखनीय है कि फोर्ब्स पत्रिका प्रत्येक वर्ष हर क्षेत्र में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले लोगों की सूची जारी करती है। फोर्ब्स ने इसी आधार पर फुटबॉलर्स की सूची जारी की है।

- फोर्ब्स की सूची में लियोनेल मेसी पहले, क्रिस्टियानो रोनाल्डो दूसरे, नेमार जूनियर तीसरे, किलियन एमबाप्पे चौथे, मोहम्मद सालेह पांचवें स्थान पर हैं।
- टॉप-10 सूची में पॉल पोग्बा, एंटोनिए ग्रिजमैन, रॉबर्ट लेवानडोवस्की, गैरेथ वेल और डेविड डि गिया को भी जगह मिली है।
- सूची में फुटबॉलर्स की कमाई में वेतन और ब्रांड एंडोर्समेंट को शामिल किया गया है।

वन-डे रैंकिंग में विराट कोहली शीर्ष पर कायम

दुबई, भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने वन-डे में अपना रुतबा बरकरार रखा है। आईसीसी द्वारा जारी वन-डे बल्लेबाज रैंकिंग में विराट पहले स्थान पर काबिज हैं। रैंकिंग में भारत के उपकप्तान रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। रैंकिंग में विराट के 871 तथा रोहित के 855 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वन-डे सीरीज में शानदार बल्लेबाजी करने वाले इंग्लिश खिलाड़ी जॉन बेयरस्टो की टॉप-10 में वापसी हुई है। बेयरस्टो वन-डे बल्लेबाज रैंकिंग में 754 अंकों के साथ दसवें स्थान पर पहुंच गये हैं। रैंकिंग में बाबर आजम तीसरे, रॉस टेलर चौथे, फाफ डू प्लेसिस पांचवें, केन विलियमसन छठवें, एरॉन फिंच सातवें, डेविड वॉर्नर आठवें तथा क्विंटन डिकॉक नौवें स्थान पर काबिज हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सामयिकी

भारत बना सीएसडब्ल्यू का सदस्य

भारत को यूनाइटेड नेशन की आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) के कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ वूमेन (सीएसडब्ल्यू) के सदस्य के रूप में चुना गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने ट्वीट करके इस बात की जानकारी दी है।

कमीशन ऑन स्टेटस ऑफ वूमेन के चुनाव में भारत के अलावा अफगानिस्तान और चीन ने भी भाग लिया था।

इस चुनाव में भारत और अफगानिस्तान के पक्ष में 54 सदस्यों ने वोट किया। वहीं, चीन आधे वोट भी नहीं जुटा पाया और भारत चुनाव जीतकर ECOSOC का सदस्य बन गया।

■ पेट्रोलियम क्षेत्र से जुड़ी तीन प्रमुख परियोजनाएं ■

प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित

- **बांका और चंपारण में दो नये बॉटलिंग प्लांट शुरू।**
- **संयंत्रों में हर साल 125 मिलियन से अधिक सिलेंडर भरने की है क्षमता।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में पेट्रोलियम क्षेत्र से जुड़ी तीन प्रमुख परियोजनाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश को समर्पित किया। परियोजनाओं में पारादीप-हल्दिया-दुर्गापुर पाइप लाइन विस्तार परियोजना का दुर्गापुर-बांका खंड और दो एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र शामिल हैं। उन्हें पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तत्वावधान में इंडियन ऑयल और एचपीसीएल, पीएसयू द्वारा अधिकृत किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गैस आधारित उद्योग और पेट्रो-कनेक्टिविटी का लोगों के जीवन पर और जीवन स्तर पर सीधा प्रभाव पड़ता है तथा लाखों नये रोज़गार के अवसर भी पैदा होते हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले बिहार के लिये घोषित विशेष पैकेज ने राज्य के बुनियादी ढांचे पर ध्यान केन्द्रित किया। उन्होंने कहा कि बिहार के लिये दिये गये विशेष पैकेज में पेट्रोलियम और गैस से संबंधित 21 हजार करोड़ रुपये की 10 बड़ी परियोजनाएं थीं। इनमें से आज यह सातवीं परियोजना है, जो बिहार के लोगों को समर्पित की जा रही है। उन्होंने अन्य छह परियोजनाओं की भी सूची दी जो बिहार में पहले पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने

प्रसन्नता व्यक्त की कि वह एक महत्वपूर्ण गैस पाइपलाइन परियोजना दुर्गापुर-बांका खंड का उद्घाटन कर रहे हैं, जिसकी उन्होंने लगभग डेढ़ साल पहले आधारशिला रखी थी। चुनौतीपूर्ण इलाका होने के बावजूद इस परियोजना को समय पर पूरा करने के लिये उन्होंने इंजीनियरों और मजदूरों की कड़ी मेहनत और राज्य सरकार की सक्रिय सहायता की सराहना की।

"नमामि गंगे" और "अमृत योजना" से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन

एक अन्य कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में 'नमामि गंगे' और 'अमृत योजना' से

- **जल आपूर्ति, सीवरेज ट्रीटमेंट व रिवर फ्रंट डेवलपमेंट से जुड़ी 541 करोड़ रुपये की 7 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास।**

जुड़ी चार विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें पटना सिटी के बेउर और करम-लीचक में जल-मल शोधन संयंत्र के साथ ही अमृत योजना के तहत सिवान और छपरा में जलापूर्ति से संबंधित परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने मुंगेर और जमालपुर में जलापूर्ति योजनाओं और मुजफ्फरपुर में नमामि गंगे योजना के तहत रिवर फ्रंट विकास परियोजना की आधारशिला भी रखी।

■ योशिहिदे सुगा ■

जापान के नये प्रधानमंत्री बने

योशिहिदे सुगा जापान के नये प्रधानमंत्री चुने गये हैं। पिछले आठ सालों में वे इस पद पर काबिज होने वाले पहले नेता हैं। उनसे पहले शिंजो आबे ने प्रधानमंत्री के रूप में जापान को अपनी सेवायें दीं। आबे ने स्वास्थ्य कारणों के चलते प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद सुगा को नया प्रधानमंत्री चुना गया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति पर सुगा को बधाई देते हुये एक ट्वीट में कहा, 'जापान के प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्ति पर महामहिम योशिहिदे सुगा को हार्दिक बधाई। आशा करता हूं कि हमारी विशिष्ट रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को हम संयुक्त रूप से नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगे।'

■ कृष्णा-गोदावरी बेसिन ■

मीथेन ईंधन का एक उत्कृष्ट स्त्रोत

- **केजी बेसिन के हाइड्रेट्स में बायोजेनिक मीथेन पीढ़ी की मौजूदगी की दर 0.031 मिली मोल्स मीथेन/ जीटीओसी/दिन होने की भविष्यवाणी की गई है।**
- **इसके परिणाम स्वरूप मीथेन की कुल जमा लगभग 0.56 से 7.68 मिलियन क्यूबिक फीट (टीसीएफ) है।**

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के एक स्वायत्त संस्थान आधारकर रिसर्च इंस्टीट्यूट (एआरआई) के शोधकर्ताओं द्वारा किये गये एक हालिया अध्ययन में यह पाया गया है कि कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन में जमा मीथेन हाइड्रेट जीव-जनित (बायोजेनिक) मूल के हैं। यह अध्ययन डीएसटी-एसईआरबी युवा वैज्ञानिक परियोजना के एक अंग के रूप में आयोजित किया गया था। बता दें कि मीथेन एक स्वच्छ एवं किफायती ईंधन है। अनुमान है कि एक घन मीटर मीथेन हाइड्रेट में 160-180 घन मीटर मीथेन होता है। अध्ययन में बताया गया है कि केजी बेसिन में मीथेन हाइड्रेट्स में मौजूद मीथेन का

सबसे कम अनुमान दुनिया भर में उपलब्ध तमाम जीवाश्म ईंधन भंडार का दोगुना है। मीथेन हाइड्रेट का निर्माण उस समय होता है जब महासागरों में उच्च दबाव एवं कम तापमान पर हाइड्रोजन-बॉन्डेड पानी और मीथेन गैस एक-दूसरे के संपर्क में आते हैं।

इस अध्ययन के प्रधान अन्वेषक डॉ. विक्रम बी लांजेकर ने कहा कि "कृष्णा-गोदावरी (केजी) बेसिन और अंडमान एवं महानदी के तट के पास बायोजेनिक मूल के मीथेन हाइड्रेट का भारी मात्रा में निक्षेपण संबद्ध मिथोजेनिक समुदाय के अध्ययन को जरूरी बनाता है।"

स्वदेशी उपकरण

रक्त प्रवाह को सहज करने में हो सकता है मददगार

भारत के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा उपकरण विकसित करने में सफलता प्राप्त की है जो रक्त प्रवाह को सहज करने में मददगार हो सकता है, जिससे डीवीटी (डीप वेन थ्रोमबोसिस) जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है। भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान श्री चित्रा तिरुनल चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेन्द्रम (एससीटीआईएमएसटी) के वैज्ञानिकों के एक दल ने डीवीटी निवारण हेतु इस उपकरण को विकसित किया है। इस अभियांत्रिकी दल में श्री जीथीन कृष्णन, श्री बीजू बेंजामिन और श्री कोरुथु पी वर्गीज़ शामिल थे।

ऐसे उपकरणों के आयात पर अब तक 2 से 5 लाख रुपए तक की लागत आती थी। देश में एससीटीआईएमएसटी द्वारा निर्मित इस उपकरण की बाजार में कीमत 1 लाख से भी कम होने की संभावना है। विकसित किया गया यह उपकरण पैरों की नसों को क्रम में सिकोड़ता और खोलता है, जिससे रक्त का संचार सामान्य गति से रक्त वाहिकाओं में प्रवाहित होने लगता है। इस प्रक्रिया में यह सुनिश्चित किया गया है कि उपकरण नसों को सिकोड़े, लेकिन रक्त वाहिकाओं पर इसका दबाव न पड़े।

राज्य स्टार्ट अप रैंकिंग-2019

गुजरात और अंडमान निकोबार द्वीप समूह ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन

वाणिज्य एवं उद्योग और रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल ने वर्चुअल समारोह के माध्यम से स्टार्टअप पारितंत्र के लिये समर्थन पर राज्यों की रैंकिंग के दूसरे संस्करण के परिणाम जारी किये। राज्य स्टार्टअप रैंकिंग फ्रेमवर्क 2019 में 7 व्यापक सुधार क्षेत्र हैं, जिसमें 30 कार्य बिंदु (एक्शन पॉइंट) हैं, इस प्रक्रिया में कुल 22 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों ने हिस्सा लिया। वर्ष 2019 की स्टार्ट अप रैंकिंग में गुजरात और केन्द्र शासित प्रदेश अंडमान निकोबार द्वीप समूह ने कारोबार करना सुगम बनाने, उत्पादकता बढ़ाने और प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने की दिशा में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। बिजनेस और फाइनेंस को आकर्षित करने के उद्देश्य से नूतन उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये राज्यों की स्टार्ट अप रैंकिंग में कर्नाटक और केरल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं स्टार्ट अप को प्रोत्साहन देने की दिशा में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, मिजोरम, तमिलनाडु, असम, दिल्ली, मध्यप्रदेश, सिक्किम और उत्तर प्रदेश उभरते हुये राज्य हैं।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की कोविड वैक्सीन का परीक्षण फिर से शुरू

एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित की जा रही कोविड वैक्सीन का नैदानिक परीक्षण कुछ समय तक स्थगित रहने के बाद ब्रिटेन में फिर शुरू हो गया है। औषधि स्वास्थ्य नियामक प्राधिकरण की ओर से परीक्षण के सुरक्षित होने की पुष्टि होने के बाद यह प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई है।

एस्ट्राजेनेका की ओर से ब्रिटेन में वैक्सीन का मानवीय परीक्षण दोबारा शुरू किये जाने के बाद सेरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कहा है कि वह औषधि नियामक संगठन से अनुमति मिलने के बाद भारत में परीक्षण फिर शुरू करेगा। बता दें कि

सेरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, निम्न और मध्यम आय वाले देशों के लिये ऑक्सफोर्ड कोविड-19 वैक्सीन विकसित करने में एस्ट्राजेनेका का साझीदार है।

गौरतलब है कि एक वॉलंटियर के बीमार पड़ जाने के कारण इस वैक्सीन का परीक्षण रोका गया था।

प्लास्टिक की बजाय हस्तनिर्मित कागज से पैकेजिंग कर रहा खादी ग्रामोद्योग

महज दो महीने पहले ई-कामर्स उद्योग के रूप में कार्य शुरू करने वाला खादी ग्रामोद्योग आयोग प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिये पहले दिन से ही हस्तनिर्मित कागज की पैकेजिंग सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है। तरल सामग्री को छोड़कर बाकी सभी वस्तुओं की पैकेजिंग के लिये हस्तनिर्मित कागज से बने लिफाफों, पैकेटों और डिब्बों का इस्तेमाल किया जाता है। पर्यावरण के लिये खतरा बने प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिये राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल के निर्देशों के मद्देनजर आयोग की यह पहल काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हाथ से बने कागज के थैलों और कार्टन बॉक्सों का इस्तेमाल कर केवीआईसी एक साथ दो उद्देश्य पूरे कर रहा है, पहला पर्यावरण संरक्षण और दूसरा रोज़गार सृजन। केवीआईसी इन पैकिंग मैटेरियलों का उत्पादन अपने जयपुर स्थित कुमारप्पा नेशनल हैंडमेड पेपर इंस्टीट्यूट में कर रहा है, जो अतिरिक्त रोज़गार सृजन कर रहा है।

नेपाल में भूस्खलन से 9 लोगों की मौत

नेपाल के सिंधुपाल चौक जिले में हुये एक बड़े भूस्खलन में नौ लोगों की मौत हो गई और लगभग 22 अन्य लापता बताये जा रहे हैं। तेज बारिश के दौरान यह हादसा हुआ। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के मुताबिक नागपूजे, भीरखारका और नेवारटोले गांवों में रात के लगभग ढ़ाई बजे यह दुर्घटना हुई।

जिला पुलिस प्रमुख राजन अधिकारी ने बताया कि सात शवों को मलबे से निकाल लिया गया है और दो शव भोतेकोशी और सुनकोशी नदियों से बरामद किये गये। नेपाल सेना पुलिस और सशस्त्र बलों का संयुक्त दल बचाव और राहत कार्य में लगा है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।